खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :$28^0$C
न्यूनतम : $23^0$C

देहरादून, शुक्रवार 5 सितम्बर 2025 देहरादून संस्करण: वर्ष 25 अंक 28 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com भाद्रपद शुक्ल पक्ष 11 विक्रमी सम्वत् 2082 12 रबी उल अव्वल1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित

## रोटी, परांठा, दूध, हेल्थ व लाइफ इंश्योरेंस टैक्स फ्री

### जीएसटी के अब केवल दो स्लैब 5 % व 18 % होंगे, 22 सितम्बर से लागू होंगे बदलाव

**नई दिल्ली, वार्ता**

अब जीएसटी के 4 की जगह केवल दो स्लैब 5 प्रतिशत और 18 प्रतिशत होंगे। इससे आम जरूरत की चीजें जैसे साबुन, शैंपू के साथ एसी, कार भी सस्ते होंगे। जीएसटी काउंसिल की 56वीं मीटिंग में इस पर फैसला लिया गया।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने 3 सितम्बर को इसकी जानकारी दी। वित्त मंत्री सीतारमण ने बताया कि दूध, रोटी, पराठा, छेना समेत कई फूड आइटम जीएसटी फ्री होंगे। वहीं इंडिविजुअल हेल्थ और लाइफ इंश्योरेंस पर भी टैक्स नहीं लगेगा। 33 जीवन रक्षक दवाएं, दुर्लभ बीमारियों और गंभीर बीमारियों के लिए दवाएं भी टैक्स फ्री होंगी। लग्जरी आइटम्स और तंबाकू प्रोडक्ट्स पर अब 28 प्रतिशत की जगह 40 प्रतिशत जीएसटी लगेगा। मध्यम और बड़ी कारें, 350 सीसी से ज्यादा इंजन वाली मोटरसाइकिलें इस स्लैब में आएंगे। वित्त मंत्री ने बताया कि नए स्लैब नवरात्रि के पहले दिन, यानी 22 सितम्बर से लागू हो जाएंगे। हालांकि तंबाकू वाले सामान पर नई 40 प्रतिशत जीएसटी दर अभी लागू नहीं होगी। इन बदलावों का मकसद आम आदमी को राहत देना, छोटे व्यवसायों को सपोर्ट करना और हानिकारक उत्पादों जैसे तंबाकू पर टैक्स बढ़ाकर उनके उपयोग को कम करना है। होटल के कमरों की बुकिंग पर जीएसटी 12 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत कर दिया गया है, वो भी तब जब कमरे का किराया प्रतिदिन 7500 रुपये या उससे कम हो। सौंदर्य और सेहत से जुड़ी सेवाओं पर जीएसटी 18 प्रतिशत से कम करके 5 प्रतिशत कर दिया गया है, जैसे जिम, सैलून, नाई की दुकान, योग सेंटर आदि, जो आम आदमी इस्तेमाल करता है। कैसिनो, रेस क्लब, या जहां कैसिनो और रेस क्लब हों, या फिर खेल इवेंट्स जैसे आईपीएल में एंट्री के लिए जीएसटी 28 प्रतिशत से बढ़ाकर 40 प्रतिशत कर दिया गया है।



- जीएसटी काउंसिल की 56वीं मीटिंग में लिया गया फैसला
- आम जरूरत की चीजें जैसे साबुन, शैंपू के साथ एसी व कार भी होंगी सस्ती
- होटल कमरों की बुकिंग सस्ती

### स्टेडियम में आईपीएल देखना हुआ महंगा

**नई दिल्ली।** अब क्रिकेट फैंस को स्टेडियम में आईपीएल मैच देखने के लिए ज्यादा पैसे देने पड़ेंगे, क्योंकि सरकार ने जीएसटी की दर 28 प्रतिशत से बढ़ाकर 40 प्रतिशत कर दी है। नई टैक्स व्यवस्था ने आईपीएल देखना एक लग्जरी एक्टिविटी माना है और इसे तंबाकू उत्पादों और कैसिनो जैसी सर्विसेज की ही कैटेगरी में रखा है। हालांकि आम क्रिकेट मैचों पर अभी भी 18 प्रतिशत जीएसटी ही लागू रहेगा। यानी ये बदलाव सिर्फ प्रीमियम स्पोर्ट्स इवेंट्स के लिए है। दूसरी ओर 100 रुपये तक की सिनेमा टिकटों पर सिर्फ 5 प्रतिशत जीएसटी लगेगा, जो पहले 12 प्रतिशत था। लेकिन 100 रुपये से ज्यादा की टिकटों पहले की तरह 18 प्रतिशत जीएसटी लगेगा। वहीं होटल बुकिंग, सौंदर्य और सेहत से जुड़ी सेवाओं पर जीएसटी को घटाकर 5 प्रतिशत कर दिया गया है।

## विजयवाड़ा से बेंगलुरु जा रही फ्लाइट से पक्षी टकराया

**बेंगलुरु।** आंध्र प्रदेश के विजयवाड़ा एयरपोर्ट पर गुरुवार को बेंगलुरु जा रही एयर इंडिया एक्सप्रेस की आईएक्स2011 फ्लाइट से एक पक्षी टकरा गया। प्लेन के टेक ऑफ करने के पहले की घटना है। इससे विमान की नोज यानी आगे के हिस्से को नुकसान पहुंचा है। जैसे ही पायलट ने विमान का इंजन चालू किया, एक बाज विमान से टकरा गया। विजयवाड़ा से टेक ऑफ का समय सुबह 8.15 बजे का था। विमान को 9.40 बजे बेंगलुरू पहुंचना था। न्यूज एजेंसी पीटीआई के मुताबिक विमान में 160 से 165 यात्री थे। सभी यात्री सुरक्षित हैं। एयर इंडिया एक्सप्रेस ने कहा है कि वह यात्रियों के बेंगलुरु पहुंचने के लिए दूसरे विमान का इंतजाम कर रही है। पिछले तीन दिनों में दूसरी बार किसी भारतीय विमान से पक्षी के टकराने के कारण फ्लाइट कैंसिल हुई है।

## पीएमएलए मामले में शिखर धवन ईडी के समक्ष हुए पेश

**नई दिल्ली।** पूर्व भारतीय क्रिकेटर शिखर धवन ऑनलाइन सट्टेबाजी एप वनएक्सबेट से जुड़े धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के एक मामले में गुरुवार को ईडी के समक्ष पेश हुए। वरिष्ठ अधिकारियों की एक टीम धवन से पूछताछ कर रही है और इस मामले में उनका बयान दर्ज कर रही है। जांच एजेंसी को संदेह है कि धवन के कुछ विज्ञापनों और प्रचारों के ज़रिए इस एप से संबंध थे। इससे पहले ईडी ने इस मामले में पूर्व भारतीय क्रिकेटर सुरेश रैना से पूछताछ की थी। सट्टेबाजी एप ने पिछले साल दिसंबर में रैना को अपना ब्रांड एंबेसडर नियुक्त किया था। ईडी ने हाल ही में ऑनलाइन सट्टेबाजी प्लेटफॉर्म्स की अपनी जांच तेज कर दी है। एजेंसी वनएक्सबेट , फेयरप्ले, परिमैच व लोट्स 365 जैसे प्रतिबंधित सट्टेबाजी प्लेटफॉर्म्स के लिए फिल्मी सितारों और क्रिकेटरों द्वारा बनाए जा रहे विज्ञापनों पर भी ध्यान केंद्रित कर रही है।

## बारिश से पहाड़ों पर तबाही का सुप्रीम कोर्ट ने लिया संज्ञान

**नई दिल्ली, वार्ता**



- कहा: प्रकृति अवैध पेड़ कटाई का बदला ले रही
- केंद्र सरकार, हिमाचल, जम्मू-कश्मीर, उत्तराखंड व पंजाब सरकार को नोटिस जारी

सुप्रीम कोर्ट ने हिमाचल, जम्मू-कश्मीर, उत्तराखंड और पंजाब में बारिश से हो रही तबाही पर चिंता जताई है। कोर्ट ने गुरुवार को कहा कि यह सिर्फ प्राकृतिक आपदा नहीं, बल्कि इंसानों का पैदा किया गया संकट है।

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि पहाड़ों पर अवैध पेड़ कटाई ने प्रकृति को क्रोधित कर दिया है, अब वह बदला ले रही है। मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) बीआर गवई और जस्टिस के. विनोद चंद्रन की बेंच ने गुरुवार को अनामिका राणा की याचिका पर सुनवाई के दौरान यह बात कही है। कोर्ट ने केंद्र और इन चारों राज्यों समेत राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए), पर्यावरण मंत्रालय, राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) को नोटिस भेजा और तीन हफ्तों में जवाब मांगा। साथ ही केंद्र से ठोस कदम उठाने को कहा है। याचिकाकर्ता अनामिका राणा ने कोर्ट में कहा कि हिमाचल में बाढ़ के दौरान बड़ी संख्या में लकड़ियां बहकर आईं, जिससे साफ है कि बड़े पैमाने पर पेड़ों की अवैध कटाई हुई है। अगली सुनवाई दो हफ्ते बाद होगी। इस पर बेंच ने सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता से कहा कि इन आपदाओं के पीछे पहाड़ों पर अवैध पेड़ कटाई एक बड़ी वजह है। पेड़ों की अवैध कटाई हो रही है, इसलिए अब प्रकृति बदला ले रही है। मेहता ने कहा कि वह पर्यावरण और वन मंत्रालय के सचिव से संपर्क करेंगे और उनसे पूरी जानकारी मांगेंगे। उन्होंने कहा कि हमनें प्राकृतिक चीजों के साथ हस्तक्षेप किया है कि अब वह हमें नुकसान पहुंचा रही हैं। मुख्य न्यायाधीश ने इस बात पर सहमति जताई। हिमाचल के कुल्लू में 24 जून को बादल फटने के बाद आई बाढ़ के चलते सैकड़ों टन लकड़ियां बहकर पंडोह डैम तक पहुंची थीं।

## आतंकी फंडिंग केस में शबीर शाह को राहत नहीं

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को कश्मीरी अलगाववादी नेता शबीर अहमद शाह की अंतरिम जमानत याचिका खारिज कर दी। शाह ने आतंकी फंडिंग केस में स्वास्थ्य कारणों से राहत की मांग की थी, लेकिन अदालत ने इसे ठुकरा दिया। हालांकि शीर्ष अदालत ने उनकी याचिका पर सुनवाई करते हुए राष्ट्रीय जांच एजेंसी को नोटिस जारी कर दो हफ्ते में जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। शाह दिल्ली हाईकोर्ट के उस आदेश को चुनौती दे रहे हैं जिसमें उन्हें जमानत देने से इन्कार किया गया था। जस्टिस विक्रम नाथ और संदीप नाथ की पीठ के सामने वरिष्ठ अधिवक्ता कालिन गोंसाल्वेस ने शाह की ओर से दलीलें पेश कीं। उन्होंने कहा कि याचिकाकर्ता गंभीर रूप से बीमार हैं और उन्हें तुरंत अंतरिम जमानत की जरूरत है। इस पर जस्टिस नाथ ने टिप्पणी करते हुए कहा कि क्या आज ही उन्हें छोड़ देना चाहिए?

## अस्पताल में चूहों के काटने से नवजात शिशुओं की मृत्यु शर्मनाक: राहुल

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने मध्य प्रदेश के इंदौर में राज्य के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल में चूहों के काटने से दो नवजात शिशुओं की मृत्यु को शर्मनाक बताते हुए कहा है कि अस्पतालों का निजीकरण कर भाजपा सरकार गरीबों के लिए उपचार कठिन बना रही है।

गांधी ने सोशल मीडिया एक्स पर गुरुवार को एक पोस्ट में कहा कि इंदौर में मध्य प्रदेश के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल में दो नवजात शिशुओं की चूहों के काटने से मौत, यह कोई दुर्घटना नहीं, यह सीधी-सीधी हत्या है। यह घटना इतनी भयावह, अमानवीय और असंवेदनशील है कि इसे सुनकर भी रूह कांप जाए। एक मां की गोद से उसका बच्चा छिन गया, सिर्फ इसलिए क्योंकि सरकार ने अपनी सबसे बुनियादी जिम्मेदारी नहीं निभाई।

## दिल्ली में यमुना का पानी सड़कों पर, फ्लाईओवर धंसा

### राहत शिविर डूबे, पंजाब के सभी 23 जिलों में बाढ़

**नई दिल्ली, वार्ता**

दिल्ली में यमुना का पानी शहर के अंदर घुस गया है। गुरुवार को शहर के कई इलाकों में 3-4 फीट तक पानी भरा है।

मयूर विहार फेज-1 में बाढ़ प्रभावित लोगों के लिए बने राहत शिविरों में यमुना का पानी भर गया। अलीपुर में नेशनल हाईवे-44 पर फ्लाईओवर का एक हिस्सा धंस गया। पंजाब के सभी 23 जिलों में बाढ़ आ गई है। 1,655 गांवों में 3.55 लाख से ज्यादा लोग प्रभावित हैं। राज्य में सभी स्कूल, कॉलेज और यूनिवर्सिटी की छुट्टियां 7 सितम्बर कर दी गई हैं। बाढ़ से अब तक 1,75,286 हेक्टेयर फसल प्रभावित हुई हैं। 1 अगस्त से 3 सितम्बर तक बाढ़ में 37 लोगों की मौत हुई है। यूपी के पीलीभीत में 25 गांव और मथुरा में 6 गांव बाढ़ में डूब गए हैं। आगरा में यमुना का पानी ताजमहल तक पहुंच गया है। राजस्थान के अजमेर में जवाहर लाल नेहरू हास्पिटल और मेडिकल कॉलेज पानी में आधा डूब गया है। हरियाणा के भी कई इलाके बाढ़ में डूबे हैं। राज्य में 11 लोगों की मौत हुई है। हिमाचल प्रदेश के कुल्लू में गुरुवार सुबह लैंडस्लाइड में दो घर ढह गए। इसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई। 6 लोग अंदर फंस गए हैं।

## SC ने थानों में सीसीटीवी कैमरों की कमी का लिया स्वत: संज्ञान

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने पुलिस हिरासत में हुई मौतों के सामने आए मामलों के मद्देनजर देशभर के सभी थानों में सीसीटीवी कैमरों की कमी पर गुरुवार को स्वत: संज्ञान लिया।

न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने इस संबंध में एक आदेश पारित किया। पीठ ने 2025 में बीते आठ महीनों के दौरान पुलिस हिरासत में कथित तौर पर 11 लोगों की मृत्यु से संबंधित एक हिंदी दैनिक अखबार में प्रकाशित खबर के आधार पर यह स्वत: संज्ञान कार्रवाई शुरू की। शीर्ष अदालत ने हिरासत में मौत से संबंधित एक मामले (परमवीर सिंह सैनी बनाम बलजीत सिंह) में दिसम्बर 2020 में सभी राज्य और केंद्र शासित प्रदेशों को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया था कि हर पुलिस थाने में नाइट विजन की क्षमता से युक्त सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएं।

सभी देशवासियों को मां नंदा देवी महोत्सव की हार्दिक शुभकामनाएं
















































## संक्षिप्त समाचार

### जीएसटी की जटिलताओं को दूर करे सरकार: कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) में सुधार के लिए सरकार की पहल को सही बताया, लेकिन कहा कि जो कदम उठाए गए हैं वे पर्याप्त नहीं है और अभी इसके अनुपालन की जटिलताओं को खत्म कर और जन उपयोगी बनाने की जरूरत है। खड़गे ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि सरकार ने इसे अत्यंत जटिल बना दिया था और आम आदमी को जीएसटी के घरिए कुचलने का काम हो रहा था इसलिए कांग्रेस ने इसे गब्बर सिंह टैक्स भी कहा था। उनका कहना था कि इसके अनुपालन में अभी जटिलताएं हैं और उन्हें दूर करने की सख्त जरूरत है। उन्होंने कहा कि लगभग एक दशक से कांग्रेस जीएसटी के सरलीकरण की मांग कर रही है।

### झेलम नदी के तटबंध में दरार, बाढ़ की आशंका

**श्रीनगर।** श्रीनगर के बाहरी इलाके में झेलम नदी के तटबंध में दरार आने से श्रीनगर के निचले इलाकों में बाढ़ की आष्ठांका फिर से बढ़ गई है, जिसके बाद अधिकारियों ने सात निचले इलाकों में एहतियातन खाली करने की सलाह जारी की है। प्रशासन ने आज सुबह शलीना बडगाम में कथित दरार के मद्देनजर लासजान, सोइतेंग, नौगाम, व्यथपोरा, गोपालपोरा, पद्शाहीबाग, महजूर नगर के लोगों से सुरक्षित स्थानों पर जाने का आग्रह किया। एक सरकारी प्रवक्ता ने कहा कि जिला प्रशासन श्रीनगर ने सूचित किया है कि शलीना, बडगाम में कथित दरार के कारण, एहतियाती उपाय के रूप में, लासजान, सोइतेंग, नौगाम, व्यथपोरा, गोलपोरा, पद्शाहीबाग, महजूर नगर के निवासियों को इन इलाकों को खाली करके सुरक्षित स्थानों पर जाने की सलाह दी जाती है।

# टैरिफ पर लगा झटका, तो सुप्रीम कोर्ट पहुंचे ट्रम्प

## नहीं भा रही मोदी-पुतिन की दोस्ती, दिया अजीब तर्क

**वाशिंगटन, वार्ता**



डोनाल्ड ट्रम्प प्रशासन ने अदालत के उस फैसले को चुनौती देने के लिए सुप्रीम कोर्ट का रुख किया है, जिसमें उनके ज्यादातर व्यापक टैरिफ को अवैध करार दिया गया था।

प्रशासन का तर्क है कि ये टैरिफ यूक्रेन में शांति के प्रयासों का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। टैरिफ के बिना अमेरिका गरीब देश बन जाएगा। दस्तावेजों में कहा गया है कि टैरिफ के साथ अमेरिका एक अमीर राष्ट्र है। 27 अगस्त को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प प्रशासन ने भारत पर टैरिफ दोगुना करके 50 प्रतिशत कर दिया। दाखिल दस्तावेज में कहा गया है कि टैरिफ के बिना वह एक गरीब राष्ट्र है। राष्ट्रपति के मुताबिक एक साल पहले संयुक्त राज्य अमेरिका एक मृत देश था, और अब हमारे साथ इतना बुरा व्यवहार करने वाले देशों की ओर से दिए जा रहे खरबों डॉलर के भुगतान के कारण अमेरिका फिर से एक मजबूत, आर्थिक रूप से व्यवहार्य और सम्मानित देश है। एक अदालत ने फैसला सुनाया था कि ट्रम्प की ओर से लगाए गए कई टैरिफ अवैध थे, लेकिन टैरिफ को यथावत रहने दिया गया।

# शिक्षा माफियाओं को मिट्टी में मिलाएं योगी

## 48 घंटे में जेल नहीं भेजा गया, तो प्रदेशभर में विद्यार्थी करेंगे आंदोलन: अभाविप

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** बाराबंकी के रामस्वरूप यूनिवर्सिटी की घटना को लेकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) के राष्ट्रीय मंत्री अंकित शुक्ल ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जिस तरह से माफियाओं को मिट्टी में मिलाया है, उसी तरह से अब समय आ गया है कि शिक्षा माफियाओं को मिट्टी में मिलाएं।

घटना में निष्पक्ष न्याय के लिए अभाविप ने 48 घण्टे का समय देते हुए कहा है कि अगर दोषियों को जेल नहीं भेजा गया तो प्रदेश भर में छात्र आंदोलन करेंगे। गुरुवार को कैसरबाग स्थित अभाविप कार्यालय पर आयोजित प्रेस कांफ्रेंस को सम्बोधित करते हुए राष्ट्रीय मंत्री अंकित शुक्ल ने कहा कि यूनिवर्सिटी में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) कार्यकर्ताओं और छात्रों पर बाहरी गुंडों ने हमला किया और पुलिस ने बर्बर लाठीचार्ज किया। सीओ ने किसके कहने पर लाठी चार्ज किया। इसका जवाब अब तक नहीं दिया गया है। लाठीचार्ज की घटना में शामिल पुलिसकर्मियों और बाहरी गुंडों पर एफआईआर दर्ज कर कठोरतम कार्रवाई की जाए। उन्होंने मामले की जांच कर रहे मंडलायुक्त की रिपोर्ट पर सवाल उठाते हुए कहा कि एक दिन में रिपोर्ट कैसे तैयार हो गई। अंकित शुक्ल ने कहा कि यूनिवर्सिटी को बार काउंसिल ऑफ इंडिया की तरफ से बुधवार को ही सशर्त (प्रोविजनल) अनुमति मिली है। इससे पहले तक विश्वविद्यालय अवैध तरीके से विधि पाठ्यक्रम चला रहा था। अभाविप की यह बात साबित हो गई है। उन्होंने यूनिवर्सिटी की तरफ से दो छात्रों के निष्कासन को अवैध बताते हुए कहा कि आंदोलन का नेतृत्व कर रहे दो छात्रों को बिना किसी चेतावनी के सीधे निष्कासित कर दिया गया। निष्काज़ित छात्रों के साथ न्याय किया जाए।

### राजभर के बयान पर भड़के एबीवीपी के कार्यकर्ता, देर रात किया प्रदर्शन

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री ओपी राजभर के एक विवादित बयान ने अभाविप के कार्यकर्ताओं का गुस्सा भड़का दिया। ओम प्रकाश राजभर ने अपने बयान में एबीवीपी कार्यकर्ताओं को गुंडा करार दिया है। उनके इस बयान के खिलाफ बुधवार देर रात अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद कार्यकर्ताओं का गुस्सा भड़क उठा। कार्यकर्ताओं ने एकजुट होकर रात करीब 9 बजे लखनऊ में मंत्री के आवास पर पहुंचकर नारेबाजी की। आरोप है कि इस दौरान बाहर से राजभर के आवास में पथराव भी हुआ। हंगामे को देखते हुए इस दौरान भारी संख्या में पुलिस बल बुलाया गया। कार्यकर्ता काफी देर तक राजभर के आवास के बाहर नारेबाजी करते रहे। इस दौरान पुलिस और कार्यकर्ताओं के बीच तीखी नोंक-झोंक और हाथापाई भी हुई जिसमें कई छात्रों को मामूली चोटें आई हैं।

### सीएम करेंगे कड़ी कार्रवाई: ब्रज भूषण

**लखनऊ/ सीतापुर।** भाजपा नेता और पूर्व सांसद बृजभूषण शरण सिंह ने बाराबंकी में एबीवीपी कार्यकर्ताओं को पीटे जाने की घटना को लेकर गुरुवार को कहा कि मुख्यमंत्री ने घटना का संज्ञान लिया है और जल्द ही दोषियों के खिलाफ कार्रवाई होगी। बृजभूषण एक कार्यक्रम में ष्ठामिल होने सीतापुर पहुंचे थे। यहां पत्रकारों से बातचीत के दौरान उन्होंने यह बात कही। बिहार में पीएम मोदी की मां के खिलाफ अभद्र टिप्पणी किए जाने को लेकर बृजभूषण शरण सिंह ने कहा कि मोदी की मां की आलोचना जिस तरह से कांग्रेस के लोग अपनी कब्र खोद रहे है।

## सुरक्षा के माहौल में आता है निवेश, खुलते हैं रोजगार के द्वार: योगी

# गुंडा टैक्स सपा सरकार का संस्कार था

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**गोरखपुर।** उत्तर प्रदेश में सुरक्षा के माहौल को निवेश की आधारशिला बताते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सपा पर कटाक्ष किया कि व्यापारियों और उद्यमियों से गुंडा टैक्स की वसूली सपा सरकार के संस्कार का हिस्सा था।

गोरखपुर औद्योगिक विकास प्राधिकरण (गीडा) क्षेत्र में 2251 करोड़ रुपये के निवेश और विकास परियोजना का शिलान्यास व लोकार्पण के मौके पर उन्होंने कहा कि निवेष्ठा की परियोजनाओं में मल्टीनेशनल कंपनी कोका कोला के बॉटलिग प्लांट का भूमि पूजन, देश में अग्रणी प्लास्टिक उत्पाद-पैकेजिग कम्पनी टेक्नोप्लास्ट की यूनिट का लोकार्पण शामिल है। गीडा के प्लास्टिक पार्क में उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि गोरखपुर,



पूर्वी उत्तर प्रदेश और उत्तर प्रदेश में 2017 के पहले निवेश सपना था। डबल इंजन सरकार के द्वारा प्रतिबद्धता से जनसेवा के किए गए कार्यों का परिणाम है कि आज प्रदेश में विकास, निवेश और रोजगार की संभावनाओं को तेजी से आगे बढ़ाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जब सुरक्षा का माहौल बनता है तो निवेश आता है और रोजगार के द्वार खुलते हैं। रोजगार से खुशहाली आती है।

### हर पात्र को दिलाएं कल्याणकारी योजनाओं का लाभ

**गोरखपुर।** उत्तर प्रदेष्ठा के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि हर पात्र व्यक्ति को शासन की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाना सुनिश्चित किया जाए और जरूरतमंदों के इलाज से लेकर आवास तक की व्यवस्था के लिए सरकार की योजनाओं का लाभ बड़े पैमाने पर दिया जा रहा है। योगी ने यह निर्देष्ठा गुरुवार को गोरखनाथ मंदिर में जनता दर्शन के दौरान लोगों की समस्याएं सुनते हुए दिए। मंदिर परिसर में स्थित महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के सामने आयोजित जनता दर्शन में कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक मुख्यमंत्री खुद पहुंचे और एक-एक करके सबकी समस्याओं को सुनते हुए भरोसा दिया कि सभी की समस्याओं का समाधान होगा।

### हम कर रहे सुरक्षा

योगी ने कहा कि डबल इंजन की सरकार सुरक्षा का माहौल देकर समृद्धि का मार्ग सुगम कर रही है। उन्होंने कहा कि जाति के नाम पर समाज को बांटने वाले, दंगों की आग में झोंकने वाले लोगों ने नागरिकों के सामने पहचान का संकट खड़ा किया। वोट बैंक की राजनीति में सुरक्षा से खिलवाड़ किया। बेटी-बहन की इज्जत की परवाह नहीं की।

### ये उजाले के दुश्मन थे

योगी ने कहा कि सपा सरकार में उद्यमियों, व्यापारियों से वसूली होती थी, गुंडा टैक्स लिया जाता था। आज ऐसा करने की हिम्मत कोई नहीं कर सकता। किसी ने गुंडा टैक्स वसूला तो अगले चौराहे पर यमराज उसका इंतजार करते मिलेंगे। सपा सरकार में बिजली यदा कदा आती थी। ये उजाले के दुश्मन थे। उन्होंने समाज में अराजकता फैलाई।

# बारिश प्रभावित राज्यों में जिम्मेदारी निभाएं सरकारें

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री और बसपा अध्यक्ष मायावती ने यूपी समेत अन्य राज्यों में बारिश और भूस्खलन से हुई तबाही को लेकर गुरुवार को कहा कि केंद्र और संबंधित राज्य सरकारों को अपनी ज़म्मिेदारी का निर्वहन करना चाहिए।

मायावती ने सोशल मीडिया एक्स पर गुरुवार को एक ट्वीट कर यह बातें कहीं हैं। उन्होंने कहा कि देश के विभिन्न राज्यों में भी खासकर पंजाब, हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर, दिल्ली, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, असम आदि इन राज्यों में भारी बरसात व भूस्खलन से भारी नुक़सान हुआ है। ग्रामीण क्षेत्रों में बाढ़ से हो रही व्यापक जान-माल व पशुधन की तबाही तथा गुरुग्राम व नोएडा आदि जैसे शहरी इलाकों में भी भारी जल भराव



**बसपा अध्यक्ष मायावती ने उठाई मांग**

आदि की समस्याओं से करोड़ों परिवारों को जबरदस्त कठिनाइयों व आर्थिक तंगी का भी सामना करना पड़ रहा है। ऐसे में पीड़ितों की राहत सहायता के लिए बड़े पैमाने पर स्वत: आगे आने की खबरें और तस्वीरें काफी संतोष देने वाली अच्छी खबर है, किन्तु ऐसे बुरे हालात में केन्द्र व सम्बंधित राज्य सरकारों को जनता के प्रति अपनी जिम्मेदारी पूरी निष्ठा से निभाना चाहिए।



सेंसेक्स 8145667
निफ्टी 24950.50



सोना रु. 105751
प्रति 10 ग्रा. 24 कैरेट

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 122900
प्रति किलो



# जीएसटी सुधार की घोषणा से उछला बाजार

**मुंबई, वार्ता**

वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) में बड़े सुधारों की घोषणा के बाद गुरुवार को घरेलू शेयर बाजारों में जबरदस्त तेजी देखी गई। बीएसई का सेंसेक्स 888.96 अंक की तेजी के साथ 81,456.67 अंक पर खुला। खबर लिखे जाते समय यह गत दिवस के मुक. ाबले 549.72 अंक ऊपर 81,117.43 अंक पर था।

नेशलन स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक भी 265.70 अंक चढ़कर 24,980.75 अंक पर खुला। यह खबर लिखे जाते समय 135.50 अंक यानी 0.55 फीसदी ऊपर 24,950.50 अंक पर था। ऑटो, रियलिटी, एफएमसीजी, बैंकिंग एवं वित्तीय कंपनियों और टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद कंपनियों के शेयरों में ज्यादा लिवाली रही। आईटी और धातु समूहों की कंपनियां दबाव में रहीं। जीएसटी परिषद ने बुधवार को दो मुख्य स्लैब के ढांचे को अपनाने और दरों में बदलाव के प्रस्तावों को मंजूरी प्रदान कर दी। इससे अब आम लोगों के उपभोग की अधिकतर चीजें पांच



**सेंसेक्स और निफ्टी कई प्रतिशत अंक चढ़कर खुले**

फीसदी कर के स्लैब में आ गई हैं। आज शेयर बाजार ने तेजी के साथ परिषद के इन फैसलों का स्वागत किया। सेंसेक्स में महिंद्रा एंड महिंद्रा का शेयर छह प्रतिष्ठात की बढ़त में था। बजाज फिनसर्व, ट्रेंट, बजाज फाइनेंस, हिंदुस्तान यूनीलिवर, आईटीसी, आईसीआईसीआई बैंक और टाटा मोटर्स के शेयर भी तेजी में बने हुए हैं। वहीं, टाटा स्टील, इंफोसिस, पावर ग्रिड और सनफार्मा में गिरावट रही।

### जीएसटी सुधारों से बढ़ेगी वाहनों की मांग: फाडा

**नई दिल्ली।** वाहन डीलरों के महासंघ (फाडा) ने गुरुवार को कहा कि वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) परिषद के फैसलों से मांग को बढ़ावा मिलेगा और देश का परिवहन तंत्र मजबूत होगा।

फाडा के अध्यक्ष एमसी विघ्नेश्वर ने एक बयान में जीएसटी परिषद की 56वीं बैठक को देष्ठा के ऑटोमोबाइल रिटेल उद्योग के लिए एक महत्वपूर्ण क्षण बताया है। उन्होंने कहा कि फाडा उन साहसिक और प्रगतिशील सुधारों का हार्दिक स्वागत करता है जो कर संरचना को सरल बनाते हैं, सार्वजनिक परिवहन के लिए दरों को कम करते हैं और सभी राज्यों में आम सहमति स्थापित करते हैं। यह एक निर्णायक कदम है जो सामर्थ्य को बढ़ाएगा, मांग को बढ़ावा देगा और देश के परिवहन तंत्र को और अधिक मजबूत तथा समावेशी बनाएगा। उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित करना महत्वपूर्ण है कि ग्राहकों तक लाभ निर्बाध रूप से पहुंच सके।

### सोने-चांदी के दाम में रही गिरावट

**नई दिल्ली।** सोने-चांदी के दाम में गुरुवार को गिरावट दर्ज की गई। आज सोना 270 रुपए गिरकर 1,05,751 रुपए प्रति 10 ग्राम पर आ गया है। इससे पहले सोना 1,06,021 रुपए पर था। चांदी भी 320 रुपए गिरकर 1,22,900 रुपए प्रति किलो हो गई है। देश के महानगरों दिल्ली में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,07,010 और 22 कैरेट सोने की कीमत 98,100 रही, जबकि मुंबई में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,06,860 और 22 कैरेट सोने की कीमत 97,950 थी। कोलकाता में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,06,860 और 22 कैरेट सोने की कीमत 97,950 रही, तो चेन्नई में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,06,860और 22 कैरेट सोने की कीमत 97,950 रही। वहीं भोपाल में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,06,910 और 22 कैरेट सोने की कीमत 98,000 रही। ब्यूरो ऑफ इंडियन स्टैंडर्ड का हॉलमार्क लगा हुआ सर्टिफाइड गोल्ड ही खरीदें।

# चावल-गेहूं नरम, खाद्य तेल.चीनी भी हुई सस्ती, दालों में रही घट-बढ़

**नई दिल्ली।** घरेलू थोक जिंस बाजारों में गुरुवार को चावल के दाम में नरमी रहने के साथ गेहूं का भाव भी टूट गया। खाद्य तेलों और चीनी में भी मंदी का रुख रहा, जबकि दालों की कीमतों में उतार. चढ़ाव देखा गया।

विदेशों में मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का नवंबर वायदा सात रिंगिट की बढ़त के साथ 4,449 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.33 प्रतिशत टूटकर 51.67 डॉलर के भाव बोला गया। घरेलू थोक जिंस बाजारों में चावल की औसत कीमत करीब 35 रुपये गिरकर 3,817.81 रुपये प्रति क्विंटल रह गई। गेहूं भी नौ रुपये से अधिक टूटकर 2,845.40 रुपये प्रति क्विंटल के भाव बिका। आटा 3,305.43 रुपये प्रति क्विंटल पर लगभग स्थिर रहा। सरसों तेल औसतन 49 रुपये प्रति क्विंटल सस्ता हुआ। मूंगफली तेल में 45 रुपये और सोया तेल में 95 रुपये प्रति क्विंटल की गिरावट रही। सूरजमुखी तेल 74 रुपये और वनस्पति 129 रुपये प्रति क्विंटल सस्ता हुआ। पाम ऑयल भी 67 रुपये प्रति क्विंटल टूट गया। दाल. दलहनों में उतार-चढ़ाव देखा गया। तुअर दाल की औसत कीमत 44 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। चना दाल 30 रुपये टूट गया, जबकि मूंग दाल चार रुपये प्रति क्विंटल नरम हुई। मसूर दाल की कीमत में 27 रुपये और उड़द दाल में पांच रुपये प्रति क्विंटल की मजबूती रही। गुड़ की औसत कीमत करीब 16 रुपये प्रति क्विंटल उतर गई। चीनी भी तीन रुपये सस्ती हुई। दाल.दलहन : दाल चना 7947.81 रुपये, मसूर काली 8166.89 रुपये, मूंग दाल 10085.18 रुपये, उड़द दाल 10443.17 रुपये, अरहर दाल 10714.11 रुपये प्रति क्विंटल। अनाज : (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2845.40 रुपये और चावल 3817.81 रुपये प्रति क्विंटल।

# पीतल नगरी मुरादाबाद में दिखने लगा अमेरिकी टैरिफ का प्रतिकूल असर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** भारतीय उत्पादों पर 50 फीसदी टैरिफ लगाए जाने के ट्रम्प प्रशासन के फैसले का असर पीतल नगरी मुरादाबाद में दिखने लगा है।

स्थानीय कारोबारियों का दर्द है कि आयात शुल्क थोपे जाने के बाद करीब 60-70 फीसदी हिस्सा बढ़े हुए टैरिफ के दायरे में आ जाने से भारतीय माल वहां 30-35 प्रतिशत तक महंगा हो गया है, जिसके चलते अमेरिकी आर्डर निरस्त हो गए हैं। जीएसटी को युक्तिसंगत बनाने से भी पीतल नगरी के हालात सुधरने की उम्मीद कम है। मुरादाबाद निवासी न्यू क्राउन हैंडीक्राफ्ट एक्सपोर्ट फर्म प्रबंधन से जुड़े रहे डॉ. एम मुस्तकीम ने कहा कि मौजूदा चुनौतियों से निपटने में एक्सपोर्ट प्रमोशन मिशन के तहत सरकार

**भारतीय माल वहां तीस से पैंतीस प्रतिशत महंगा हो गया**

को आगे आकर मदद करनी चाहिए। कोविड काल की तर्ज़ पर कार्य पूंजी सहायता,आपात क्रेडिट लाइन गारंटी योजना शुरू की जाए।

निर्यात से जुड़े मामलों के जानकार डॉ. मुस्तकीम ने बताया कि अमेरिकी टैरिफ से पैदा हुए हालात में निर्यातकों को सरकार के सपोर्ट की दरकार है क्योंकि इससे अकेले निर्यातकों को परेशानी नहीं होगी, बल्कि आर्टिजंस के सामने रोजी-रोटी को खतरा पैदा हो गया है। मुरादाबाद की निर्यातक इंडस्ट्री लगभग 60 प्रतिष्ठात वर्क फोर्स को रोजगार भी देती है। उन्होंने कहा कि विभिन्न चुनौतियों का सामना कर रहे मुरादाबाद हस्तशिल्प उद्योग की चिंताओं को सरकार समझना होगा। ऐसे में आपात क्रेडिट लाइन गारंटी योजना शुरू की जाए, रोज़गार गारंटी, नकदी संबंधी चुनौतियों का समाधान, निर्यात संवर्धन मिशन (ईपीएम) पर विचार करने, सब्सिडी और ब्याज छूट, ई-कामर्स निर्यात कार्ड, निर्यात अनुपालन समर्थन, ब्रांडिग और पैकेजिंग सहायता, लाजिस्टिक्स और वेयर हाउस सहायता के माध्यम से बाजार तक पहुंच प्रदान करने, जीएसटी दरों को युक्तिसंगत बनाने, कार्यष्ठील पूंजी पर दबाव कम होने तथा नए बाज़ार तक पहुंच बढ़ाने की दरकार है। डॉ. मुस्तकीम ने कहा कि वर्तमान में अधिकांश आर्डर कैंसिल हो गए हैं। पीतल नगरी के नाम से विशवभर में प्रसिद्ध यूपी के मुरादाबाद की लगभग 165 वर्ष पुरानी इंडस्ट्री में 1960 में कारोबार ष्ठाुरू हुआ था।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहजमी, जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिजीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।



# स्वास्थ्य विभाग में 220 नए चिकित्सक किए तैनात: डॉ. रावत



**देहरादून।** चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के अंतर्गत 220 नये चिकित्सकों को प्रथम तैनाती दे दी गई है। इन सभी चिकित्सकों को विशेष रूप से प्रदेश के पर्वतीय एवं दूरस्थ क्षेत्रों की चिकित्सा इकाईयों में तैनात किया गया है, ताकि सुदूरवर्ती क्षेत्रों की स्वास्थ्य सेवाओं को जनसुलभ के साथ ही अधिक सुदृढ़ बनाया जा सके। सूबे के चिकित्सा स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने बताया कि राज्य सरकार प्रदेश में स्वास्थ्य व्यवस्थाओं को लगातार मजबूत कर रही है ताकि आम जन को अपने नजदीकी क्षेत्र में ही गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सुविधा मिल सके। इसी कड़ी में स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत हाल ही में चयनित 220 चिकित्सकों को प्रथम तैनाती दे दी गई है। दिव्यांग अभ्यर्थियों को छोड़कर अन्य सभी चिकित्सकों को सूबे के ऐसे सुदूरवर्ती चिकित्सा इकाईयों में तैनाती दी गई है जहां पर लम्बे समय से पद रिक्त चल रहे थे। इन चिकित्सकों की तैनाती से जहां सुदूरवर्ती इलाकों में स्वास्थ्य व्यवस्थाएं और अधिक सुदृढ़ होगी वहीं स्थानीय स्तर पर लोगों को बेहतर उपचार मिल सकेगा। जिससे सरकार का अंतिम गांव तक गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने का संकल्प भी सिद्ध होगा।

## इन चिकित्सा इकाइयों में मिली तैनाती

**देहरादून।** प्रमुख रूप से जनपद चमोली के दूरस्थ चिकित्सा इकाईयों देवाल, ग्वालदम, थराली, गैरसैण, मेहलचौरी, जोशीमठ, माईथान, उत्तरकाशी में हर्षिल, गंगोत्री, टिकोची, डुंडा, मोरी, बलडोगी, दिवली, चिनियालीसैड, भटवाड़ी, जानकीचट्टी, मानपुर, रैथल, बड़कोट, टिहरी लम्बगांव, नंदगांव, सत्यों, थत्यूड़, हिण्डोलाखाल, रूद्रप्रयाग में मनसूना, जखोली, ग्वाड़, फाटा, भीरी, गुप्तकाशी, पौड़ी में अदालीखाल, बीरोंखाल, बूंगीधार, रिखणीखाल, कलालघाटी, चौलूसैण, पाबौं, तिरपालीसैण, सैंजी, पौखाल, बैजरों, घण्डियाल, थानमासौं के साथ ही अन्य दूरस्थ केन्द्रों में भी तैनाती दी गई है। इसी प्रकार जनपद पिथौरागढ़ में थल, धारचूला, बड़ालू, जाखपुराण, गणाई, मुनस्यारी, बेरीनाग, डीडीहाट, तेजम, मुवानी तथा जनपद चम्पावत में सिपटी, भौन, बाराकोट उप जिला चिकित्सालय एवं जिला चिकित्सालय चम्पावत, जबकि बागेश्वर में कपकोट, बैजनाथ, फरसाली, रवाईंखाल, बदियाकोट, उप जिला चिकित्सालय बागेश्वर में तैनाती दी गई है। इसी प्रकार अल्मोड़ा में काकड़ीघाट, लमगड़ा, देघाट, हवालबाग, भिकियासैण, दनिया, नैल, चौखुटिया, भैसियाछाना, भतरौंजखान, जैंती, द्वाराहाट, ताड़ीखेत, नैनीताल में गेठिया, पदमपुरी, बेतालघाट, ज्योलीकोट, गरमपानी, धारी, मालधनचौड़, पहाड़पानी, मुक्तेश्वर सहित प्रदेश के विभिन्न चिकित्सा इकाईयों में वर्षों से रिक्त पदों के सापेक्ष तैनाती दी गई है।

## जीएसटी दरों में ऐतिहासिक कमी से पीएम ने बनाई आम लोगों की दिवाली: भाजपा

देहरादून । भाजपा ने जीएसटी दरों में ऐतिहासिक कमी से आम लोगों की दिवाली बनाने के लिए पीएम मोदी का आभार व्यक्त किया है। प्रदेशाध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट ने कहा कि, लालकिले के प्राचीर की घोषणा को साकार कर उन्होंने आज देशवासियों को बहुत बड़ी राहत दी है। उनके इस एक निर्णय से कोई ऐसा क्षेत्र नहीं होगा जिसके जरूरी समानों की कीमतों में रिकॉर्ड न कमी आए।

## एडीजीएलओ ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए कप्तानों की ली बैठक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** अपर पुलिस महानिदेशक, अपराध एवं कानून व्यवस्था, द्वारा गुरुवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से गढ़वाल और कुमाऊँ रेंज सहित समस्त जनपदों के वरिष्ठपुलिस अधीक्षकों और पुलिस अधीक्षक को के साथ लम्बित विवेचनाओं एवं शुक्रवार को बारावफात पर्व की सुरक्षा व्यवस्था के सम्बन्ध में जनपदवार समीक्षा/चर्चा की गई।

एडीजीएलओ विमुरूगन ने शुक्रवार को पुलिस मुख्यालय स्थित सभागार से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए सभी जनपद प्रभारियों को ईद-ए-मिलादमिलाद-उल-नबी (बारावफात) के दौरान साम्प्रदायिक सौहार्द एवं शान्तिकानून व्यवस्था बनाये रखने हेतु आवश्यक पुलिस प्रबन्ध करने, थाना स्तर पर सीएलजी एवं पीस कमेटी की बैठकें आज ही आयोजित करने, पर्व पर भीड़ के आवागमन को दृष्टिगत रखते हुए सुचारू यातायात व्यवस्था हेतु यातायात प्लान बनाने हेतु निर्देश दिए।

अपर पुलिस महानिदेशक ने विवेचनाओं को लेकर की गई अपेक्षाओं से अधिकारियों को अवगत कराते हुए निर्देशित किया गया कि प्रत्येक लम्बित विवेचना न केवल पीड़ित को न्याय दिलाने में विलंब करती है। उन्होंने सभी लम्बित विवेचनाओं का निस्तारण निश्चित समयसीमा में किया जाए। मुरुगेशन ने सभी जनपद प्रभारियों को अपने-अपने जनपद में लम्बित विवेचनाओं की व्यक्तिगत रूप से निगरानी कर उनकी प्रगति का परीक्षण, शेष रह गई कमियां कार्यवाही प्राथमिकता के आधार पर समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने हेतु निर्देश दिये गये। गैंगस्टर एक्ट के लम्बित विवेचनाओं में शेष कार्यवाही को जिलाधिकारी से समन्वय करते हुए कार्यवाही तत्काल पूर्ण करने के निर्देश दिए गए।





प्रस्तुतिः-
शाह सुहेल साबरी, कलियर संवाददाता


















### कार्यालय वक्फ दरगाह पिरान कलियर, रुड़की जनपद हरिद्वार, (उत्तराखण्ड)

पत्रांक : 2962/व०द०पि०क०/2025 -26

दिनांक : 01/09/2025

### साबिर पाक के 757वें वार्षिक उर्स/मेला-2025 का प्रोग्राम


| क्र० सं० | दिनांक | चान्द की तारीख | प्रोग्राम का नाम |
|---|---|---|---|
| 01 | 04.09.2025 | 11 रबीउलअव्वल | छोटी रोशनी, रात्री 9:00 बजे तिलावते कुरआन साबरी जामा मस्जिद में। |
| 02 | 05.09.2025 | 12 रबीउलअव्वल | बडी रोशनी, जश्ने ईद मिलादुननबी रात्री 10:00 बजे महफिलखाना दरगाह साबिर पाक। |
| 03 | 06.09.2025 | 13 रबीउलअव्वल | कुल शरीफ साबिर पाक सुबह 10:00 बजे महफिलखाना दरगाह साबिर पाक। |
| 0 4 | 07.09.2025 | 14 रबीउलअव्वल | गुस्ल शरीफ साबिर पाक सुबह 10:00 व खतम शरीफ ख्वाजा कुतबुद्दीन बख्तियार काकी रह० रात्री 09:00 बजे |

(मयूर दीक्षित)
(आई०ए०एस०)
जिलाधिकारी हरिद्वार/
प्रशासक दरगाह
पिरान कलियर

(दीपक रामचन्द्र सेठ)
(आई०ए०एस० मेलाधिकारी)
संयुक्त मजिस्ट्रेट
रूड़की

(एस.एस. उस्मान)
मुख्य कार्यपालक अधिकारी
उत्तराखण्ड वक्फ बोर्ड

रजिया
प्रबंधक
दरगाह पिरान
कलियर










# विधायक व डीएम ने की समीक्षा बैठक

**■ क्षतिग्रस्त मकानों का पुन: सर्वे, प्रभावितों को मुआवजा देने के निर्देश दिए**
**स्वास्थ्य सेवाओं, खनन ट्रकों की ओवरलोडिंग व नशा नियंत्रण पर भी हुई चर्चा**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** जिला सभागार में देवप्रयाग विधायक विनोद कंडारी और जिलाधिकारी नितिका खण्डेलवाल की संयुक्त अध्यक्षता में रेलवे परियोजना एवं विधानसभा क्षेत्र की अन्य समस्याओं पर समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में रेलवे कार्यों, क्षति और मुआवजा वितरण, स्वास्थ्य सुविधाएं, जल जीवन मिशन और अन्य विकास कार्यों पर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक के दौरान विधायक ने जानकारी दी कि श्रीनगर के डॉ. रचित ने अपने अवकाश के दौरान देवप्रयाग/कीर्तिनगर क्षेत्र में सेवाएं देने की इच्छा जताई है। इस पर डीएम ने सीएमओ को आवश्यक औपचारिकताएं तुरंत पूरी करने के निर्देश दिए।

रेलवे परियोजना पर चर्चा करते हुए प्रभावित पाँच गांवों का पुन: सर्वे कराने हेतु अलग-अलग टीम गठित कर रोस्टर तैयार करने के निर्देश दिए गए।

जनप्रतिनिधियों ने मांग उठाई कि जिनका नाम पहले सर्वे में छूट गया है, उन्हें भी लाभ मिले। रेलवे डीजीएम भूपेन्द्र ने बताया कि तय दायरे में प्रभावितों को मुआवजा मिलेगा और 70% से अधिक क्षति वाले मकानों का पुनर्निर्माण कराया जाएगा। डीएम ने सही आकलन कर प्रभावितों को राहत देने के निर्देश दिए।

खनन ट्रकों की ओवरलोडिंग और पत्थर गिरने की शिकायत पर जिलाधिकारी ने पुलिस और खनन विभाग को कार्रवाई करने को कहा। नैथाणा स्टेडियम के संदर्भ में बताया गया कि डंपिंग कार्य के बाद 120°80 मीटर का स्टेडियम बनाया जाएगा। रेलवे निर्माण से क्षतिग्रस्त पैदल रास्तों के लिए वैकल्पिक मार्ग बनाने और कीर्तिनगर पार्किंग स्थल को समतलीकरण कर नगर पंचायत को हस्तांतरित करने के निर्देश भी दिए गए।

विधायक कंडारी ने कीर्तिनगर, चौरास और मलेथा क्षेत्र में युवाओं में नशे की बढ़ती प्रवृत्ति पर चिंता जताते हुए पुलिस विभाग को सीसीटीवी कैमरे और ड्रोन कैमरे लगाने के निर्देश दिए।

बैठक में अपर जिलाधिकारी अवधेश कुमार, एएसपी जे.आर. जोशी, एसडीएम कीर्तिनगर नीलू चावला सहित संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

# गढ़वाल विवि में एलडीसी कर्मचारी के साथ हाथापाई

**■ पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष के खिलाफ मुकदमा दर्ज**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** हेमवती नंदन बहुगुणा गढवाल विवि के एलडीसी कर्मचारी के साथ ही हुई हाथापाई का मामला कोतवाली पहुंच गया है। मामले में पुलिस प्रशासन ने पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष गौरव मोहन नेगी पर मुकदमा दर्ज किया गया है। गुरुवार को गढ़वाल विवि के शिक्षणेत्तर कर्मचारी संघ द्वारा बैठक आयोजित की गई।

बैठक में डीएसडब्ल्यू कार्यालय में पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष गौरव मोहन नेगी द्वारा विश्वविद्यालय में कार्यरत एलडीसी कर्मचारी बुद्धि बल्लभ चमोली के साथ वाद-विवाद मारपीट को लेकर नाराजगी व्यक्त की गई। इस दौरान संघ के पदाधिकारियों ने कर्मचारियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने व छात्र नेता गौरव मोहन नेगी के विरुद्ध प्रशासनिक कार्यवाही किए न किए जिने पर चुनाव बहिष्कार की चेतवानी दी गई।

इसके पश्चात शिक्षणेत्तर कर्मचारियों ने कुलसचिव से वार्ता कर छात्र नेता पर कार्यवाही करने की मांग पर अड़े रहे। मामले पर कुलसचिव प्रो. राकेश कुमार ढोड़ी के फैक्ट फाइंडिंग कमेटी का गठन किए जाने के आश्वासन पर कर्मचारी माने। वहीं दूसरी ओर छात्रा संघ के विश्वविद्यालय प्रतिनिधि आशीष पंत ने कुलसचिव से वार्ता करते हुए एलडीसी कर्मचारी पर अभद्रता का आरोप लगाते हुए निलंबन की मांग की।

इस दौरान उन्होंने वर्ष 2006-07 में बैक पेपर में छेड़ छाड़ करने के आरोपों की जांच कराए जाने तथा रविंदर सिलवाल के त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में किसी व्यक्ति के चुनाव में प्रचार करने के संबंध में अनुशासनात्मक कार्यवाही किए जाने के संबंध में रजिस्टार महोदय को ज्ञापन दिया गया।

मामले में फैक्ट फाइंडिंग कमेटी के समक्ष रखे जाने के आश्वाशन के बाद छात्र माने। वहीं गत बुधवार को एलडीसी कर्मचारी बुद्धिबल्लभ चमोली ने कोतवाली पहुंचकर पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष के खिलाफ शिकायती पत्र दिया। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक जयपाल सिंह नेगी ने बताया कि शिकायती पत्र के आधार पर पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष गौरव मोहन नेगी के विरुद्ध विभिन्न धाराओं में मामला पंजीकृत किया गया है।

# गांव का दौरा कर विधायक ने दिया मदद का भरोसा

**■ 50 से अधिक परिवार खतरे में, विस्थापन के लिए जमीन चयन की प्रक्रिया जल्द होगी शुरू**
**सड़क, पानी, स्वास्थ्य व शिक्षा की समस्याओं के समाधान के लिए प्रशासन को मिले निर्देश**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** भिलंगना ब्लॉक की नैलचामी पट्टी के थार्ती ग्राम पंचायत की अनुसूचित जाति बस्ती में हाल ही में हुई अतिवृष्टि से भारी नुकसान हुआ है। गुरुवार को क्षेत्रीय विधायक शक्ति लाल शाह ने मौके पर पहुंचकर प्रभावित परिवारों की स्थिति का जायजा लिया और उन्हें राज्य सरकार की ओर से हर संभव मदद का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि सरकार प्रभावितों को बेहतर से बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है।

विधायक शाह ने बताया कि गांव के 15 परिवारों के विस्थापन को पहले ही स्वीकृति मिल चुकी है, जबकि 50 से 55 परिवार अब भी गंभीर खतरे में हैं। इन परिवारों के सुरक्षित विस्थापन के लिए जल्द ही प्रशासन के साथ मिलकर नई जगह का चयन किया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि अनुसूचित जाति के इन परिवारों के पास अपनी जमीन नहीं है, इसलिए प्रशासन को विस्थापन हेतु भूमि की व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए हैं। शनिवार को घनसाली में डीएम की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित की जाएगी, जिसमें विस्थापन की दिशा तय की जाएगी।

गांव के सरमोली तोक में अतिवृष्टि से हालात और भी भयावह हो गए हैं। कई घरों की दीवारों और नींव में बड़ी-बड़ी दरारें पड़ चुकी हैं, जिससे ग्रामीण लगातार दहशत के साए में जी रहे हैं। विधायक ने प्रशासन को गांव में सड़क, पेयजल, स्वास्थ्य और शिक्षा जैसी मूलभूत सुविधाओं की तत्काल व्यवस्था करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शीघ्र ही केंद्र सरकार की एक टीम उत्तराखंड पहुंचेगी, जो प्राकृतिक आपदा से हुए नुकसान का आकलन करेगी। इस दौरान टीम को घनसाली ले जाकर ग्रामीणों की समस्याओं से अवगत कराया जाएगा।ग्राम प्रधान दिनेश सिंह गुसाईं ने बताया कि गांव के मोहन लाल, सोहन लाल, मकान लाल, गोविंद लाल, कुंदन लाल, सुनील, रघुवीर लाल, वीरेंद्र लाल, मोहन पुत्र बीर दास, केदार लाल, कुंदन लाल पुत्र श्याम दास समेत 50 से अधिक परिवारों के मकानों में भूस्खलन के कारण लंबी-लंबी दरारें पड़ चुकी हैं। उन्होंने कहा कि ग्रामीण भयभीत हैं और सुरक्षित स्थान पर विस्थापन की मांग कर रहे हैं। इस मौके पर यशवंत सिंह गुसाईं और हिम्मत सिंह राणा भी मौजूद रहे। ग्रामीणों का कहना है कि विस्थापन की प्रक्रिया शीघ्र शुरू की जाए, ताकि वे भयमुक्त होकर अपने जीवन का पुनर्निर्माण कर सकें।

# जिलाधिकारी ने किया जिला चिकित्सालय का निरीक्षण

**■ गर्भवती महिला की मौत के मामले में परिजनों को दिलाया निष्पक्ष जांच कर भरोसा**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चमोली।**जिलाधिकारी संदीप तिवारी ने गोपेश्वर जिला चिकित्सालय में प्रसव के दौरान हुई महिला की मौत का संज्ञान लेते हुए बुधवार को चिकित्सालय का निरीक्षण किया। उन्होंने इस दौरान मुख्य चिकित्साधीक्षक से घटना की पूरी जानकारी ली। वहीं इस दौरान उन्होंने मृतका के परिजनों से वार्ता कर मामले की निष्पक्ष जांच कराने का भरोसा दिलाया।जिलाधिकारी ने निरीक्षण के दौरान मुख्य चिकित्साधीक्षक डा. अनुराग धनिक को चिकित्सालय में व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने चिकित्सालय में तैनाती सभी अधिकारी कर्मचारियों व्यवहार में सौम्यता रखते हुए उपचार करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि मामले में जहां मजिस्ट्रेटी जांच के आदेश दिए गए हैं। वहीं मृतका के पोस्टमार्टम की विडियो बनाई गई है। साथ ही मामले की उच्च स्तरीय चिकित्सा समिति की जांच को लेकर कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने मृतका के परिजनों को मामले की निष्पक्ष जांच कर कार्रवाई करने का भरोसा दिलाया है। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी विवेक प्रकाश, उप जिलाधिकारी राजकुमार पांडेय, पूर्व नगर पालिका सभासद नवल भट्ट, अंकोला पुरोहित, शांति राणा, गोविंद सजवांण सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## एक नजर .......

### एलयूसीसी पीड़ितों का धरना प्रदर्शन जारी

**कोटद्वार।** द लोनी अरबन मल्टी स्टेट क्रेडिट एंड थ्रिफ्ट को-ऑपरेटिव सोसाइटी में वित्तीय धोखाधड़ी का शिकार हुए पीड़ितों का तहसील परिसर में चल रहा धरना 60 वें दिन भी जारी रहा। इस मौके पर आयोजित सभा में वक्ताओं ने कहा कि प्रदेश सरकार ने एलयूसीसी में हुई वित्तीय धोखाधड़ी की जांच सीबीआई से कराने के निर्देश दिए थे लेकिन अभी तक उन्हें सीबीआई जांच शुरू होने के संबंध में कोई जानकारी नहीं दी गई है। धरना देने वालों में अंजू डबराल, आरती नेगी, इंदू कोटनाला, सुनीता रावत, सुनीता नेगी, रजनी, ममता, पूजा नेगी, सुरेश नेगी, संदीप रावत, प्रेम सिंह, विजेंद्र रावत, राजेंद्र भंडारी, हरेंद्र शामिल रहे।

### शैलशिल्पी पराक्रम दिवस समारोह छह को

**कोटद्वार।** शैलशिल्पी विकास संगठन छह सितंबर को ऐतिहासिक पौड़ी क्रांति की 93वीं वर्षगांठ और इसके नायक कर्मवीर जयानंद भारतीय के सम्मान में आठवां शैलशिल्पी पराक्रम दिवस समारोह आयोजित कर रहा है। यह समारोह गूमखाल में सुबह 10 बजे से होगा। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष विकास कुमार आर्य ने बताया कि कार्यक्रम में पर्यावरणविद डॉ त्रिलोक चंद्र सोनी वृक्षमित्र को संगठन के सर्वोच्च सम्मान शैलशिल्पी कर्मवीर जयानंद भारती सम्मान 2025 से नवाजा जाएगा। समारोह की मुख्य अतिथि द्वारीखाल की ब्लॉक प्रमुख बीना राणा होंगी। विशिष्ट अतिथियों में जिला पंचायत सदस्य महेंद्र राणा, पूर्व जिला शासकीय अधिवक्ता अवनीश नेगी, एससी, एसटी शिक्षक एसोसिएशन के प्रांतीय अध्यक्ष संजय टम्टा होंगे।

### विधानसभा अध्यक्ष ने किया एआरटीओ कार्यालय का औचक निरीक्षण

**कोटद्वार ।** उत्तराखंड विधानसभा अध्यक्ष एवं कोटद्वार विधायक ऋतु खण्डूडी भूषण ने गुरुवार को क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय, कोटद्वार का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कार्यालय में उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों की उपस्थिति रजिस्टर की जांच की और कार्यप्रणाली का विस्तृत अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने वाहन पंजीकरण, ड्राइविंग लाइसेंस जारी करने, वाहन फिटनेस जाँच एवं सड़क परिवहन से संबंधित अन्य सेवाओं की प्रगति की समीक्षा की। विधानसभा अध्यक्ष ने अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि परिवहन कार्यालय में प्रतिदिन बड़ी संख्या में आम लोग आते हैं। जनता को किसी भी प्रकार की असुविधा या परेशानी न हो, यह हमारी प्राथमिक जिम्मेदारी है। अधिकारी और कर्मचारी समय पर कार्यालय पहुँचें, कार्य में गति और पारदर्शिता लाएं तथा जनता की हर समस्या का त्वरित समाधान करें।

### बारिश के चलते नैथाण झुला पुल और लिंग मार्ग क्षतिग्रस्त



**श्रीनगर।** विगत तीन दिनों से हो रही लगातार बारिश के कारण और अलकनंदा नदी का जल स्तर बढ़ने से नैथाणा झुला पुल की नींव पुरी तरह से खोखली हो गई है। यदि से झुला पुल का ट्रीटमेंट नहीं किया गया तो झुला पुल पूर्ण रूप से क्षतिग्रस्त होकर धडाम हो सकता है। हालंकि कोई दुर्घटना न हो इसको लेकर पुलिस प्रशासन द्वारा पुल में आवाजाही को पूर्ण रूप से बंद कर दिया गया है। बताते चले कि कई वर्षों से नैथणा झुल पुल से नैथाणा, रानीहाट, गुठाई सहित चौरास क्षेत्र की जनता अवागमन करते आ रहें है, लेकिन अलकनंदा नदी का जलस्तर बढ़ने और लगातार हो रही तेज बारिश के कारण नैथाणा झुल पुल सहित लिंग मार्ग पूर्ण रूप से क्षतिग्रस्त हो गया है। उधर, लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता धीरेंद्र कुमार ने बताया कि अलकनंदा नदी का जल स्तर और लगातार बारिश के चलते नैथाणा पुल और लिंग मार्ग क्षतिग्रस्त हो गया है। बताया कि इसको लेकर लोनिवि के अधिकारियों के द्वारा प्रभावित क्षेत्र का निरीक्षण भी किया गया है।

# पंचायत की बैठक में रोडवेज बस सेवा शुरू करने की उठी मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थत्यूड़** (टिहरी)। जौनपुर क्षेत्र पंचायत की पहली अनौपचारिक बैठक गुरुवार को ब्लॉक सभागार थत्यूड़ में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता ब्लॉक प्रमुख सीता पवार ने की। इस दौरान सभी शपथ ग्रहण कर चुके क्षेत्र पंचायत सदस्य व ब्लॉक स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

बैठक की शुरुआत में सभी क्षेत्र पंचायत सदस्यों और ब्लॉक अधिकारियों का औपचारिक परिचय कराया गया।

बैठक के दौरान जौनपुर विकास मंच की ओर से विकासखंड मुख्यालय थत्यूड़ में रोडवेज बस सेवा शुरू करने की मांग को लेकर ब्लॉक प्रमुख सीता पवार को एक ज्ञापन सौंपा गया।

इसी मांग को लेकर पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष रमेश प्रसाद लेखवार और पूर्व प्रधान श्याम सिंह असवाल ने जिला मुख्यालय नई टिहरी में जिलाधिकारी नीतिका खंडवाला को भी ज्ञापन सौंपा। बैठक में जेस्ट उप प्रमुख जयकृष्ण उनियाल, कनिष्ठ उप प्रमुख मंजू पवार, खंड विकास अधिकारी अर्जुन सिंह रावत, एवीडियो डीपी चमोली, पूर्व ब्लॉक प्रमुख, क्षेत्र पंचायत सदस्य सीता रावत, जगत सिंह, पूरण सिंह बेलवाल, लक्ष्मी नौटियाल समेत अन्य जनप्रतिनिधि और अधिकारी मौजूद रहे।

# मुनिकीरेती में सरस मेला, सीडीओ ने संभाली कमान

**शाह टाइम्ससंवाददाता**

**नई टिहरी।** जनपद के मुनिकीरेती स्थित पूर्णानन्द स्टेडियम में आगामी 06 से 15 अक्टूबर तक भव्य सरस मेले का आयोजन किया जाएगा। मेले की तैयारियों को लेकर गुरुवार को विकास भवन सभागार, नई टिहरी में मुख्य विकास अधिकारी वरुणा अग्रवाल की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक हुई। सीडीओ ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी विभाग अपनी जिम्मेदारी तय समय में पूरी करें ताकि मेले का संचालन सुचारू रूप से हो सके।

सीडीओ ने बताया कि मेले में सांस्कृतिक कार्यक्रम, विभागीय स्टॉल, परिवहन, खानपान, स्वास्थ्य शिविर, मंच, शौचालय, साफ-सफाई और सुरक्षा सहित सभी व्यवस्थाएं सुदृढ़ की जाएंगी। मुख्य कृषि अधिकारी को किसान गोष्ठी का खाका तैयार करने, शिक्षा, युवा कल्याण एवं संस्कृति विभाग को सांस्कृतिक कार्यक्रमों का शेड्यूल बनाने और नगरपालिका परिषद मुनिकीरेती को नियमित सफाई के साथ अंतिम दिन विशेष सफाई अभियान चलाने के निर्देश दिए गए। बीडीओ को स्टॉल की सूची तैयार करने, जबकि एसडीएम नरेंद्रनगर और डीटीडीओ को कमरों की व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए कहा गया। सभी विभागों को अपनी-अपनी योजनाओं से जुड़े स्टॉल लगाने के भी निर्देश मिले।

मेले का शुभारंभ 06 अक्टूबर को ग्राम्य विकास विभाग द्वारा लखपति दीदी मेला, स्वयं सहायता समूहों के उत्पादों की वेबसाइट लॉन्चिंग और हर्बल टी व रोजमेरी ऑयल यूनिट के उद्घाटन से होगा।

07 अक्टूबर को रोजगार मेला, 08 अक्टूबर को लखपति दीदी गोष्ठी, 09 अक्टूबर को किसान गोष्ठी व उत्कृष्ट कृषकों का सम्मान, 10 अक्टूबर को वन विभाग एवं पंचायत प्रतिनिधियों का सम्मेलन, 11 अक्टूबर को विधिक साक्षरता शिविर व आपदा प्रबंधन प्रदर्शनी, 12 अक्टूबर को महिला सशक्तिकरण व बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ विषय पर गोष्ठी, 13 अक्टूबर को क्रेता-विक्रेता सम्मेलन तथा 14 अक्टूबर को गुल्लक 2.0 कार्यक्रम आयोजित होगा।सांस्कृतिक सांध्य के तहत 06 अक्टूबर को पांडवाज, 07 को कवि सम्मेलन, 08 को मंगलेश डंगवाल, 09 को रजनीकांत सेमवाल, 10 को माया उपाध्याय, 11 को सौरभ मैठानी व गौरव लेखवार, 12 को पवनदीप, 13 को इंदर आर्य और 14 अक्टूबर को प्रीतम भरतवाण सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देंगे। बैठक में पीडी डीआरडीए पी.एस. चौहान, डीडीओ मो. असलम, ईई लघु सिंचाई बृजेश गुप्ता, डीपीआरओ एम.एम. खान, डीटीडीओ एस.एस. राणा, डीएसओ मनोज डोभाल, एआरटीओ सत्येंद्र राज, जिला सेवायोजन अधिकारी लक्ष्मी यादव, ईई जल संस्थान प्रशांत भारद्वाज समेत अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# कार्यकारिणी का गठन, राजीव पंवार बने अध्यक्ष

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** उद्योग व्यापार मंडल लंबगांव की नई कार्यकारिणी का गठन सर्वसम्मति से संपन्न हुआ। इस चुनाव में राजीव पंवार को निर्विरोध अध्यक्ष चुना गया, जबकि सुरेंद्र सिंह राणा को महामंत्री की जिम्मेदारी सौंपी गई। चुनाव प्रक्रिया लंबगांव व्यापार मंडल के सभागार में प्रदेश और जिला उद्योग व्यापार मंडल के पदाधिकारियों की देखरेख में हुई, जहां पूर्ण पारदर्शिता और आपसी सहमति से पदाधिकारियों का चयन किया गया।

चुनाव में अध्यक्ष और महामंत्री के साथ अन्य पदों के लिए भी प्रतिनिधियों का चयन किया गया। अमन राणा को कोषाध्यक्ष तथा उदयवीर नेगी को उपाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपी गई। निर्वाचित पदाधिकारियों को प्रदेश कार्यकारिणी के संयुक्त मंत्री अब्दुल अतीक ने पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस अवसर पर उन्होंने सभी से व्यापारिक हितों की रक्षा और व्यापारियों की समस्याओं के समाधान के लिए एकजुट होकर कार्य करने का आह्वान किया।

नवगठित कार्यकारिणी के गठन के बाद बैठक को संबोधित करते हुए व्यापार मंडल के निवर्तमान अध्यक्ष युद्धवीर राणा ने अपने कार्यकाल की उपलब्धियों और योजनाओं की रूपरेखा प्रस्तुत की। उन्होंने आशा जताई कि नई कार्यकारिणी भी व्यापारियों की उम्मीदों पर खरी उतरेगी और संगठन को और मजबूती प्रदान करेगी।

चुनाव के उपरांत क्षेत्र के कई जनप्रतिनिधि और संगठन से जुड़े वरिष्ठ सदस्य भी उपस्थित रहे। निवर्तमान ब्लॉक प्रमुख प्रदीप रामोला, भाजपा ब्लॉक महामंत्री मुरारी रांगड़ और लोकपाल कंडियाल ने सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दीं और उनके सफल कार्यकाल की अपेक्षा व्यक्त की। इस अवसर पर प्रदेश कार्यसमिति सदस्य दिवाकर रावत, जिला महामंत्री कर्म सिंह तोपवाल, जिला कोषाध्यक्ष मायाराम थपलियाल, व्यापार मंडल के संरक्षक एवं वरिष्ठ व्यापारी दर्शन सिंह पोखरियाल सहित बड़ी संख्या में व्यापारी और स्थानीय गणमान्यजन उपस्थित रहे। सभा में अर्जुन सिंह बिष्ट, बचन सिंह कलूड़ा, सतीश रांगड़, राजेंद्र रांगड़, पवन सिंह राणा, हुकम सिंह पंवार, आशीष रावत, जगदीप रावत, केदार सिंह बिष्ट, हरि प्रसाद डिमरी, विजय धनाई, विजय रावत, गिरीश पंवार, जसपाल रावत, महिपाल कैंतुरा, अजय रांगड़, राजबीर पंवार, महेश रावत, सुरेंद्र रावत, अजय कलूड़ा, कविराज बगियाल, प्रमोद पंवार, जयवीर बिष्ट, दरमियान बिष्ट, सचिन बिष्ट समेत बड़ी संख्या में व्यापारी और स्थानीय लोग मौजूद रहे।

# धूमधाम से मनाया गया शिक्षक दिवस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** दिल्ली जूनियर स्कूल श्रीनगर में वीरवार को शिक्षक दिवस हर्ष और उल्लास के साथ मनाया गया। बच्चों ने सुबह से ही अपने-अपने शिक्षकों को उपहार, शुभकामना कार्ड और फूल भेंट कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना से हुआ। इसके बाद विद्यार्थियों ने कविता, गीत, नृत्य और लघु नाटिका प्रस्तुत कर अपने शिक्षकों के प्रति आभार व्यक्त किया। बच्चों ने कहा कि शिक्षक ही उनके सच्चे मार्गदर्शक और प्रेरणास्त्रोत होते हैं। प्रधानाचार्य अनामिका भंडारी ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षक ही समाज के निर्माता होते हैं, जो बच्चों के भविष्य को संवारते हैं। उन्होंने बच्चों को गुरुजनों का सदैव सम्मान करने और उनके बताए मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी। शिक्षिका बबिता गुसाईं ने कहा कि शिक्षा केवल पुस्तक तक सीमित नहीं है, बल्कि यह जीवन जीने की कला भी सिखाती है। पूजा नेगी ने विद्यार्थियों से कहा कि गुरु के बिना ज्ञान और सफलता दोनों अधूरी हैं। वहीं, विद्या धपोला ने बच्चों को डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जीवन से प्रेरणा लेने और उनके आदर्शों पर चलने की बात कही। विद्यालय प्रबंधन ने भी शिक्षकों और विद्यार्थियों के सामंजस्य की सराहना की।

# चम्बा-ऋषिकेश राष्ट्रीय राजमार्ग पर परिवहन विभाग की सख्ती

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** जिलाधिकारी नितिका खण्डेलवाल के निर्देशों के तहत बुधवार, 3 सितंबर को परिवहन विभाग टिहरी ने राष्ट्रीय राजमार्ग-34 (चम्बा-ऋषिकेश मार्ग) पर विशेष चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान विभागीय टीम ने यात्री और माल वाहनों की गहन जांच करते हुए नियमों के उल्लंघन पर सख्त कार्यवाही की।



अभियान में बिना कर, बिना प्रदूषण प्रमाणपत्र, बिना परमिट और बिना फिटनेस के चल रहे वाहनों को रोका गया। इसके साथ ही यात्री वाहनों में ओवरलोडिंग और माल वाहनों में क्षमता से अधिक भार ढोने के मामलों पर भी प्रभावी कार्रवाई की गई। विभाग ने कुल 63 चालान किए, जिनमें से 30 मामले ओवरस्पीडिंग से संबंधित पाए गए।

परिवहन विभाग ने स्पष्ट किया है कि यह कार्रवाई केवल अभियान तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि सड़क सुरक्षा और जनहित को ध्यान में रखते हुए भविष्य में भी इसी प्रकार की कड़ी जांच लगातार जारी रहेगी।

चेकिंग अभियान के दौरान एआरटीओ सत्येन्द्र राज, परिवहन सहायक निरीक्षक अनंतराम रावत, अर्जुन सिंह, रोहन, मोनिका और विपिन प्रवर्तन सिपाही मौजूद रहे।

# बीडीसी बोर्ड बैठक में आपदा राहत पर रही चर्चा

**श्रीनगर।** विकासखंड कीर्तिनगर की पहली बीडीसी बोर्ड बैठक गुरुवार ब्लाक सभागार में सम्पन्न हुई। इस दौरान विकासखंड में बादल फटने और आपदा की स्थिति पर विस्तार से चर्चा हुई। प्रमुख ने अधिकारियों को राहत एवं बचाव कार्यों में प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। ब्लाक कार्यालय में आयोजित बैठक में 30 से अधिक प्रस्ताव प्राप्त हुए। विभिन्न क्षेत्र पंचायत सदस्यों ने विकास कार्यों से जुड़े प्रस्ताव प्रस्तुत किए। प्रमुख अचला खण्डेवाल ने कहा कि सभी प्रस्तावों पर विचार कर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि प्रत्येक अधिकारी की जिम्मेदारी और जवाबदेही तय होगी, और लापरवाही पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# सैनिकों का सम्मान हर दिन होना चाहिए : ऋतु खण्डूडी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कोटद्वार ।** अमर उजाला द्वारा आयोजित गढ़वाल वीरता सम्मान 2025 कार्यक्रम में गुरुवार को विधानसभा अध्यक्ष एवं कोटद्वार विधायक ऋतु खण्डूडी भूषण ने मुख्य अतिथि के रूप में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर अमर उजाला समूह द्वारा उन वीर सैनिकों एवं शहीदों के परिजनों को सम्मानित किया गया, जिन्होंने देश की रक्षा में अपना जीवन समर्पित किया है। इस आयोजन का उद्देश्य समाज में राष्ट्ररक्षकों के योगदान को जन-जन तक पहुँचाना और नई पीढ़ी में देशभक्ति की भावना को सुदृढ़ करना रहा।



कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि मैं आज यहाँ एक सैनिक परिवार की सदस्य के रूप में आई हूँ। 1971 की जंग के समय मैं बहुत छोटी थी, लेकिन उस युद्ध का दृश्य आज भी मेरे मस्तिष्क पर अंकित है। जब कोई सैनिक शहीद होता है, तो उसके परिवार पर क्या गुजरती है, यह पीड़ा सैनिक परिवार से बढ़कर कोई नहीं समझ सकता। एक सैनिक 18 वर्ष की आयु में ही देश के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर करने को तैयार रहता है। इसलिए सैनिकों के सम्मान का कोई एक-दो दिन तय नहीं होना चाहिए, बल्कि साल के 365 दिन उनके प्रति आदर और कृतज्ञता हमारे हृदय में होनी चाहिए। इसलिए मैं इन वीर सैनिकों और उनके परिवारों को शत-शत नमन करती हूँ। अपने पिता मेजर जनरल बी.सी. खण्डूडी का उल्लेख करते हुए विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि मेरे पिता ने देश के लिए तीन जंग लड़ीं और श्रीलंका में हुए ऑपरेशन का भी नेतृत्व किया।

इसीलिए आज हमारा प्रदेश सैनिकों और उनके परिवारों को इतना सम्मान देता है। विधानसभा अध्यक्ष ने अमर उजाला के इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम सिर्फ शहीद परिवारों का सम्मान ही नहीं, बल्कि समाज को यह संदेश भी देते हैं कि सैनिकों का बलिदान कभी व्यर्थ नहीं जाता और उनकी वीरता सदैव अमर रहती है। इस अवसर पर कोटद्वार मेयर शैलेन्द्र रावत, जिला अध्यक्ष राज गौरव नौटियाल, मंडल अध्यक्ष विकास दीप मित्तल, पूर्व जिला अध्यक्ष वीरेंद्र रावत, प्रोफेसर एनके सिंह, जयदेव राणा, मंडल अध्यक्ष एवं पार्षद प्रेमा खंतवाल, पार्षद उमेद सिंह नेगी, पार्षद सुभाष पांडे, अमित नेगी, हरि सिंह पुंडीर, कुलदीप रावत, गजेंद्र मोहन धस्माना, सौरभ नौटियाल, रजनीश बेबनी, सुरेंद्र बिजवान, मीनू डूबरियाल, गोपाल दत्त जखमोला, बबीता सिंह, महमूदा मुस्कान, अनिल नवानी, कमल नेगी, मोहनी काला नवानी उपस्थित रहे व मंच का संचालन डॉ पदमेश बुड़ाकोटी ने किया।

# कांग्रेस की 2500 RTI पर मिले सिर्फ 136 के जवाब: सप्पल

## उत्तराखंड कांग्रेस का 'मेरा वोट, मेरा अधिकार' अभियान जारी

- वोट चोरी रोकने को प्रदेशभर में चल रहा जनजागरण अभियान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सीडब्ल्यूसी सदस्य गुरदीप सप्पल ने कहा कि देशभर में सुनियोजित तरीके से वोट चोरी हो रही है। पात्र नागरिकों के नाम मतदाता सूची से हटाए जा रहे हैं और अपात्र लोगों के नाम जोड़े जा रहे हैं। यह तकनीकी भूल नहीं, बल्कि लोकतंत्र को बंधक बनाने की साजिश है। चुनाव आयोग निष्पक्ष संस्था न रहकर सत्ता की कठपुतली की तरह काम कर रहा है।

गुरुवार को गुरदीप सप्पल ने प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में पत्रकार वार्ता में कहा कि कांग्रेस की शिकायतों के बावजूद आयोग कार्रवाई करने की बजाय शिकायतकर्ताओं पर सवाल उठा रहा है। वोट चोरी को नियमित प्रक्रिया बताना जनता के अधिकारों पर सीधा डाका है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी के नेतृत्व में चल रहे राष्ट्रीय आंदोलन के तहत उत्तराखंड में मेरा वोट मेरा अधिकार अभियान चलाया गया। सप्पल ने बताया कि अभियान का लक्ष्य 2000 आरटीआई दायर करने का था, लेकिन जनता के समर्थन से यह संख्या 2500 से अधिक हो गई। हजारों नागरिकों ने स्वतंत्र रूप से भी आवेदन दायर किए। इसके बावजूद आयोग से सिर्फ 136 जवाब मिले, जिनमें ज्यादातर अस्पष्ट और टालमटोल वाले हैं। इस मौके पर प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ उपाध्यक्ष संगठन सूर्यकांत धस्माना, प्रेम बहुखंडी, पंकज क्षेत्री एडवोकेट, अभिनव थापर, अमरजीत सिंह, सुजाता पॉल और डॉ. प्रतिमा सिंह भी मौजूद रहीं।

### शहरी निकाय चुनावों में बड़ी गड़बड़ी सामने आई: माहरा

**देहरादून।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष करण माहरा ने बताया कि कार्यकर्ताओं ने घर-घर जाकर मतदाता सूची का सत्यापन किया और जिनके नाम गायब थे, उन्हें अपने अधिकारों की रक्षा के लिए प्रेरित किया। माहरा ने कहा कि अभियान में कई बाधाएँ भी आईं। हरिद्वार जिला निर्वाचन कार्यालय ने आरटीआई स्वीकारने से इनकार कर दिया, जिसे विरोध के बाद मानना पड़ा। डाकघरों में 10 रुपये का पोस्टल ऑर्डर उपलब्ध न होना भी बड़ी रुकावट रहा। यदि ये बाधाएँ न होतीं, तो आवेदन संख्या 10,000 तक पहुँच सकती थी। शहरी निकाय चुनावों में बड़ी गड़बड़ी सामने आई। देहरादून नगर निगम चुनाव में अगस्त 2024 की सूची से लगभग 96,000 नाम काट दिए गए। बाद में संख्या बढ़ाई गई, लेकिन चुनाव से तीन दिन पहले 32,000 नाम दोबारा हटाए गए।

# ग्राम प्रधान गांव के विकास की रीढ़ : जोशी

- मसूरी विधानसभा क्षेत्र के नव निर्वाचित प्रधानों का जोशी ने किया सम्मान

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने गुरुवार को कैंप कार्यालय में मसूरी विधानसभा क्षेत्र से नव निर्वाचित ग्राम प्रधानों का स्वागत एवं अभिनंदन किया। इस अवसर पर मंत्री जोशी ने विजय प्राप्त ग्राम प्रधानों को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया और उन्हें शुभकामनाएं दीं।

कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि ग्राम प्रधान गांव के विकास की रीढ़ हैं और लोकतंत्र की पहली सीढ़ी पंचायतें ही होती हैं। उन्होंने आशा जताई कि सभी प्रधान गांव के सर्वांगीण विकास में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएंगे। सम्मानित नव निर्वाचित प्रधानों में गजियावाला से पूनम रेगमी, गंगोल पंड़ितवाड़ी से सुनील क्षेत्री, सिगली से विक्रम सिंह थापली, बिष्टगांव से भारती जवाड़ी, भगवन्तपुर से रेनू नैथानी शर्मा और भितरली से आरती शामिल रहे। इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता लक्ष्मण सिंह रावत, मंडल महामंत्री किरन जवाड़ी, पूर्व प्रधान जितेन्द्र राणा, समुन्दर रेगमी, गणेश सौती शर्मा, संजय शर्मा, केदार जोशी, माया राणा, मुकेश कनौजिया, धीरज ठाकुर सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# लंबित विवेचनाओं का जल्द करें पुलिस निस्तारण:मुरुगेशन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से गढ़वाल एवं कुमाऊँ रेंज सहित समस्त जनपदों के वरिष्ठ/पुलिस अधीक्षकों के साथ लम्बित विवेचनाओं को बारावफात पर्व की सुरक्षा व्यवस्था के सम्बन्ध में अपर पुलिस महानिदेशक अपराध एवं कानून व्यवस्था वी मुरुगेशन ने जनपदवार विस्तृत समीक्षा व चर्चा की गई।सभी जनपद प्रभारियों को ईद-ए-मिलाद व मिलाद-उल-नबी (बारावफात) के दौरान साम्प्रदायिक सौहार्द एवं शान्ति/कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिए आवश्यक पुलिस प्रबन्ध करने, थाना स्तर पर सी.एल.जी. एवं पीस कमेटी की बैठकें आज ही आयोजित करने व पर्व पर भीड़ के आवागमन को दृष्टिगत रखते हुए सुचारू यातायात व्यवस्था के लिए यातायात प्लान बनाने को निर्देशित किया गया। ताकि सार्वजनिक स्थलों पर आतिशबाजी के कारण आवागमन में असुविधा न होने के साथ ही जुलूस के आयोजकों को पूर्व की भान्ति परम्परागत मार्गों से ही जुलूस को ले जाने के लिए निर्देशित किया गया। अपर पुलिस महानिदेशक महोदय ने विवेचनाओं को लेकर की गई अपेक्षाओं से अधिकारियों को अवगत कराते हुए निर्देशित किया गया कि प्रत्येक लम्बित विवेचना न केवल पीड़ित को न्याय दिलाने में विलंब करती है। अतः यह अनिवार्य है कि सभी लम्बित विवेचनाओं का निस्तारण निश्चित समयसीमा में किया जाए।

# विद्यालयी शिक्षा के लिए पाठ्यचर्या की रूपरेखा पारित

## शिक्षामंत्री डॉ. रावत की अध्यक्षता में आयोजित टास्क फोर्स ने दी हरी झंडी, परीक्षा के लिए 20 कार्यदिवस तय

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के प्रावधानों के तहत तैयार राज्य पाठ्यचार्य को राज्य स्तरीय टास्क फोर्स ने सर्वसम्मति से पारित कर दिया है। इसके तहत अब प्रदेशभर के विद्यालयों में 240 दिन अनिवार्य रूप से कक्षाओं का संचालन किया जायेगा। साथ ही प्रत्येक सप्ताह 32 घंटे का शैक्षणिक दिवस आवंटित किया गया है। इसके अलावा परीक्षा एवं मूल्यांकन कार्य के लिए 20 दिन तथा सहशैक्षणिक गतिविधियों व बस्ता रहित दिवसों के लिए 10-10 दिन तय किये गये हैं।



सूबे के विद्यालयी शिक्षा मंत्री व राज्य स्तरीय टॉस्क फोर्स के अध्यक्ष डॉ. धन सिंह रावत की अध्यक्षता में गुरुवार को सचिवालय स्थित सभागार में विद्यालयी शिक्षा के लिए एनईपी-2020 के तहत तैयार किये गये राज्य पाठ्यचर्या की रूपरेखा पर विस्तृतर चर्चा की गई। जिसमें विभागीय अधिकारियों ने गठित टास्क फोर्स के समक्ष पावर प्वाइंट के माध्यम से बिन्दुवार प्रस्तुतिकरण दिया। जिस पर बैठक में उपस्थित मुख्य सचिव व विभागीय सचिव सहित अन्य सदस्यों ने पाठ्यचर्या की रूपरेखा को हरी झंडी दी। विभागीय मंत्री डॉ. रावत ने बताया कि एनईपी-2020 की सिफारिशों के तहत कुल 297 टास्क निर्धारित किये गये हैं जिसमें 202 टास्क राज्यों द्वारा लागू किये जाने हैं। उन्होंने बताया कि राज्य पाठ्यचर्या की संरचना को प्रमुख रूप से पांच भागों में बांटा गया हे। जिसके प्रथम भाग में विद्यालयी शिक्षा के व्यापक उद्देश्यों एंव लक्ष्यों के प्राप्त हेतु अपेक्षित मूल्य, स्वभाव, दक्षता, कौशल और ज्ञान की स्पष्टता को रखा गया है। जबकि दूसरे भाग में महत्वपूर्ण क्रॉस विषयों, मूल्य आधारित शिक्षा, पर्यावरणीय संवेदनशीलता, समावेशी, मार्गदर्शन एंव परामर्श तथा विद्यालयों शैक्षणिक प्रौद्योगिकी विषयों का समावेश निर्धारित किया गया है। तीसरे भाग में विषयों की विस्तृतता, शिक्षण मानक, उपयुक्त विषयवस्तु का चयन, शिक्षा शास्त्र और मूल्यांकन क्षेत्रों के लिये विशिष्ट दिशा निर्देशों का समावेश शामिल हैं। इसी प्रकार चौथे भाग में विद्यालयी संस्कृति क्रिया-कलाप एवं प्रक्रियाएं, विद्यालय में अनुकूलित शैक्षणिक एवं पर्यावरणीय वातावरण के साथ सामाजिक मूल्यों एवं स्वभावों को विकसित करने की गतिविधियों का समावेश है। जबकि पांचवें भाग में विद्यालयी शिक्षा की समग्र पारिस्थितिकी तंत्र के लिये शिक्षा क्षमताएं, सेवा-शर्ते, भौतिक एवं बुनियादी ढांचें तथा समुदाय व परिवार की भूमिका का समावेश किया गया है। बैठक में मुख्य सचिव आनंद वर्द्धन, सचिव शिक्षा रविनाथ रमन, सचिव संस्कृति युगल किशोर पंत, अपर सचिव उच्च शिक्षा मनुज गोयल, निदेशक एससीईआरटी वंदना गर्ब्याल, पदमेन्द्र सकलानी, कृष्णानंद बिजल्वाण, रविदर्शन तोपवाल सहित अन्य सदस्य मौजूद थे।

### अब सूबे के स्कूलों में 240 दिन चलेगी कक्षाएं

शिक्षा मंत्री डॉ. रावत ने बताया कि नये पाठ्यचर्या के तहत विद्यालयों में 240 दिन अनिवार्य रूप से कक्षाओं का संचालन किया जायेगा। जबकि परीक्षा व आंकलन के लिए कार्य दिवसों का आवंटन किया गया है। साथ ही विद्यालयों में विभिन्न सहशैक्षणिक गतिविधियों के लिये 10 दिवस निर्धारित किये गये हैं, जबकि 10 दिवसों को बस्ता रहित श्रेणी में रखा गया है जो कि पृथक से आवंटित किये गये हैं। सप्ताह में 32 घंटे का शैक्षणिक दिवस निर्धारित किया गया है।

# आपदा प्रभावित सेब काश्तकारों को उचित दर दिलाने के लिए सौंपा ज्ञापन

## भाजपा जिलाध्यक्ष ने कृषि मंत्री जोशी से की मुलाकात



**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** सूबे के कृषि मंत्री गणेश जोशी से सोमवार को उनके कैंप कार्यालय में उत्तरकाशी भाजपा जिला अध्यक्ष नागेंद्र चौहान ने भेंट की। इस दौरान उन्होंने विकासखण्ड भटवाड़ी की पट्टी उपला टकनौर के ग्राम धराली, मुखवा, हर्षिल, बगोरी, झाला, पुराली, जसपुर और सुक्खी के साथ ही विकासखण्ड मोरी तथा नौगांव के आपदा प्रभावित सेब काश्तकारों की समस्याओं को रखा।

जिला अध्यक्ष नागेंद्र चौहान ने कृषि मंत्री गणेश जोशी को ज्ञापन सौंपते हुए सेब उत्पादकों की नगदी फसल को उचित दर पर खरीदने और प्रभावित किसानों को मुआवजा उपलब्ध कराने की मांग की। कृषि मंत्री गणेश जोशी ने इस पर सकारात्मक रुख दिखाते हुए आश्वासन दिया कि राज्य सरकार संकट की इस घड़ी में किसानों के साथ खड़ी है। उन्होंने कहा कि आपदा प्रभावित काश्तकारों को हरसंभव राहत दिलाने के लिए सरकार गंभीर है और उनकी समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य भरसाली भरत सिंह, भाजपा जिला प्रभारी मेहरबान सिंह रावत, धर्मेंद्र रावत आदि उपस्थित रहे।

### सिंगटाली पुल स्वीकृति के लिए सीएम का आभार जताया

**देहरादून।** सिंगटाली मोटर पुल संघर्ष समिति ने विधायक यमकेश्वर रेनु बिष्ट के नेतृत्व में सीएम पुष्कर सिंह धामी से मुलाकात कर पुल निर्माण के लिए वित्तीय स्वीकृति प्रदान करने के लिए आभार व्यक्त किया है। समिति ने कहा है कि गढ़वाल - कुमांउ को जोड़ने वाला यह पुल 20 सालों से लंबित था। अब मुख्यमंत्री ने पुल निर्माण के लिए 57 करोड़ रुपए स्वीकृत कर दिए हैं। इससे क्षेत्र में विकास के नए द्वार खुलने की उम्मीद जगी है। समिति ने मुख्यमंत्री से शीघ्र पुल निर्माण के लिए भूमि पूजन भी करने का अनुरोध किया है। इस मौके पर समिति के अध्यक्ष उदय सिंह नेगी भी उपस्थित थे।



# नशा कारोबार रोकने को सीसीटीवी कैमरे लगेंगे

## मुख्य सचिव ने ली स्टेट लेवल नारकोटिक्स को-ऑर्डिनेशन मीटिंग

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** स्टेट लेवल नारकोटिक्स को-ऑर्डिनेशन मीटिंग मुख्य सचिव आनंद वर्धन की अध्यक्षता में गुरुवार को सचिवालय में सम्पन्न हुई। बैठक के दौरान मुख्य सचिव ने सभी जनपदों से उनके द्वारा की गई कार्यवाही की जानकारियां ली। उन्होंने सभी जिलाधिकारियों को जनपद स्तरीय एनकॉर्ड बैठकों को नियमित रूप से प्रत्येक माह आयोजित किये जाने के भी निर्देश दिए।

मुख्य सचिव ने कहा कि विभिन्न विभागों के अंतर्गत एंटी ड्रग के लिए बनी समितियों एवं नोडल अधिकारियों की सूची विशेष सचिव गृह से साझा किए जाएं। उन्होंने ड्रग के खिलाफ लगातार जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाने के निर्देश दिए। साथ ही, उन्होंने सरकारी नशा मुक्ति केंद्र संचालित किए जाने के निर्देश दिए। मुख्य सचिव ने नारकोटिक्स रूट मैप पर विशेष अभियान संचालित किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने विद्यालयों के आसपास एवं नशा के लिए ऐसे संभावित क्षेत्रों को चिन्हित कर सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएं, जहां इस प्रकार की गतिविधियां अधिक होती हैं। लगातार गिरफ्तारियां की जायें एवं केस फाइल किए जायें। ड्रग्स की गतिविधियों में संलिप्त लोगों पर कड़ी कार्रवाई की जाए। उन्होंने एसपी देहरादून को देहरादून में एंटी ड्रग्स के तहत प्रभावी एक्शन के निर्देश दिए। मुख्य सचिव ने पीआईटी एनडीपीएस एक्ट के तहत मामलों को मजबूती से तैयार किया जाए। उन्होंने नेटवर्क आइडेंटिफिकेशन पर सभी संबंधित एजेंसियों मिलकर काम करने की आवश्यकता है। इस अवसर पर सचिव गृह शैलेश बगौली, डॉ. आर. राजेश कुमार, एडीजी जेल अभिनव कुमार, एडीजी डॉ. वी. मुरुगेशन, आईजी नीलेश आनंद भरणे, अपर सचिव गृह निवेदिता कुकरेती सहित संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।




# शिक्षा के क्षेत्र में राधकृष्णन का योगदान सदैव रहेगा याद: कपिल

## उत्तराखंड मुक्त विवि परिसर कार्यालय देहरादून में शिक्षक दिवस मनाया गया

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** पूरे देश में 5 सितंबर 1888 को जन्मे भारत के प्रथम पूर्व उप राष्ट्रपति एवं दार्शनिक डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्मदिवस को समस्त शिक्षा जगत के लोग शिक्षक दिवस के रूप में मनाते है ।

गुरुवार को उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय द्वारा परिसर देहरादून में इस अवसर पर एक कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हिमालय सामाजिक संस्था के अध्यक्ष कपिल सामंत उपस्थित रहे । उन्होंने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में पूर्व राष्ट्रपति सर्वपल्ली राधाकृष्णन के योगदान को नहीं भुलाया जा सकता है ।उत्तराखंड भी शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणीय पंक्ति में खड़ा है, जिसमें उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय की भूमिका महत्वपूर्ण है। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉ. नरेंद्र जगूडी ने कहा कि एक शिक्षक को मूल्यवान आदर्शो पर निरंतर चलना चाहिए। शिक्षक समाज के एवं राष्ट्र के विकास का बुनियादी पत्थर है। कार्यक्रम में परिसर निदेशक डॉ . सुभाष रमोला ने कहा कि समाज के सर्वांगनी विकास में शिक्षक की महत्वपूर्ण भूमिका है। प्रत्येक शिक्षक को अपने कर्तव्यों का सत्यनिष्ठा के साथ कार्य करना चाहिए यही समाज और देश को आगे बढ़ाने में देश के प्रति सच्ची सेवा है। मंच का संचालन करते हुए डॉ . भावना डोभाल ने अपने संबोधन में कहा कि जिस प्रकार से किसी बच्चे की प्रथम शिक्षिका उसकी माता होती है। ठीक उसी तरह से प्रत्येक शिक्षक को अपने छात्रों को भी एक माता जैसे व्यवहार के साथ ज्ञान अर्जन करवाना चाहिए ।कार्यक्रम में अरविन्द कोटियाल , अजय कुमार, बृजमोहन खाती , सी.बी . पोखरीयाल, राहुल देव ,चेत बहादुर थापा,अभिषेक सहित शिक्षक एवं छात्र उपस्थित रहे।

### पर्यवेक्षकों ने जिलों में पहुंचकर किया मंथन: सारस्वत

**देहरादून ( शाह टाइम्स )।** उत्तराखण्ड प्रदेश कांग्रेस महामंत्री संगठन विजय सारस्वत ने बताया कि कांग्रेस संगठन सृजन अभियान के लिए अखिल भारतीयक कांग्रेस कमेटी की ओर से नियुक्त 28 पर्यवेक्षकगणों में से 27 पर्यवेक्षक अपने प्रभार वाले जनपदों में पहुंच चुके हैं। चमोली के लिए नियुक्त उार प्रदेश की विधायक व नेता प्रतिपक्ष उत्तर प्रदेश डॉ. अनुराधा मिश्रा मोना 14 सितम्बर के बाद पहुंचेंगी। उन्होंने बताया कि सभी पर्यवेक्षकगणों की और से कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं के साथ ही पार्टी के सभी जिला, ब्लाक व नगर कांग्रेस के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर सभी जनपदों में संगठन के पुनर्गठन की कवायद शुरू कर चुके हैं। सास्वत ने प्रदेश के सभी कांग्रेस जनों से अपील की कि वे निर्भीक होकर केन्द्रीय पर्यवेक्षकों के सम्मुख अपनी बात रखते हुए संगठन की सही स्थिति से अवगत करायें। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि संगठन सृजन के दूरगामी परिणाम होंगे।

# देहरादून को स्वच्छ एवं प्रदूषण-मुक्त बनाने में दें योगदान : मेयर



**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** नगर निगम देहरादून ने गुरुवार को स्वच्छ वायु कार्यक्रम के अंतर्गत स्वच्छ वायु सप्ताह के उपलक्ष्य में मीटिंग हॉल में एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता महापौर सौरभ थपलियाल एवं नगर आयुक्त नमामि बंसल ने संयुक्त रूप से की। कार्यक्रम में स्थानीय पार्षदगण, नगर निगम के अधिकारी-कर्मचारी एवं स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया।

सर्वप्रथम राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम के अंतर्गत नगर निगम के किए गए विभिन्न कार्यों पर आधारित लघु फिल्म का लोकार्पण किया गया। महापौर सौरभ थपलियाल ने नगरवासियों से अपील की कि सभी मिलकर देहरादून को स्वच्छ एवं प्रदूषण-मुक्त बनाने में योगदान दें। नगर आयुक्त नमामि बंसल ने विभिन्न विद्यालयों में आयोजित पेंटिंग एवं निबंध प्रतियोगिता के विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कृत कर सम्मानित किया।दून विश्वविद्यालय के प्रोफेसर विजय श्रीधर ने उपस्थित जनों को वायु प्रदूषण के कारणों, प्रभावों एवं समाधान के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी दी। वेस्ट वारियर संस्थान से नीरज भाटिया ने कचरा प्रबंधन की प्रक्रिया और महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। नगर आयुक्त नमामि बंसल ने नगर निगम द्वारा तैयार की गई हरित नीति का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया और नागरिकों से आग्रह किया कि वे अपने दैनिक जीवन में छोटे-छोटे प्रयासों के माध्यम से वायु प्रदूषण कम करने में सहयोग करें। साथ ही, निगम की ओर से इस दिशा में हर संभव सहायता देने का आश्वासन भी प्रदान किया गया। कार्यक्रम के अंत में नगर निगम की ओर से सभी उपस्थित लोगों को कपड़े से बने बैग वितरित किए गए तथा नागरिकों से प्लास्टिक बैग का प्रयोग न करने का अनुरोध किया गया। यह कार्यक्रम नगर निगम देहरादून की उस प्रतिबद्धता का प्रतीक है, जिसके अंतर्गत निगम शहर को स्वच्छ, हरित एवं प्रदूषण-मुक्त बनाने की दिशा में निरंतर प्रयासरत है। महापौर सौरभ थपलियाल एवं नगर आयुक्त नमामि बंसल ने सभी नागरिकों से स्वच्छ वायु के लिए सामूहिक जिम्मेदारी निभाने का आह्वान किया।

**सूचना**

मेरे मुवक्किल आशिफ राव, आरिफ राव और दानिश राव ग्राम जमनपुर, सेलाकुई (देहरादून) की भूमि की पूर्व मूल विलेख जिसमे एक मूल रजिस्ट्री जो की सब रजिस्ट्रार कार्यलय विकासनगर में जिसका बही संख्या 1, जिल्द 2070, के पृष्ट सं0 171 से 186 में क्रमांक नं0 3596 पर दिनांक 30/05/2012 को विधिवत दर्ज व अंकित है। मूल विलेख वास्तव में कहीं खो गया है जिसका कहीं भी प्रयोग अवैध होगा यदि किसी को कोई आपत्ति है तो प्रकाशित होने के 7 दिन के भीतर अधिवक्ता नवीन बगवाड़ी, सीजेएम कोर्ट कंपाउंड, चौम्बर नंबर-4, देहरादून में 9760716059 पर संपर्क कर सकते है।

# आयुक्त ने विकास कार्यों में लापरवाही पर कड़ी चेतावनी दी

शाह टाइम्स संवाददाता




**हरिद्वार।** आयुक्त गढ़वाल मंडल विनय शंकर पांडेय की अध्यक्षता में वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से मंडलीय विकास कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में कई विभागों की प्रगति संतोषजनक नहीं पाई गई। इस पर आयुक्त ने सख्त रुख अपनाते हुए स्पष्ट निर्देश दिए कि आगामी समीक्षा बैठक तक सभी विभाग अपेक्षित प्रगति सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों और विभागों के खिलाफ कार्यवाही की जाएगी।

मुख्य विकास अधिकारी आकांक्षा कोंडे ने सभी जिला स्तरीय विभागों को निर्देशित किया कि आगामी समीक्षा बैठक तक बीस सूत्रीय कार्यक्रम, जिला योजना और अन्य विकास कार्यों में शत-प्रतिशत प्रगति सुनिश्चित की जाए। बीस सूत्रीय कार्यक्रम की सी और डी श्रेणी की मदों को हर हाल में ए श्रेणी में लाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। वहीं जिला योजना के अंतर्गत अवमुक्त धनराशि का पूर्ण व्यय करने के निर्देश दिए गए। केंद्र पोषित और राज्य योजनाओं के कार्यों में भी तेजी लाने पर जोर दिया गया। सीडीओ ने विभागों को यह भी आदेशित किया कि सभी योजनाओं की प्रगति रिपोर्ट प्रत्येक माह की 2 तारीख तक जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी कार्यालय को हार्ड और सॉफ्ट कॉपी में भेजना अनिवार्य होगा। रिपोर्ट समय पर न भेजने को गंभीरता से लिया जाएगा। समीक्षा बैठक में जिला विकास अधिकारी, नगर आयुक्त, नगर निगम, पंचायतीराज अधिकारी, महाप्रबंधक उद्योग केंद्र, अधिशासी अभियंता, सिंचाई व पेयजल विभाग सहित सभी जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

# प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना पर लापरवाही बरतने पर नाराज डीएम

शाह टाइम्स संवाददाता



**हरिद्वार।** जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने बुधवार को जिला सभागार में समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना की प्रगति की समीक्षा के लिए जिला स्तरीय परियोजना मूल्यांकन सह अभिसरण समिति की बैठक आयोजित की। इस बैठक में विकास खंड स्तर पर चल रहे कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने खंड विकास अधिकारियों (बीडीओ) से योजना के तहत पूर्ण और गतिमान कार्यों, व्यय धनराशि, और अवशेष राशि की जानकारी मांगी। हालांकि, कई अधिकारियों द्वारा स्पष्ट और संपूर्ण जानकारी उपलब्ध न कराने पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी व्यक्त की।

उन्होंने सभी बीडीओ को चेतावनी दी कि भविष्य में अपूर्ण तैयारी के साथ बैठक में शामिल होने पर उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। जिलाधिकारी ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की शिथिलता या लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने जनपद की चयनित 99 ग्राम पंचायतों में चल रहे विकास कार्यों को गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध तरीके से पूरा करने के निर्देश दिए, ताकि योजनाओं का लाभ ग्रामवासियों तक प्रभावी ढंग से पहुंच सके। जिलाधिकारी ने विशेष रूप से उन ग्राम पंचायतों पर ध्यान देने को कहा, जहां आंगनवाड़ी निर्माण के लिए भूमि अभी तक उपलब्ध नहीं हुई है। उन्होंने तत्काल भूमि चयन और निर्माण कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त, सीसी सड़क, इंटरलॉक टाइल्स, और शौचालय निर्माण कार्यों को उच्च गुणवत्ता के साथ समय पर पूरा करने पर जोर दिया। सोलर लाइट्स की स्थापना के संबंध में भी उन्होंने गुणवत्ता सुनिश्चित करने और पांच वर्ष के लिए रखरखाव अनुबंध करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को कार्यों की प्रगति की नियमित निगरानी और समय-समय पर समीक्षा करने के लिए कहा। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि सभी कार्यों में पारदर्शिता और जवाबदेही बनाए रखी जाए, ताकि योजनाओं का उद्देश्य पूर्ण हो सके। बैठक में अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने को कहा गया कि ग्रामवासियों को योजनाओं का अधिकतम लाभ मिले और विकास कार्यों से उनकी जीवनशैली में सुधार हो।

बैठक में परियोजना निदेशक केएन तिवारी, जिला विकास अधिकारी वेदप्रकाश, जिला पंचायतीराज अधिकारी अतुल प्रताप सिंह, खंड शिक्षा अधिकारी आशुतोष भंडारी, बीडीओ बहादराबाद मानस मित्तल, आलोक गार्गेय, सुमन कुटियाल, शीशपाल सिंह, राजेंद्र प्रसाद जोशी, एसीएमओ डॉ. अनिल वर्मा, ग्राम प्रधान पंकज पॉल, श्रवण कुमार, जिला कार्यक्रम अधिकारी बाल विकास सुलेखा सहगल, बैंक एलडीएम दिनेश कुमार गुप्ता सहित अन्य अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

### संगठन सृजन अभियान के तहत कांग्रेस ने शुरू की जिलाध्यक्ष के चयन की प्रक्रिया

# कार्यकर्ताओं की राय से होगा जिलाध्यक्ष का चयन : जी.रुद्रा राजू

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** कांग्रेस नेतृत्व द्वारा शुरू किए गए संगठन सृजन अभियान के तहत हरिद्वार जनपद में जिलाध्यक्ष के चयन की प्रक्रिया शुरू हो गयी है। संगठन सृजन अभियान के ऑब्जर्वर जी.रुद्रा राजू ने प्रेस क्लब में पत्रकारवार्ता के दौरान जानकारी देते हुए बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे व लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस ने संगठन सृजन अभियान की शुरूआत की है। अभियान के तहत कार्यकर्ताओं की राय से जिलाध्यक्ष का चुनाव किया जाएगा। जी.रूद्रा राजू ने कहा कि वे 7 दिन तक हरिद्वार में रहकर बूथ और ब्लॉक स्तर पर कार्यकर्ताओं से मिलेंगे। पार्टी नेता और कार्यकर्ता उनसे पर्सनली भी मिल सकते हैं। सबसे मिलकर बात करने के बाद 6 नामों का पैनल हाईकमान को भेंजेंगे। इसके बाद हाईकमान के स्तर से जिलाध्यक्ष की घोषणा की जाएगी। उन्होंने कहा कि संगठन सर्वोपरि है, संगठन में सभी को प्रतिनिधित्व दिया जाएगा। जिसमें एससी, एसटी, ओबीसी व अल्पसंख्यकों को अधिक भागीदारी देने का संकल्प लिया गया है। नए जिलाध्यक्ष संगठन के साथ मिलकर काम करेंगे और पार्टी को मजबूत करेंगे। ज्वालापुर विधायक रवि बहादुर ने कहा कि संगठन सृजन अभियान के तहत अंतिम पंक्ति का कार्यकर्ता को भी जिलाध्यक्ष बनने का अवसर दिया गया है। जमीनी रिपोर्ट के आधार पर जिलाध्यक्ष का चयन किया जाएगा।




हरिद्वार ग्रामीण विधायक अनुपमा रावत ने कहा कि पूरी पारदर्शिता के साथ संगठन को मजबूत करने का काम किया जा रहा है। पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और राहुल गांधी आम कार्यकर्ताओं को आगे बढ़ने का अवसर दे रहे हैं। इस दौरान प्रदेश सरकार पर निशाना साधते हुए अनुपमा रावत ने कहा कि प्रदेश सरकार के कार्यकाल में महिला अपराधों में बढ़ोतरी हुई है। उन्होंने दावा किया कि हाल ही में आई एक रिपोर्ट के मुताबिक राजधानी देहरादून को महिला सुरक्षा के मामले में सबसे असुरक्षित माना गया है।

वरिष्ठ कांग्रेस नेता जोतसिंह गुनसोला ने कहा कि संगठन सृजन अभियान के तहत कार्यकर्ताओं और जनता से मिले सुझावों अनुरूप कांग्रेस को मजबूत किया जाएगा।

पत्रकारवार्ता के दौरान वरिष्ठ कांग्रेस नेता राजपाल बिष्ट, सुनीता परमार, ग्रामीण कांग्रेस जिलाध्यक्ष राजीव चौधरी, विमला पांडे, राजबीर सिंह चौहान, तेलूराम प्रधान, राकेश राजपूत, वरिष्ठ कांग्रेस नेता फुरकान अली, राजेंद्र श्रीवास्तव, दाताराम चौहान, जतिन हांडा, बीएस तेजियान सहित कई पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे। इस दौरान सभी ने उत्तरकाशी के धराली और चमोली के थराली में आयी आपदा के मृतकों को श्रद्धांजलि भी दी।

# दो लाख की चरस के साथ आरोपी गिरफ्तार

शाह टाइम्स संवाददाता

**पथरी।** पुलिस ने नशामुक्त अभियान के अंतर्गत एक आरोपी को लगभग दो लाख की चरस के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी अवैध चरस लेकर बेचने के लिए उत्तर प्रदेश जा रहा था। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा दर्ज किया है।



पुलिस के अनुसार नशा मुक्त अभियान के अंतर्गत बुधवार को पुलिस को मुखबिर द्वारा क्षेत्र में अवैध चरस की तस्करी की सूचना मिली थी जिस पर कार्यवाही करते हुए पुलिस ने चौकिंग के दौरान एक नशा तस्कर को गुज्जर बस्ती तिराहा, साधना सदन कृषि फार्म हाउस के पास से स्कूटी सहित गिरफ्तार किया है। पुलिस तलासी में आरोपी के पास से लगभग 1 किलो 115 ग्राम अवैध चरस बरामद की गई है। पूछताछ में आरोपी ने अपना पप्पू 50 वर्ष पुत्र सिमरु निवासी धनपुरा निकट रविदास मंदिर बताया यह चरस दो-तीन माह से थोड़ी-थोड़ी मात्रा में आसपास के लोगों से खरीद कर इकट्ठी की है। आरोपी ने बताया वह चरस को उत्तर प्रदेश के पुरकाजी में बेचने जा रहा था। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस की धाराओ में मुकदमा दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। वही आरोपी के वाहन को सीज किया गया है।

एसओ पथरी मनोज नोटियाल ने बताया एक आरोपी को लगभग दो लाख कीमत की अवैध चरस के साथ पकड़ा है। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस की धाराओ में मुकदमा दर्ज कर कोर्ट के समक्ष पेश किया जा रहा है। नशा तस्करी करने वालो को किसी भी सूरत में बक्शा नही जाएगा।

# हरिद्वार में 'ईट राइट इंडिया अभियान' की शुरुआत

## खाद्य तेल के दोबारा उपयोग पर कड़ी निगरानी

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** स्वास्थ्य सुरक्षा और उपभोक्ता जागरूकता को ध्यान में रखते हुए ईट राईट इंडिया अभियान के अंतर्गत खाद्य तेल के बार-बार उपयोग से होने वाले दुष्प्रभावों की रोकथाम को लेकर अभियान शुरू किया गया है। इस पहल के तहत हलवाई, मिठाई व नमकीन निर्माता सहित उन सभी प्रतिष्ठानों को जागरूक किया जा रहा है, जहां खाद्य तेल का बड़े पैमाने पर उपयोग होता है। सहायक आयुक्त (खाद्य संरक्षा) महिमानंद जोशी ने बताया कि आगामी त्यौहारी सीजन (नवरात्र व दीपावली) को देखते हुए खाद्य व्यवसायियों को इस नवाचार से जोड़ा जा रहा है। साथ ही खाद्य तेल में टोटल पोलर कंपाउंड (TPC) की मात्रा की भी जांच की जाएगी, ताकि मिलावटी या स्वास्थ्य के लिए हानिकारक तेल के उपयोग पर अंकुश लगाया जा सके। इस अवसर पर केशव देव इंडस्ट्रीज, हरिद्वार के प्लांट मैनेजर रवि शंकर शर्मा ने 1250 लीटर अप्रयुक्त खाद्य तेल एग्रोगेटर को उपलब्ध कराया। इस योगदान के लिए उपायुक्त (मुख्यालय) गणेश कंडवाल, राज्य नोडल अधिकारी ईट राईट इंडिया अभियान ने उन्हें प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। यह पहल न केवल उपभोक्ताओं के स्वास्थ्य की सुरक्षा में सहायक सिद्ध होगी बल्कि त्योहारों के दौरान मिलावटी खाद्य पदार्थों पर भी प्रभावी रोक लगाने में मदद करेगी।



# सीनियर सिटिजन नागरिकों के साथ की गोष्ठी

शाह टाइम्स संवाददाता



**हरिद्वार।** कोतवाली ज्वालापुर पुलिस ने गुरुवार को सिनियर सिटिजन, पुलिस पेंशनर, अन्य विभागों से रिटायर नागरिकों के साथ गोष्ठी का आयोजन कर साइबर अपराध, धोखाधड़ी, डिजिटल, अरेस्टिंग, साइबर किडनैपिंग आदि के बारे में जानकारी दी गई। कोतवाली प्रभारी अमरजीत सिंह ने बताया कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा समस्त थानाध्यक्ष, प्रभारी निरीक्षक को निर्देशित किया गया कि अपने अपने थाना, चौकी क्षेत्रान्तर्गत निवासरत सीनियर सिटिजनो की गोष्ठी लेकर सीनियर सिटिजनो की कुशलता/समस्या के बारे में जानकारी लेंगे एंव वर्तमान में लगातार बढ़ रहे साइबर धोखाधड़ी अपराधों के अंतर्गत डिजिटल अरेस्टिंग,साइबर किडनैपिंग इत्यादि के बारे में जानकारी देंगे। इसी क्रम में गुरुवार को कोतवाली ज्वालापुर में गोष्ठी का आयोजन कर सभी सीनियर सिटिजन नागरिकों को बढ़ रहे साइबर अपराधों के अंतर्गत डिजिटल अरेस्टिंग, साइबर किडनैपिंग इत्यादि के बारे में जानकारी दी गई। सभी से घरेलू नौकरों के शत प्रतिशत सत्यापन कराने की अपील करते हुए नशे के दुष्प्रभाव व उसकी रोकथाम की जानकारी देते हुए सभी वरिष्ठ नागरिकों से सुझाव भी प्राप्त किए गए। इसके अतिरिक्त सभी सीनियर सिटिजन को प्रभारी निरीक्षक, ज्वालापुर, चौकी प्रभारी व चेतक कर्मचारीयों के मोबाइल नंबर भी दिये गये साथ ही साथ प्रत्येक सप्ताह चेतक पुलिस को सीनियर सिटीजंनो के घर जाकर उनसे संपर्क कर कुशलता मालूम करेंगे किसी सम्मानित सीनियर सिटिजन की यदि कोई समस्या हो तो हर सम्भव मदद एंव तत्काल समाधान का भरोसा दिया गया उपस्थित सीनियर सिटीजनों द्वारा पुलिस की इस पहल की सराहना की गई।

# नशा तस्कर को 13.58 ग्राम स्मैक के साथ किया गिरफ्तार

शाह टाइम्स संवाददाता

**पथरी।** पुलिस ने एक नशा तस्कर को 13.58 ग्राम स्मैक व इलेक्ट्रॉनिक तराजू के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर न्यायालय के समक्ष पेश किया है। पुलिस के अनुसार बुधवार देर शाम को ड्रग्स फ्री देवभूमि मिशन के अंतर्गत चलाए गए अभियान को सफल बनाने के लिए पथरी थानाध्यक्ष द्वारा टीमें गठित कर संघन चौकिंग अभियान चलाया गया जिसमें उपनिरीक्षक अजय कुमार, कांस्टेबल नारायण,व अनुज कुमार, ने घोसीपुरा तिराहे पर चौकिंग कर रहे थे। इस दौरान मुखबिर ने सूचना दी एक स्मैक तस्कर क्षेत्र में घूम रहा है। पुलिस ने मुखबिर के बताए स्थान से आरोपी का पीछाकर उसे दबोच लिया तलासी लेने पर युवक के पास से लगभग 13.58 ग्राम स्मैक एक इलेक्ट्रॉनिक तराजू बरामद हुआ पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम सुमित पुत्र मदनपाल सिंह तालियांन निवासी बैरागी कैम्प कनखल बताया आरोपी स्मैक बेचने का काम करता है। और स्मैक के बारे में कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे पाया आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस की धाराओ में मुकदमा दर्ज किया गया है। एसओ पथरी मनोज नोटियाल ने बताया एक युवक को लगभग 13.58 ग्राम स्मैक व इलेक्ट्रॉनिक तराजू के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ सम्बंधित धाराओ में मुकदमा दर्ज कर न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल भेजा गया है।

# गैर इरादतन हत्या के दोषी को पांच वर्ष की कैद

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** गैर इरादतन हत्या के मामले में चतुर्थ अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश आर के श्रीवास्तव ने गाड़ी चालक को दोषी पाते हुए 5 वर्ष का सश्रम कारावास एवं दस हजार रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है। शासकीय अधिवक्ता अनुज सैनी ने बताया कि सुखपाल पुत्र रम्मू निवासी रायसी लक्सर ने 12 फरवरी 2023 को थाना बहादराबाद में एक मुकदमा दर्ज कराया था। जिसमें उसने कहा था कि उसका पुत्र सागर चुटकी बैंड गागल हेड़ी सहारनपुर से 10 फरवरी 2023 की शाम को बहादराबाद में एक शादी समारोह में बाजा बजाने आया हुआ था। रात्रि में करीब 12:15 बजे बारात सरदार फार्म हाउस बहादराबाद पहुंची थी और बारात चढ़ाई के संबंध में बार द्वारी की रस्म चल रही थी तभी अचानक एक स्कॉर्पियो कार एच आर 70 बी 7063 बहादराबाद की ओर से बड़ी तेजी से आई और गाड़ी ड्राइवर ने बाजा बजा रहे तथा बारात में नाच रहे लोगों पर तेज रफ्तार से गाड़ी चढ़ा दी थी। जिससे बाजा बजा रहे सागर की मौके पर मौत हो गई थी और काफी लोग गंभीर रूप से घायल हो गए थे। इस घटना में दूल्हे मिथुन का भाई प्रियांशु भी गंभीर रूप से घायल हो गया था जिसके बाद में इलाज के दौरान मृत्यु हो गई। सुखपाल की तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया था। पुलिस ने उस स्कॉर्पियो गाड़ी चालक राकेश कुमार सैनी पुत्र रघुवीर सैनी निवासी फतेहपुर सहारनपुर को 13 फरवरी 2023 को गिरफ्तार किया था। विवेचना के बाद पुलिस ने आरोपी राकेश कुमार सैनी के खिलाफ गैर इरादतन हत्या करने के संबंध में आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल किया था। मुकदमे में वादीक्षपक्ष की ओर से तेरह गवाहों का साक्ष्य कराया गया। दोनों पक्षों को सुनने के बाद न्यायालय ने आरोपी राकेश कुमार सैनी को दोषी पाते हुए 5 कारावास तथा दस हजार रुपए जुमाने की सजा सुनाई है।

# मंदिर से मूर्तियां और दानपात्र चोरी, सुरक्षा व्यवस्था पर उठे सवाल

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** धार्मिक नगरी हरिद्वार, जिसे आस्था और भक्ति का केंद्र माना जाता है, अब अपराधियों के लिए आसान निशाना बन चुकी है। ज्वालापुर क्षेत्र के सीतापुर स्थित मंदिर में हुई चोरी की घटना ने न केवल श्रद्धालुओं को झकझोर कर रख दिया, बल्कि प्रशासन की लापरवाही और सुरक्षा व्यवस्था की पोल भी खोल दी है।

एक सितम्बर की रात को मंदिर के भीतर चोरों ने गल्ला तोड़कर शिवलिंग पर रखा नाग, तांबे का लोटा, आरती दानी, घंटी, अष्टधातु की पंचमुखी हनुमान मूर्ति, शनि देव का दीपक और नकद राशि चुरा ली। यह घटना ऐसे समय हुई जब प्रशासन लगातार शहर को सुरक्षित बताने का दावा करता आ रहा है। लोगों का कहना है कि मंदिर जैसे पवित्र स्थलों पर पुलिस की गश्त और सुरक्षा इंतजाम नाम मात्र के रह गए हैं। चोरी की यह घटना इसी लापरवाही का नतीजा है।




हालाँकि पुलिस ने तीन दिनों में मुखबिर की सूचना पर गुलफाम और अफजाल नामक दो आरोपियों को चोरी के सामान के साथ गिरफ्तार कर लिया, लेकिन बड़ा सवाल यह है कि आखिरकार ऐसी घटनाएं बार-बार क्यों हो रही हैं? बरामद सामान: पंचमुखी हनुमान मूर्ति, नाग देवता की मूर्ति, तांबे का लोटा, घंटी, पूजा सामग्री और नकदी।

लोगों का साफ कहना है कि अगर पुलिस और प्रशासन की यही स्थिति रही तो श्रद्धालुओं की आस्था पर लगातार चोट होती रहेगी और अपराधियों का मनोबल और बढ़ेगा।

# महिला की हत्या में फरार चल रहे आरोपी को किया गिरफ्तार

शाह टाइम्स संवाददाता

**पथरी।** क्षेत्र के गांव बोडाहेड़ी में हुई मारपीट व खूनी संघर्ष में उपचार के दौरान एक महिला की मौत के फरार आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी की निशनदेई पर पुलिस ने लोहे की रोड भी बरामद की है।

पुलिस के अनुसार दो अगस्त को मुर्सलीन पुत्र शराफत ने तहरीर देकर बताया कि पड़ोस के रहने वाले सलमान पुत्र मुन्फैत निवासी बोड़ाहेड़ी ने आपने अन्य चार साथियों के साथ मामूली बात को लेकर उनके घर मे घुसकर गालीगलौज करते हुए उनकी भाभी शाहीन पत्नी आजम पर लोहे की रोड से हमला कर घायल कर दिया था। उपचार के दौरान शाहीन की अस्पताल में मौत हो गई। मामले में पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसकी तलास शुरू की लेकिन आरोपी मुकदमा दर्ज होने के बाद गांव से फरार हो गया। पुलिस ने आरोपी की तलाश में टीम गठित कर सम्भावित ठिकानों पर दबिश दी लेकिन आरोपी पुलिस के हाथ नही लगा। बुद्धवार को मुखबिर ने पुलिस को सूचना दी कि सलमान सहदेवपुर दरेड़ा में आया हुआ है। पुलिस ने सूचना पर तत्काल कार्रवाई करते हुए आरोपी की घेराबंदी कर उसे गिरफ्तार कर लिया। आरोपी की निशानदेही पर पुलिस ने घटना में इस्तेमाल किया लोहे का रोड भी बरामद कर लिया है। आरोपी को कोर्ट में पेश किया जाएगा।

एसओ पथरी मनोज नोटियाल ने बताया आरोपी मुकदमा दर्ज होने के बाद से ही फरार चल रहा था। मुखबिर की सूचना पर सहदेवपुर से गिरफ्तार किया गया है।

# एनडीपीएस एक्ट का आरोपी सालभर बाद पकड़ा, पुलिस की नींद अब टूटी

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** कोतवाली ज्वालापुर हरिद्वार पुलिस की लापरवाही और देर से उठाए गए कदम एक बार फिर सामने आ गए। एनडीपीएस एक्ट में लंबे समय से वांछित चल रहा आरोपी जावेद पुत्र वकील अहमद, निवासी बड़ी सबड़ पांवधोइ, ज्वालापुर, हरिद्वार आखिरकार 3 सितंबर को पुलिस के हाथ लगा। सवाल यह उठता है कि जब आरोपी 2024 से ही वांछित चल रहा था तो इतने महीनों तक पुलिस उसे पकड़ने में असफल क्यों रही? लगातार दबिश के नाम पर पुलिस की कार्रवाई केवल कागजों तक सीमित रही और आरोपी खुलेआम घूमता रहा।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हरिद्वार के आदेश के बाद ही ज्वालापुर पुलिस को सक्रिय होना पड़ा। मुखबिर की सूचना पर पकड़ में आया आरोपी पुलिस की पुरानी ढीली कार्यप्रणाली को उजागर करता है।

पुलिस टीम में उप निरीक्षक नवीन नेगी, कां. नरेंद्र राणा, कां. सुनील शर्मा शामिल रहे।

स्थानीय लोग सवाल उठा रहे हैं कि अगर पुलिस अपनी जिम्मेदारी समय पर निभाती तो आरोपी इतने लंबे समय तक फरार नहीं घूमता।

### आपदा प्रभावितों को राहत पहुंचाने को लेकर हुई जमीअत की अहम बैठक

# आपदा प्रभावितों के लिए जमीयत भेजेगी 50 लाख की राहत सामग्री

**उत्तरकाशी, चमोली, हिमाचल और पंजाब में राहत कार्यों में मदद करेगी जमीअत**

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** जमीयत उलमा-ए-हिंद उत्तराखण्ड ने प्रदेश के उत्तरकाशी, चमोली, पौड़ी, हिमाचल और पंजाब में आई भीषण बाढ़ से प्रभावित लोगों के लिए राहत सामग्री और सहायता पहुँचाने का महत्वपूर्ण फैसला लिया हैं।




गुरुवार को मदरसा दारुल उलूम आसादिया इक्कड़ हरिद्वार में प्रदेश कार्यकारिणी की हुई बैठक में मौलाना शराफत अली कासमी ने कहा कि जिला सतह पर हल्के बनाए गए हैं, यह सभी हल्के अपने अपने इलाको में काम करेंगे। नैनीताल, देहरादून, हरिद्वार और उधम सिंह नगर में टीम बनाई गई हैं, सभी जिला इकाई काम करेंगी। सभी जिलों से इमदाद जमा करके प्रदेश जमीअत के नेतृत्व में उत्तराखंड के उत्तरकाशी, चमोली, हिमाचल और पंजाब भेजी जाएगी।

मौलाना शराफत अली कघसमी ने कहा कि उत्तराखंड आपदा प्रभावितों को भी राहत पहुंचाने के लिए एक प्रतिनिधिमंडल उत्तरकाशी और चमोली जाएगा। प्रदेश महासचिव मौलाना शराफत अली कासमी ने कहा कि जमीयत उलमा-ए-हिंद हमेशा से हर मुश्किल घड़ी में मुल्क के मजलूमों और पीड़ित इंसानों के साथ खड़ी रही है। आज जब पंजाब में बाढ़ से भारी तबाही हुई है, हजारों परिवार बेघर हो गए हैं, पशुओं की मौत हो गई है, ऐसे हालात में खाद्य सामग्री व अन्य जरूरी सामान की कमी हो गई है, तो ऐसे समय में हमारा फर्ज है कि हम उनका सहारा बनें।

मौलाना शराफत अली कासमी ने बताया कि जमीयत उलमा-ए-हिंद की ओर से राहत सामग्री एकत्रित करने का काम शुरू कर दिया गया है। इसमें अनाज, दाल, आटा, चावल, पीने का पानी, दवाइयाँ और अन्य जरूरी सामान शामिल है। यह राहत सामग्री बहुत जल्द आपदा प्रभावित क्षेत्रों तक पहुँचाई जाएगी। इस दौरान मौलाना शराफत अली कासमी ने सभी जिम्मेदारों, कार्यकर्ताओं और आम नागरिकों से खास अपील की है कि वे इस मुहिम में आगे आएँ और अपनी हैसियत के मुताबिक राहत सामग्री व आर्थिक सहयोग दें। इस मौके पर जमीअत हरिद्वार के जिला अध्यक्ष मौलाना अब्दुल वाहिद कघसमी, जिला देहरादून के अध्यक्ष मौलाना अब्दुल मन्नान कघसमी, मुफ्ती ताजीम कघसमी सचिव दफ्तर जमीअत, प्रदेश मुफ्ती तौफीक अहमद कघसमी, मौलाना रिहान गनी, मौलाना रागिब मजाहिरी, मौलाना बुरहान, कारी आबिद जिला महा सचिव, मास्टर अब्दुल सत्तार, नौशाद अहमद इक्कड़, मौलाना अब्दुल खालिक, प्रधान इक्कड़ मोहम्मद हारून, शाह नवाज इक्कड़ आदि मौजूद रहे।

# जीएसटी दरों में बदलाव से मिलेगी आमजन को राहत : डा. विशाल

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** वरिष्ठ भाजपा नेता डा.विशाल गर्ग ने केंद्र सरकार के जीएसटी दरों में बदलाव के निर्णय स्वागत करते हुए इसे आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों को राहत देने वाला बताया है। डा.विशाल गर्ग ने कहा कि सरकार के इस कदम से व्यापारी और आम जनमानस में प्रसन्नता की लहर है। विशाल गर्ग ने कहा कि जीसएटी की नई दरों का निर्धारण करते हुए किसानों मजदूरों को बड़ी राहत दी गई है। शिक्षा सामग्री पेन, पेंसिल, किताबे, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, रोजमर्रा की वस्तुओ के अलावा खाने की वस्तुएं भी सस्ती होंगी। कई वस्तुओं पर जीएसटी को समाप्त कर दिया गया है। जिससे निश्चित रूप से कमजोर वर्गो को बड़ी राहत मिलेगी।

हरिद्वार में समाचार व विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें :
सिटी कार्यालय दैनिक
**शाह टाइम्स हरिद्वार**
कमरा न. 103, द्वितीय तल, भगवती कॉम्पलेक्स, रानीपुर मोड, हरिद्वार
**ब्यूरो चीफ/जिला प्रभारी**
**डी. एस. वर्मा**
मो.: 9411100741

# बारिश ने टाइगर फॉल क्षेत्र में बरपाया कहर



शाह टाइम्स संवाददाता

**चकराता।** लगातार हो रही मूसलाधार बारिश ने टाइगर फॉल क्षेत्र में कहर बरपा दिया है। मंगलवार देर रात हुए भीषण भूस्खलन से क्षेत्र के कई हिस्से प्रभावित हुए, जबकि आसपास बने रिजॉर्ट खतरे की जद में आ गए हैं।

पालकी कैंपस में संचालित एक रिजॉर्ट की सुरक्षा दीवार ढह गई है। रिसॉर्ट स्वामी अंकित तोमर ने बताया कि तेज बारिश और भूस्खलन से भारी मात्रा में मलबा कैंपस तक पहुंच गया, जिससे पर्यटकों और स्टाफ को भी असुविधा झेलनी पड़ी।

भूस्खलन की सूचना मिलते ही स्थानीय लोगों में दहशत फैल गई। पर्यटकों ने भी सुरक्षा को लेकर चिंता जताई है। इधर, प्रशासन ने प्रभावित इलाके पर नजर बनाए रखी है। अधिकारियों ने राजस्व और आपदा प्रबंधन टीमों को सतर्क रहने के निर्देश दिए हैं ताकि किसी भी आपात स्थिति से निपटा जा सके।

# भालू के आतंक से ग्रामीणों को मिलेगी निजात: डॉ. रावत

■ वन विभाग के अधिकारियों को दिए भालू को आदमखोर घोषित करने निर्देश



मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स

**देहरादून।** श्रीनगर विधानसभा क्षेत्र के थलीसैण विकासखण्ड में कई गांवों में भालू ने आतंक मचा रखा है। साथ ही ग्रामीणों की मवेशियों को निरंतर निवाला बना रहा है। इसके अलावा क्षेत्र में स्कूली बच्चों तथा आम जनमानस की जानमाल की सुरक्षा को देखते हुये भालू को आदमखोर घोषित कर अंतिम विकल्प के रूप में उसे मारने के निर्देश दे दिये गये हैं।

सूबे के कैबिनेट मंत्री डॉ. धन सिंह रावत की अध्यक्षता में आज यमुना कालोनी स्थित उनके शासकीय आवास वन विभाग की बैठक हुई, जिसमें स्थानीय जनप्रतिनिधि भी उपस्थित रहे। बैठक में गढ़वाल वन प्रभाग की पैठाणी रेंज के अंतर्गत कुण्डिल, कुचोली, सौंड, कठ्यूड़, कुठ और खण्डतल्ला गांवों में भालू के आतंक पर चर्चा की गई और ग्रामीणों को भालू से निजात दिलाने के निर्देश वन विभाग के अधिकारियों को दिये।

बैठक में जनप्रतिनिधियों द्वारा बताया गया भालू द्वारा स्थानीय लोगों की मवेशियों को निरंतर निवाला बनाया जा रहा है। अब तक दो दर्जन से अधिक मवेशी भालू के शिकार हो गये हैं। साथ ही स्कूली बच्चों व आम लोगों को भी जान का खतरा बना हुआ है। बैठक में कैबिनेट मंत्री ने वन विभाग के अधिकारियों को भालू के आतंक से निजात दिलाने के निर्देश दिये। जिसके क्रम में प्रमुख वन संरक्षक (वन्य जीव) ने अंतिम विकल्प के रूप भालू को नष्ट के आदेश जारी कर दिये हैं। कैबिनेट मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने कहा "ग्रामीणों और बच्चों की सुरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। जनता भयमुक्त जीवन जी सके, बैठक में अपर सचिव वन सी रवि शंकर, प्रमुख वन संरक्षक रंजन कुमार मिश्रा, वन विभाग के वरिष्ठ अधिकारी एवं क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## इन मुख्य बिंदुओं पर हुआ निर्णय

प्रभावित क्षेत्रों में सबसे पहले पिंजरे लगाकर भालू को सुरक्षित पकड़ने का प्रयास किया जाएगा। असफल होने की स्थिति में ट्रैंक्यूलाईज कर पकड़ने की कार्यवाही की जाएगी। यदि सभी प्रयास नाकाम साबित होते हैं तो ग्रामीणों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए अंतिम विकल्प के रूप में भालू को नष्ट करने की अनुमति दी गई है।

# बिम्सटेक युवा शिखर सम्मेलन में शामिल होंगे देवराघवेन्द्र

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुद्रप्रयाग।** विदेश मंत्रालय भारत सरकार एवं भारत स्काउट गाइड के तत्वधान में गुवाहाटी असम में 9 से 12 सितम्बर तक बिम्सटेक युवा शिखर सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। इस युवा शिखर सम्मेलन में भारत सहित अन्य देशों से 100 युवा प्रतिभाग करेंगे। सम्मेलन में भाग लेने को लेकर उत्तराखण्ड के रुद्रप्रयाग जिले के कोटमल्ला निवासी पर्यावरण विशेषज्ञ देवराघवेन्द्र सिंह चौधरी का चयन हुआ है। उन्होंने बताया पर्यावरण संरक्षण गतिविधि को लेकर उनका नाम भारत सरकार विदेश मंत्रालय एवं भारत स्काउट गाइड को प्रस्तावित किया गया था, जिसमें देशभर से अन्य 12 प्रतिभागियों सहित उनका नाम बिम्सटेक युवा शिखर सम्मेलन गुवाहाटी के लिए चयनित हुआ है। उन्होंने बताया कि बिम्सटेक युवा शिखर सम्मेलन में भारत सहित अन्य छः देशों के लगभग 100 युवा चयनित होकर गुवाहाटी, असम में आयेंगें। जिसमें मुख्य रूप से भारत, थाईलैंड, भूटान, श्रीलंका, नेपाल, बंगलादेश, म्यान्मार आदि सम्मलित हैं। बिम्सटेक युवा शिखर सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य देश-विदेश के युवाओं को एक मंच पर लाना है तथा नावाचार को बढ़ावा देना है। साथ ही साथ क्षेत्रीय सहयोग को मजबूत करना है और सतत विकास लक्ष्यों को प्राप्त करने में युवाओं की भूमिका पर जोर देना है। बता दें बिम्सटेक संगठन सात सदस्य देशों का है, जो बंगाल की खाड़ी के आस-पास स्थित दक्षिण एशिया और दक्षिण पूर्व एशिया के सात देशों को जोड़ता है।

# विद्यालयों में शिक्षक दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया

शाह टाइम्स संवाददाता

**विकासनगर।** सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज डाकपत्थर व द एनफील्ड स्कूल विकासनगर व शिवालिक एकेडमी, श्रद्धा प्रिपेटरी बाल संस्कार स्कूल में शिक्षक दिवस का कार्यक्रम बड़ी धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम के तहत सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज के स्कूली बच्चों ने टीचरों के सम्मान के लिए नृत्य और संगीत का प्रदर्शन भी किया।

कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय के प्रधानाचार्य अनुसुया प्रसाद जखमोला ने द्वीप प्रज्वलन किया।. उन्होंने इस दोहे के साथ अपनी बात को रखा की 'गुरु गोविंद दोऊ खड़े काके लागू पाय बलिहारी गुरु आपने जिन गोविंद देयो बताय'। उन्होंने कहा कि गुरु की महिमा अपरंपार है यह गुरु ही होता है जो शिष्य को





जीवन में अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाता है। उन्होंने कहा कि शिक्षक एक मोमबत्ती के समान होता है जो स्वयं को जलकर दूसरे को प्रकाशित करने का कार्य करता है इसलिए जीवन में कभी भी कहीं भी किसी भी स्थिति में गुरु का अपमान मत करना। इस अवसर पर विद्यालय की स्कूली छात्र छात्रों ने कई प्रकार की रंगारंग कार्यक्रम भी प्रस्तुत किये।

### शिक्षक समाज का सच्चा निर्माता: चुग

विकासनगर। द एनफील्ड स्कूल में शिक्षक दिवस बड़े हर्षोल्लास और श्रद्धा के साथ मनाया गया। विद्यार्थियों ने अपने शिक्षकों के प्रति सम्मान व्यक्त किया। विद्यार्थियों ने कविताएं, भाषण, गीत और नृत्य प्रस्तुतियां देकर शिक्षकों के मार्गदर्शन की भूमिका को उजागर किया। प्रधानाचार्य ने शिक्षकों को समाज का सच्चा निर्माता बताते हुए विद्यार्थियों को अपने गुरुओं का सम्मान और उनके बताए मार्ग पर चलने का आहवान किया।

### शिवालिक एकेडमी में शिक्षक दिवस समारोह धूमधाम से मनाया गया

विकासनगर। शिवालिक एकेडमी में शिक्षक दिवस के अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा अनेक रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। बच्चों ने मनमोहक नृत्य और नाटक प्रस्तुत कर सभी का दिल जीत लिया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण छात्रों द्वारा पुराने गीतों की प्रस्तुति रही, जिसने सबका ध्यान अपनी ओर खींचा। विद्यालय के डांस शिक्षक प्रकाश राणा ने भी शानदार नृत्य प्रस्तुत कर सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। शिक्षकों के लिए म्यूजिकल चेयर गेम का आयोजन किया गया, जिसमें सुषमा विजेता रहीं। प्रियंशी ने शिक्षक दिवस पर डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जीवन और उनके विचारों की महत्ता पर प्रकाश डाला।

# अमन कमेटी की बैठक आयोजित

शाह टाइम्स संवाददाता

**डोईवाला।** मुस्लिम समुदाय के पर्व ईद-मिलाद-उल-नबी (बारह-वफात) को सकुशल समापन कराये जाने हेतु श्रीमान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय देहरादून' के निर्गत निर्देशों के अनुपालन में थाना क्षेत्रान्तर्गत शान्ति/कानून व्यवस्था एवं आपसी सौहार्द सुचारू रखने हेतु थाना हाजा क्षेत्र में निवासरत सर्वधर्म के संभ्रांत व्यक्तियों/सीएलजी मेम्बर/जनप्रति. निधियों एवं पीस कमेटी के सदस्यों के साथ 'प्रभारी निरीक्षक डोईवाला द्वारा आज दिनांक 04.09.2025 को कोतवाली डोईवाला पर गोष्ठी का आयोजन किया गया।

पर्व सकुशल समापन कराये जाने हेतु उपस्थित लोगो को पूर्व की भांति ही शांतिपूर्ण ढंग से त्यौहार मनाने को लेकर शान्ति व सुरक्षा व्यवस्थाओं पर विस्तार से चर्चा कर सभी लोगो से सुझाव व शिकायतें की जानकारी लेकर सांप्रदायिक सौहार्द बनाए रखने के लिए अपील की गई।

उक्त गोष्ठी मे उपस्थित सभी लोगो को स्पष्ट रूप से बताया गया कि 'सां. प्रदायिक/सौहार्दपूर्ण माहौल बिगाड़ने वाले आसमाजिक/उपद्रवी तत्वों के विरुद्ध विधिक कार्यवाही की जाएगी, जिस हेतु स्थानीय पुलिस की सोशल मीडिया पर भी सतर्क निगरानी रहेगी तथा उपस्थित लोगो को भलि-भाँति अवगत कराया गया कि ईद-मिलाद-उल-नबी(बारह-बफात) पर्व को शान्तिपूर्वक व सौहार्दपूर्ण मनाये व किसी नयी परम्परा को प्रारम्भ नही' किया जाये।

गोष्ठी मे उपस्थित सर्वधर्म के संभ्रांत व्यक्तियों/सीएलजी मेम्बर/जनप्रतिनिधियो एवं पीस कमेटी के सदस्यो द्वारा थाना क्षेत्र मे शान्ति/कानून व्यवस्था एवं आपसी सौहार्द बनाये रखने हेतु अपेक्षित सहयोग प्रदान करने हेतु बताया गया।

## एक नजर .......

### शिक्षकों को सम्मानित करने पर चर्चा

**श्रीनगर।** उत्तराखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण पौड़ी गढ़वाल के निर्देशानुसार सिविल जज अलका की अध्यक्षता में शिक्षक दिवस के अवसर पर विधिक शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर शिक्षकों को सम्मानित करने पर चर्चा की गई। इस मौके पर सिविल जज अलका शिक्षक उस माली के समान है, जो एक बगीचे को अलग-अलग रंग के फूलों से सजाता है। कहा कि शिक्षक वह प्रकाश है जो सभी के जिंदगी में रोशनी भर देता है। बैठक में बार एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रमेश चन्द्र जोशी, संरक्षक अनूप श्री पांथरी, अनुज कुमार क्षेत्राधिकारी श्रीनगर, जयपाल सिंह नेगी, मुकेश काला सहित आदि मौजूद थे।

### विद्यासागर नौटियाल सम्मान के लिए चयन समिति गठित

**श्रीनगर।** विद्यासागर नौटियाल सम्मान 29 सितंबर को देहरादून में आयोजित होगा। यह सम्मान सामाजिक क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्ति को दिया जाता है। सेव हिमालय मूवमेंट के सचिव डा. अरविन्द दरमोड़ा ने जानकारी देते हुए बताया कि विधासागर नौटियाल सम्मान 2025 के लिये चयन समिति का गठन किया गया है। चयन समिति को 10 सितंबर तक नाम भेजे जा सकते है, 15 सितंबर को नाम की औपचारिक घोषणा की जाएगी। बताया कि प्रत्येक वर्ष सामाजिक क्षेत्र में कार्य करने वाले व्यक्ति को यह पुरस्कार दिया जाता है।

### जल्द ही खुद के भवन में संचालित आरसेटी



**रुद्रप्रयाग।** मुख्य विकास अधिकारी राजेन्द्र सिंह रावत ने रैंतोली स्थित ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान आरसेटी के भवन निर्माण स्थल का निरीक्षण किया। इस अवसर पर उनके साथ आरसेटी निदेशक किसन सिंह रावत एवं ग्रामीण निर्माण विभाग की अधिशासी अभियंता मीनल गुलाटी भी उपस्थित रहीं। सीडीओ ने भवन निर्माण कार्य की प्रगति का जायजा लिया और संबंधित ग्रामीण निर्माण विभाग के अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण निर्माण कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आरसेटी भवन के निर्माण से ग्रामीण बेरोजगारों को बेहतर सुविधाएं प्राप्त होंगी और जिले में स्वरोजगार की दिशा में नए अवसर खुलेंगे। आरसेटी निदेशक किसन सिंह रावत ने बताया कि भवन निर्माण कार्य पूर्ण होने के बाद संस्थान की प्रशिक्षण क्षमता में वृद्धि होगी और स्थानीय युवाओं को और अधिक संख्या में गुणवत्तापूर्ण निःशुल्क प्रशिक्षण प्रदान किया जा सकेगा। इस अवसर पर ग्रामीण निर्माण विभाग की ईई मीनल गुलाटी ने निर्माण कार्य की वर्तमान स्थिति की जानकारी दी और शीघ्रता से भवन निर्माण पूर्ण करने का आश्वासन दिया।

### गुलाब की खेती ने बदली मीना देवी की जिंदगी



उत्पाद बाजार में उतारने की योजना बना रही हैं।**चकराता।** ग्राम पंचायत दौंदा की मीना देवी ने राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन से जुड़कर मेहनत और लगन की नई मिसाल कायम की है। नाग देवता महिला समूह के माध्यम से उन्होंने डमस्क रोज की क्लस्टर फार्मिंग शुरू की और गुलाब की खुशबू से अपनी मेहनत को पूरे क्षेत्र में फैलाया।

मीना देवी की यह पहल केवल उनकी आजीविका तक सीमित नहीं रही, बल्कि उनके साथ जुड़ी महिलाओं के जीवन में भी बड़ा बदलाव लेकर आई। समूह की सदस्य विशु देवी, अनारी देवी, सुबा देवी, सवारी देवी और बिमला देवी उनके साथ मिलकर गुलाब की खेती को आगे बढ़ा रही हैं। वर्तमान में समूह गुलाब की नर्सरी तैयार करने के कार्य में जुटी है। आने वाले समय में वे गुलाब जल और गुलकंद का उत्पादन शुरू कर अपने

# समिति के प्रतिनिधिमंडल ने केंद्रीय मंत्री से की मुलाकात

शाह टाइम्स संवाददाता

**चकराता।** जौनसार बावर जनजाति कल्याण समिति, दिल्ली-एनसीआर का एक प्रति. निधिमंडल समिति के चेयरमैन रतन सिंह रावत के नेतृत्व में केंद्रीय जनजाति कार्य मंत्री जुवेल ओराम से उनके नई दिल्ली स्थित कार्यालय में शिष्टाचार भेंट करने पहुंचा।

मुलाकात के दौरान प्रतिनिधिमंडल ने समिति से जुड़ी कई महत्वपूर्ण मांगों को मंत्री के समक्ष रखा। चेयरमैन रतन सिंह रावत ने बताया कि शासकीय अभिलेखों और दस्तावेजों में 'जौनसारी' तथा 'जैनसारी' शब्दों की त्रुटि लंबे समय से चली आ रही है, जिसके कारण क्षेत्रीय युवाओं को सरकारी नियुक्तियों में परेशानी उठानी पड़ती है। उन्होंने कहा कि राज्य गठन से अब तक चली आ रही इस गलती के चलते कई पात्र उम्मीदवार नियुक्ति प्रक्रिया में अटक जाते हैं। हाल ही में एनटीपीसी की भर्ती प्रक्रिया में भी समिति के हस्तक्षेप के बाद ही युवाओं को न्याय मिल पाया।

इसके अलावा समिति ने दिल्ली में जौनसार बावर भवन निर्माण के लिए धनराशि उपलब्ध कराने की भी मांग रखी। इस पर केंद्रीय मंत्री जुवेल ओराम ने अपने निजी सचिव अमित कुमार (आईएएस) को इस मामले में त्वरित फॉलो-अप करने के निर्देश दिए।

प्रतिनिधिमंडल में समिति के सचिव सुल्तान सिंह चौहान, सदस्य खेम सिंह चौहान और राजपाल सिंह रावत भी शामिल रहे।

# विभागीय लापरवाही पर बीडीसी सदस्यों की नाराजगी



■ आपदा प्रभावित पाइप लाइनों की मरम्मत शीघ्र कराने की मांग को प्रमुखता से उठाया

शाह टाइम्स संवाददाता

**चकराता।** विकासखंड चकराता के ग्वासापुल स्थित कार्यालय में गुरुवार को ब्लॉक विकास समिति (बीडीसी) की प्रथम बैठक आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता ब्लॉक प्रमुख आशा वर्मा ने की। इसमें क्षेत्र पंचायत सदस्य, प्रमुख और ज्येष्ठ प्रमुख सहित कई अधिकारी मौजूद रहे।

बैठक की शुरुआत में प्रमुख आशा वर्मा ने सभी निर्वाचित प्रतिनिधियों का स्वागत करते हुए कहा कि सामंजस्य और सहयोग से ही क्षेत्र का समग्र विकास संभव है। उन्होंने विश्वास जताया कि सभी सदस्य मिलकर पंचायत को और अधिक सक्रिय व मजबूत बनाने में सहयोग देंगे। बैठक के दौरान सदस्यों ने आपदा राहत संबंधी शिकायतों को प्रमुखता से उठाया। उनका कहना था कि शिकायत दर्ज होने के बाद तहसील से नंबर तो जारी कर दिया जाता है, लेकिन उसका कोई व्यावहारिक उपयोग नहीं हो पाता। इस मुद्दे पर सदस्यों ने गहरी नारा. जगी जताई। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि बैठक में तहसील प्रशासन का कोई भी कर्मचारी मौजूद नहीं रहा।सदस्यों ने पीएमजीएसवाई और पीडब्ल्यूडी की सड़कों को दुरुस्त करने, जल निगम और जल संस्थान की आपदा प्रभावित पाइप लाइनों की मरम्मत शीघ्र कराने की मांग रखी। वहीं उद्यान विभाग के किसी भी अधिकारी की अनुपस्थिति पर भी आपत्ति दर्ज की गई।

बैठक में खंड विकास अधिकारी राकेश बिष्ट, अधिशासी अभियंता लोनिवि प्रवीन कंडवाल, अधिशासी अभियंता पीएमजीएसवाई नरेंद्र रावत, आरडब्ल्यूडी देहरादून से आशीष सिंह और आर.ए. अंसारी, रेंजर कानासर के.एस. भंडारी, चिकित्सा प्रभारी डॉ. विक्रम सिंह, स्वास्थ्य विभाग से महावीर सिंह, कृषि विभाग से रणवीर सिंह, शिक्षा विभाग से बीईओ बुशरा और शिवानी कौशल, सीडीपीओ नेहा जायसवाल तथा पशु चिकित्सा विभाग से डॉ. मंजीत सिंह सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# स्मैक के साथ एक व्यक्ति गिरफ्तार, जेल

**सेलाकुई।** थाना सेलाकुई पुलिस ने स्मैक तस्करी के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से 7.5 ग्राम स्मैक बरामद की गई है। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस ऐक्ट में मुकदमा दर्ज कर कोर्ट में पेश किया गया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। आरोपी ने पूछताछ में एक महिला तस्कर का नाम बताया है। जिसकी गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं। सेलाकुई थानाध्यक्ष पीडी भट्ट ने बताया कि बुधवार रात को चेकिंग के दौरान एक व्यक्ति को 7.5 ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान चेतन चौहान पुत्र अनिल कुमार निवासी फिरोपुर रामखेड़ा लक्सर जनपद हरिद्वार के रूप में हुई।

# फरासू में एनएच के ट्रीटमेंट के लिए डीपीआर बनकर तैयार

शाह टाइम्स संवाददाता

**श्रीनगर** में घसिया महादेव टीचर्स कॉलोनी पर एनएच पर पड़ी दरारे श्रीनगर। बीते दिनों से लगातार हो रही बारिश के कारण घसियामहादेव टीचर्स कालोनी के मकानों में आई दरारों के बाद अब ऋषिकेश-बद्रीनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग में भी दरारे पड़ना शुरू हो गई है। जो कि आने वाले समय पर बड़ी भयावायक हो सकता है।

बताते चले कि बीते तीनों से लगातार हो रही बारिश के चलते श्रीनगर के विभिन्न स्थानों पर भूस्खलन और भू-धसाव की स्थिति देखने को मिली है। भूस्खलन और



भूधसाव होने से स्थानीय लोगों में भी भय का महौल बना हुआ है। बीते दिन घसियामहादेव टीचर्स कॉलोनी में आवासीय भवनों में पड़ी गहरी दरारों के चलते प्रशासन ने आठ प्रभावित परिवारों के घरों को खाली करवाया गया। जो कि अब किराए के कमरे में रहने को मजबूर है। वहीं दरारे अब हाईवे पर भी देखने को मिली है। वहीं दूसरी ओर ऋषिकेश-बद्रीनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग फरासू के पास अलकनंदा नदी का जलस्तर बढ़ने से धीरे-धीरे भूकटाव होने शुरू हो गया है। इससे पहले अलनंदा नदी का जलस्तर बढ़ने से 100 मीटर का पैच पूरी तरह से अलकनंदा नदी में समा गया था। एनएच को संकरा होता देख एनएच लोनिवि प्रशासन द्वारा पहाड़ी के ओर से काट कर एनएच को चौड़ा किया गया।

जबकि क्षतिग्रस्त हुए पार्ट के निर्माण कार्य की डीपीआर बनाने का कार्य टीएचडीसी को दिया गया। टीएचडीसी ने संयुक्त रूप से निरीक्षण के बाद टीएचडीसी के अधिकारियों ने डीपीआर बनाकर एनएच लोनिवि को सौंप दी है। उम्मीद जताई जा रही है जल्द ही फरासू के पास हुए भूकटाव ट्रीटमेंट का कार्य शुरू किया जायेगा। उधर, एनएच लोनिवि के अधिशासी अभियंता राजबीर सिंह चौहान ने बताया कि घसिया महादेव टीचर्स कॉलोनी के पास एनएच पर पड़ी दरारों को एनएच के अधिकारियों ने निरीक्षण किया गया है। बताया कि एनएच पर पड़ी दरारों का भूगर्भ वैज्ञानिकों के द्वारा इसका निरीक्षण किया जाना है। जिसके बाद ही रिपोर्ट प्रस्तुत की जा सकेंगी। बताया कि फरासू के पास हुए भू-कटाव की डीपीआर टीएचडीसी के अधिकारियों ने तैयार कर प्रस्तुत कर दी है। बताया कि 50 करोड़ की लागत से फरासू में एनएच के 100 मीटर के पैच का सुरक्षात्मक उपाय किया जायेगा। चौहान ने बताया कि अभी डीपीआर का रिव्यू किया जा रहा है। जल्द ही डीपीआर को केंद्र सरकार को भेज दी जायेगी।

# सरकार और प्रशासन मुश्किल घड़ी में आपदा प्रभावितों के साथ

■ उछोला गांव में समस्याओं के समाधान को लेकर विधायक चौधरी और एसडीएम याक्षी अरोड़ा ने लिया जायजा



शाह टाइम्स संवाददाता

**रुद्रप्रयाग।** जिले के उछोला गांव में आई आपदा के बाद उत्पन्न समस्याओं को लेकर क्षेत्रीय विधायक भरत सिंह चौधरी एवं उप जिलाधिकारी सुश्री याक्षी अरोड़ा ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया और ग्रामीणों की समस्याओं को गंभीरता से सुना।

इस दौरान विधायक भरत सिंह चौधरी ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि सरकार और प्रशासन इस मुश्किल समय में पूरी तरह से उनके साथ खड़े हैं।

उन्होंने कहा कि ग्रामीणों को किसी भी प्रकार की समस्या का सामना नहीं करने दिया जाएगा और हर संभव सहायता उपलब्ध कराई जाएगी।

उप जिलाधिकारी याक्षी अरोड़ा ने बताया कि ग्रामीणों की बुनियादी आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए बिजली आपूर्ति को बहाल कर दिया गया है, जिससे क्षेत्र में रोशनी और संचार व्यवस्था फिर से पटरी पर लौटने लगी है। साथ ही, पेयजल आपूर्ति को लेकर पाइप लाइन की मरम्मत कर दी गई है और कुछ स्थानों पर कार्य प्रगति पर है। उन्होंने बताया कि जल्द ही सभी क्षतिग्रस्त पेयजल लाइनों को पूरी तरह से ठीक कर दिया जाएगा।

उन्होंने आगे बताया कि प्रशासन द्वारा राहत सामग्री के वितरण के साथ-साथ फूड पैकेट्स, जिनमें जूस, पानी, बिस्किट सहित अन्य आवश्यक वस्तुएं शामिल हैं। एकत्र कर प्रभावित परिवारों को वितरित किए गए हैं, ताकि त्वरित सहायता सुनिश्चित की जा सके। इसके अलावा लोक निर्माण विभाग की ओर से सड़क की मरम्मत एवं पुनर्निर्माण का कार्य भी जारी है, जिससे आवागमन में आ रही दिक्कतें जल्द ही दूर होने की उम्मीद है। स्वास्थ्य विभाग की ओर से आवश्यक दवाओं की किट भी वितरित की गई, ताकि आपातकाल. ीन स्थितियों में ग्रामीणों को प्राथमिक चिकित्सा सहायता उपलब्ध हो सके। विद्युत आपूर्ति के साथ-साथ, सौर ऊर्जा आधारित सोलर लाइट और सोलर होम लाइट सिस्टम भी ग्रामीणों को उपलब्ध कराए गए हैं।

इसके अलावा, मोमबत्तियां और टॉर्च भी वितरित की गई हैं, ताकि रात के समय किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

# सेलाकुई में अधिशासी अधिकारी की कुर्सी खाली

शाह टाइम्स संवाददाता

**सेलाकुई।** नगर पंचायत सेलाकुई में दो सप्ताह से अधिक समय से अधिशासी अधिकारी नहीं है। जिससे नगर पंचायत के सभी कार्य ठप पड़े हुए हैं। लोग अपने कार्यों के लिए भटक रहे हैं। खासकर, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र, परिवार रजिस्टर में नाम चढ़वाने आदि के लिए लोग भटक रहे हैं। इसके साथ ही अन्य विकास और कार्यालय संबंधी कार्य भी ठप पड़े हुए हैं।

नगर पंचायत सेलाकुई के अधिशासी अधिकारी एमएल शाह को विगत 18 अगस्त को तबादला हो गया था, लेकिन दो सप्ताह बीतने के बाद भी अभी तक सेलाकुई में अधिशासी अधिकारी की कुर्सी खाली पड़ी है।

अभी तक भी नगर पंचायत में कोई भी ईओ नहीं भेजा गया है। नगर पंचायत ईओ विहिन होने के कारण नगर पंचायत में सभी काम ठप पड़े हुए हैं। लोग अपने कामों के लिए इधर से उधर भटक रहे हैं। विकास से संबंधित कार्य ठप पड़े हुए हैं। बरसात के मौसम में लोगों को हो रही दिक्कतों को सुनने वाला कोई नहीं है। जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्रों के लोग भटक रहे हैं। परिवार रजिस्टर में नाम दर्ज नहीं हो पा रहे हैं। कर्मचारियों, सफाई कर्मचारियों का वेतन जारी नहीं हो पा रहा है। बिजली का बिल, सफाई कंपनी के बिल आदि अटके पड़े हुए हैं। साथ ही कार्यालय से संबंधित अन्य सभी कार्य ठप पड़े हुए हैं। स्थानीय लोगों ने तत्काल नगर पंचायत में ईओ की नियुक्ति की मांग की है। जिससे कि लोगों को के कार्य हो सके। अध्यक्ष नगर पंचायत सेलाकुई सुमित चौधरी ने कहा कि अधिशासी अधिकारी न होने के कारण नगर पंचायत के कागजी काम नहीं हो पा रहे हैं। जीरो वेस्ट ठेकेदार का बिल, सफाई कर्मचारियों की वेतन, बिजली का बिल, कार्यालय का बिल, किराया आदि नहीं बन पा रहे हैं।

## 13 महिलाओं को तीलू रौतेली, 33 आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों को मिले उत्कृष्टता पुरस्कार

# महिला सशक्तिकरण के लिए समर्पण से कार्य करती रहेगी सरकार: सीएम

मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स

**देहरादून।** राज्य स्त्री शक्ति पुरुस्कारों के तहत तीलू रौतेली एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ता पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाली 13 महिलाओं को तीलू रौतेली पुरस्कार और 33 आंगनवाड़ी कार्यकर्तात्रियों को उनके उत्कृष्ट सेवा कार्य के लिए सम्मानित किया। गुरुवार को सर्वेचौक के पास ऑडिटोरियम में समारोह आयोजित किया गया।



समारोह में विधायक खजान दास, सचिव चंद्रेश कुमार, निदेशक बंशीलाल राणा सहित बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल हुईं।

इस मौके पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने वीरांगना तीलू रौतेली को नमन करते हुए कहा कि, तीलू रौतेली ने महज 15 वर्ष की उम्र में अपने रण कौशल से विरोधियों को परास्त किया। जिस उम्र में बच्चे खेलना, कूदना और पढ़ना सीखतें हैं, उसी उम्र में तीलू रौतेली ने अदम्य साहस और वीरता का परिचय दिया। इसलिए वीरांगना तीलू रौतेली को उत्तराखंड की झांसी की रानी कहना अतिशयोक्ति नहीं होगी। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी "नारी तू नारायणी" के मंत्र के साथ मातृशक्ति के कल्याण एवं सशक्तिकरण के लिए कार्य कर रहे है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार "मुख्यमंत्री लघु उद्योग प्रोत्साहन योजना" और "उद्यमिता विकास कार्यक्रम" जैसी योजनाओं के माध्यम से भी मातृशक्ति को सशक्त बनाने का प्रयास कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा राज्य की महिलाओं के पास क्षमता और योग्यता की कमी नहीं है।

**लोजपा ( रामविलास ) ने उत्तराखंड में किया कार्यकारिणी का विस्तार**

**देहरादून ।** लोक जनशक्ति पार्टी ( रामविलास ) की ओर से देहरादून प्रेस क्लब में आयोजित प्रेस वार्ता को प्रदेश अध्यक्ष केदारनाथ पंडित ने संबोधित करते हुए कहा कि पार्टी उत्तराखंड में राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान के मार्गदर्शन में वर्ष 2027 के चुनाव की तैयारियों में जुटी है। सभी कार्यकर्ताओं को जमीनी स्तर पर सक्रिय किया जा रहा हैं एवं संगठन मजबूती से उत्तराखंड के सभी जिलों में अपना विस्तार कर रही हैं।

**यूजेवीएन लिमिटेड**
(उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम)
मुख्यालय "उज्ज्वल" महारानी बाग, जी० एम० एस० रोड, देहरादून–248006
फोन: 0135–2763508, 2763808, फैक्स– 0135–2763507
सी०आई०एन० सं०: U40101UR2001SGC025866, वेबसाइट: www.ujvnl.com

पत्र सं०: 669 | दिनांक: 04/09/2025

**निविदा सूचना**

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता(अनु0), चीला, जल विद्युत गृह, चीला वाया हरिद्वार, पौड़ी गढ़वाल, उत्तराखण्ड द्वारा निम्नलिखित आपूर्ति/कार्य हेतु अनुभवी ठेकेदारो से मोहर बन्द निविदायें आमंत्रित की जाती है:–

1– टी0–05/अ0अ0अनु0/2025–26: चीला विद्युत गृह में स्टैनलैस स्टील वाटर टैंक की आपूर्ति, स्थापना एवं लगाने का कार्य।
2– कार्य/आपूर्ति की अनुमानित लागत– रू0 9,33,000.00 (कर अतिरिक्त)
3– निविदा की उपलब्धता की तिथि – 06–09–2025 (17:00 बजे)
4– निविदा जमा की तिथि – 27–09–2025 को 11:00 बजे

निविदा से सम्बन्धित विस्तृत जानकारी वेब साईट www.ujvnl.com पर देखी जा सकती है।

अधिशासी अभियन्ता(अनु0), चीला,जल विद्युत गृह

"बिजली के दुरूपयोग से बचें"

## समाज के लिए प्रेरणा स्रोत बन रही महिलाएं : रेखा

**देहरादून।** महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास मंत्री रेखा आर्या ने कहा कि 1661 के दौर में तीलू रौतेली ने एक सशक्त महिला और वीरांगना के रूप में जैसी उपलब्धियां हासिल की, वह आज आश्चर्यजनक लगती हैं। रेखा आर्या ने कहा कि प्रदेश सरकार लगातार महिला सशक्तिकरण की दिशा में काम कर रही है और तीलू रौतेली पुरस्कार की धनराशि को 11 हजार से तीन बार बढ़ाते हुए अब 51 हजार रुपए कर दिया गया है। कहा कि इसी तरह प्रदेश की पुष्कर धामी सरकार ने आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों का मानदेय भी बढ़ाया है। कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने कहा कि मुख्यमंत्री उदीयमान खिलाड़ी उन्नयन योजना और खिलाड़ी प्रोत्साहन योजना में भी यह सुनिश्चित किया गया है कि बालिका खिलाड़ियों को भी बराबर संख्या में सहायता राशि मिले।

## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0, दुगड्डा

पत्रांक 2969 / 18ए0सी0 | दिनांक 30/8/2025

**निविदा सूचना (e-Tendering)**

माननीय राज्यपाल उत्तराखण्ड की ओर से अधिशासी अभियन्ता निर्माण खण्ड,लो0नि0वि0 दुगड्डा द्वारा निम्नलिखित कार्य ई–टैण्डरिंग द्वारा आइटम रेट के आधार पर निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा से सम्बन्धित सभी सूचना https://www.uktenders.gov.in पर दिनांक 06.09.2025 से उपलब्ध होगी ।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | धरोहर धनराशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य ( रू० में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि (माह में) | निविदा की वैधत (दिन में) | फर्म / टेकेदार की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | राज्य योजना के अन्तर्गत जनपद पौड़ी गढ़वाल के विकास खण्ड दुगड्डा विधानसभा क्षेत्र कोटद्वार में पदमपुर – सिम्मलचौड मोटर मार्ग (लम्बाई – 3.00 कि०मी०) सुखरों घराट देवी मदिंर मोटर मार्ग (लम्बाई– 1.90 किमी0) में एस०डी०बी०सी० द्वारा सुदृढीकरण का कार्य । | 307000.00 | 4000.00+ जी०एस०टी० | 02 | 60 | मार्ग कार्य में श्रेणी सी एवं उच्चतर । |

**नोट:–**

1–निविदादाता को निविदा अपलोड करने की अन्तिम तिथि एवं निर्धारित समय से पूर्व निम्नलिखित अभिलेख अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में मूल में उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा। जिसके प्रस्तुत न करने पर निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा 1
2– निविदा प्रपत्र की लागत कॉलम 4 के अनुसार डिमांड बैंक ड्राफ्ट जो अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड, लोक निर्माण विभाग दुगड्डा के नाम बन्धक हो । निविदा मूल्य व 18% GST हेतु दो बैंक ड्राफ्ट अलग – अलग दिये जायें। निविदा की वैधता हेतु अन्डरटेकिंग जो रू0 100.00 मात्र का नॉन ज्यूडिशियल स्टाम्प पेपर रू0 1.00 के रैवेन्यू स्टाम्प पर हस्ताक्षर सहित वैधता की अवधि इंगित करते हुये प्रमाण पत्र ।
3– निर्धारित धरोहर धनराशि जो कि अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड लो०नि०वि० दुगड्डा के नाम बन्धक हो ।
4– जी०एस०टी० की प्रति ।
5– पंजीकरण की प्रति ।

अधिशासी अभियन्ता
नि0ख0.लो.नि.वि., दुगड्डा

## शिक्षक दिवस पर मुख्यमंत्री ने शिक्षकों को दी शुभकामनाएं

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शिक्षक दिवस के अवसर पर प्रदेश के सभी शिक्षकों को शुभकामनाएं दी है। इस अवसर पर जारी अपने संदेश में मुख्यमंत्री ने पूर्व राष्ट्रपति, शिक्षाविद् एवं दार्शनिक डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन को नमन करते हुए कहा कि शिक्षक सही मायने में राष्ट्र निर्माता हैं। विद्यार्थियों का चरित्र निर्माण कर उन्हें योग्य नागरिक बनाने में शिक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। शिक्षकों की विद्यार्थियों को शिक्षित कर राष्ट्र निर्माण के साथ समाज को नई दिशा में भी बडी भूमिका होती है। शिक्षा के विकास के लिये राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं एवं कार्यक्रमों के क्रियान्वयन में भी शिक्षकों की महत्वपूर्ण सहभागिता रहती है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि वही देश और समाज आगे बढते हैं जहां गुरुजनों का सम्मान होता है। अपने गुरुजनों के प्रति श्रद्धा एवं सम्मान की भारतीय परम्परा को और अधिक मजबूत बनाने के लिए हमें प्रयासरत रहना होगा। मुख्यमंत्री ने विद्यार्थियों को देश का भविष्य बताते हुए उनका आह्वान किया कि वे गुरुजनों के प्रति श्रद्धा और सम्मान की भावना का अनुसरण कर देश व प्रदेश के विकास में सहभागी बनें।

**न्यायालय श्रीमान सिविल जज ( जू0डि0 ) महोदय कोटद्वार गढ़वाल उ0प्र0प0**
**वाद संख्या 01/2025**

सोनम सैनी उम्र 32 वर्ष, पुत्री स्व० खेम सिंह सैनी, निवासी ग्राम व पोस्ट बालासौड़, तहसील–कोटद्वार, जिला पौड़ी गढ़वाल, उत्तराखण्ड
– प्रार्थिनी / वादिनी

**बनाम**

1–आम जनता
2–श्रीमती सीता देवी उम्र 63 वर्ष, पत्नी स्व० खेम सिंह सैनी
3–ऋतु आयु–24 वर्ष, पुत्री स्व० खेम सिंह सैनी
4–अमन आयु–22 वर्ष, पुत्र स्व० खेम सिंह सैनी,
5–विशाल आयु 20 वर्ष पुत्र स्व० खेम सिंह सैनी निवासीगण वार्ड नम्बर–24, बालासौड़, तहसील– कोटद्वार, जिला– पौड़ी गढ़वाल
6–मुस्लिम फण्ड, चर्च रोड़, शाखा कोटद्वार, जिला– पौड़ी गढ़वाल द्वारा शाखा प्रबन्धक
7–नगर निगम कोटद्वार द्वारा पार्षद वार्ड नम्बर–24, (पार्षद नीरूबाला खन्तवाल)–विरूद्ध पक्ष

हरगाह प्रार्थी/वादी सोनम सैनी द्वारा आप प्रतिवादीगण के विरूद्ध एक उत्तराधिकार प्रमाण पत्र धनराशि 3,00,000/– (तीन लाख रूपये) मय ब्याज सहित रूपये की धनराशि मय ब्याज प्राप्त करने हेतु दीवानी वाद मेरे न्यायालय में योजित किया गया है आप प्रतिवादीगण व जिस किसी भी आम व खास को कोई उक्त वाद में आपत्ति व जवाब दाखिल करना हो तो उक्त नियत दिनांक– 25–09–2025 को प्रातः 10:00 बजे मेरे न्यायालय में असालतन या वकालतन उपस्थित होकर जवाबदेही करें अन्यथा आपकी अनुपस्थिति में एक पक्षीय कार्यवाही अमल में लायी जायेगी।

आज दिनांक–02–09–2025 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुद्रा से जारी।

**मुन्सरिम / रीडर**
**सिविल जज कोटद्वार ( गढ़वाल )**

**न्यायालय श्रीमान कुटुम्ब न्यायाधीश महोदय टिहरी गढवाल**
**दी0वा0सं0–83 सन–2025**

**वादनी**– कमला देवी पत्नी महाबीर सिंह निवासी ग्राम कोठियाडा खोला, पो० चमियाला, जिला टिहरी गढवाल हाल निवासी ग्राम व पो० छिदरवाला, तहसील ऋषिकेश जिला देहरादून।

**बनाम**

**प्रतिवादी**– महाबीर सिंह बिष्ट पुत्र दर्शन सिंह निवासी ग्राम कोठियाडा खोला पो० चमियाला जिला टिहरी गढवाल।

वादनी श्रीमती कमला देवी द्वारा आप प्रतिवादी के विरूद्ध इस न्यायालय में एक विवाह विच्छेद वाद अन्तर्गत धारा 25(1)2)(3) उत्तराखण्ड समान नगरिक संहिता 2024 के अन्तर्गत पेश किया है जिसमें सुनवाई हेतु दिनांक 29 माह 09 सन–2025 नियत है। एतद्वद्वारा आप प्रतिवादी को सूचित किया जाता है अगर आपको उक्त वाद में कोई आपत्ति जवाब दावा प्रस्तुत करना है तो आप उपरोक्त दिनांक को समय 10 बजे प्रातः इस न्यायालय में उपस्थित आकर प्रस्तुत करें, और आपके द्वारा ऐसा न किये जाने पर उक्त मामले में आपके विरूद्ध एक पक्षीय कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

आज दिनांक 28 माह 08 सन–2025 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

**आदेशानुसार**
**प्रबंधक/रीडर**
**कुटुम्ब न्यायालय टिहरी गढ़वाल**

**एस्पायर हॉस्पिटैलिटी लिमिटेड**
espire
रजिस्टर्ड कार्यालय: शॉप नंबर # 1, कंट्री इन, मेहरागांव, उत्तराखंड-248179
कॉर्पोरेट कार्यालय: ए-41, मोहन को-ऑपरेटिव इंडस्ट्रियल एस्टेट, नई दिल्ली-44
CIN:L45202UR1991PLC000604,(E):cs@espirehospitality.com
(T):011-71546500, (W): www.espirehospitlaity.com

**34वीं वार्षिक आम बैठक की सूचना, रिमोट ई-वोटिंग सूचना और बुक क्लोजर**

सेबी के विनियमन 47 के अनुसार (सूचीबद्धता दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) विनियम, 2015, नोटिस दिया गया है कि:

1. कंपनी की 34वीं वार्षिक आम बैठक (एजीएम) कंट्री इन नेचर रिसॉर्ट्स, मेहरागांव, भीमताल, उत्तराखंड- 248179 में आयोजित की जाएगी, शुक्रवार 26 सितंबर, 2025 प्रातः 10:00 बजे साधारण/विशेष व्यवसाय करने के लिए, जैसा कि एजीएम के नोटिस में बताया गया है।
2. एजीएम के नोटिस और 2024-25 की वार्षिक रिपोर्ट की इलेक्ट्रॉनिक प्रतियां उन सभी सदस्यों को भेज दी गई हैं जिनकी ईमेल आईडी कंपनी/डिपॉजिटरी प्रतिभागियों के साथ पंजीकृत हैं। यह कंपनी की वेबसाइट www.espirehospitlaity.com और NSDL की वेबसाइट http://www.evoting.nsdl.com पर भी उपलब्ध है। एजीएम की सूचना और 2024-25 की वार्षिक रिपोर्ट की भौतिक प्रतियां अन्य सभी सदस्यों को उनके पंजीकृत पते पर अनुमत मोड में भेज दी गई हैं। एजीएम की नोटिस का प्रेषण 04 सितंबर, 2025 को पूरा हो गया है।
3. 29 अगस्त, 2025 की कट-ऑफ तारीख तक भौतिक रूप में या डीमैट रूप में शेयर रखने वाले सदस्य नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी की इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग प्रणाली के माध्यम से एजीएम के नोटिस में निर्धारित सामान्य और विशेष व्यवसाय पर इलेक्ट्रॉनिक रूप से अपना वोट डाल सकते हैं लिमिटेड (एनएसडीएल) एजीएम (रिमोट ई-वोटिंग) के स्थान के अलावा किसी अन्य स्थान से। **सभी सदस्यों को सूचित किया जाता है कि रिमोट वोटिंग 23 सितंबर, 2025 को सुबह 09:00 बजे से शुरू होगी और 25 सितंबर, 2025 को शाम 17:00 बजे समाप्त होगी, इस अवधि के बाद यह कार्यक्रम वोट डालने के लिए उपलब्ध नहीं होगा, "ई-वोटिंग" तंत्र।**
4. जिन व्यक्तियों ने एजीएम की सूचना भेजने के बाद शेयर हासिल कर लिए हैं और कंपनी के सदस्य बन गए हैं और 19 सितंबर, 2025 की कट ऑफ तारीख तक शेयर धारण कर चुके हैं, वे कंपनी के रजिस्ट्रार से रिमोट ई-वोटिंग के लिए अपना यूजर आईडी और पासवर्ड प्राप्त कर सकते हैं और शेयरट्रांसफर एजेंट (आरटीए) या एनएसडीएल।
5. बैठक के उद्देश्य से कंपनी के सदस्यों का रजिस्टर और ट्रांसफर बुक्स 19 सितंबर, 2025 से 28 सितंबर, 2025 (दोनों दिन शामिल) तक बंद रहेंगे।
6. मतदान से संबंधित किसी भी प्रश्न के मामले में, कृपया सदस्यों के लिए अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न (एफएक्यू) और https://www.evoting.nsdl.com के डाउनलोड अनुभाग पर उपलब्ध ई-वोटिंग उपयोगकर्ता मैनुअल देखें या टोल फ्री नंबर: 1800-222-990 पर संपर्क करें और शिकायत के लिए फोन नंबर +91 22 24994600/24994738 पर या evoting@nsdl.co.in पर ईमेल करें। आप ई-वोटिंग के संबंध में किसी भी शिकायत के लिए श्री सुमीर नारायण माथुर (कंपनी सचिव और अनुपालन अधिकारी), ए-41, मोहन कोऑपरेटिव इंडस्ट्रियल एस्टेट, नई दिल्ली-110044 या cs@espirohospitality.com पर भी संपर्क कर सकते हैं।

एस्पायर हॉस्पिटैलिटी लिमिटेड
एसडी/-
सुमीर नारायण माथुर
(कंपनी सचिव एवं अनुपालन अधिकारी)
मैम्बरशिप नम्बर: एफसीएस9042

दिनांक: 05 सितम्बर, 2025
स्थान: नई दिल्ली

## ।। कार्यालय नगर पालिका परिषद रूद्रप्रयाग ।।

पत्रांक : 807/2025–26 | दिनांक : 1/09/2025

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

नगर पालिका परिषद, रूद्रप्रयाग द्वारा उक्त वर्णित पार्किंग को वित्तीय वर्ष 2025–26 के अवशेष माहों हेतु निविदा के माध्यम से ठेके पर दिए जाने के क्रम में दिनांक 9.09.2025 को अपराह्न 02:00 बजे तक सीलबन्द निविदाएं आमंत्रित की जाती है जो उसी दिन दोपहर 03:00 बजे तक सम्बन्धित निविदादाताओं/अधिकृत प्रतिनिधियों के सम्मुख खोली जाएगी। निविदा प्रपत्र दिनांक 9.09.2025 को सायं 02:00 बजे तक निर्धारित मूल्य देकर नगर पालिका परिषद रूद्रप्रयाग के कार्यालय से प्राप्त किए जा सकते हैं, किसी भी निविदा को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार अध्यक्ष/निविदा समिति नगर पालिका परिषद रूद्रप्रयाग में निहित होगा। निविदा स्वीकृति के पश्चात मूल धनराशि का 3 प्रतिशत स्टाम्प शुल्क के रूप में जमा करना होगा। अन्य जानकारी व शर्तें कार्यालय में किसी भी कार्यदिवस को देखी जा सकती है. इस सूचना को जनपद की वेबसाइट http://@rudraprayag.nic.in पर भी देखा जा सकता है

| क्र0स0 | सम्पति का नाम | वाहन क्षमता | धरोहर/जमानत राशि | निर्धारित धनराशि | आवेदन शुल्क |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | वाहन पार्किंग (वार्ड 03, बेलनी) | 15nos.four vichle parking | 4,000/– चार हजार मात्र | 40,000/– (चालीस हजार रू0 मात्र) | 500+gst |

ह0
अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद
रूद्रप्रयाग

अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद
रूद्रप्रयाग।

## कार्यालय नगर पंचायत भगवानपुर, जिला हरिद्वार

पत्रांक : 511/ सेप्टे0मैने0/2025-26 | दिनांक : 04/09/2025

**सार्वजनिक सूचना**

उपविधि (By Laws) आंशिक संशोधन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत भगवानपुर जिला हरिद्वार द्वारा कार्यालय पत्रांक–60/सेप्टे0मैने0/2025–26 दिनांक 23 अप्रैल, 2025 के माध्यम से फीकल स्लज और सेप्टेज प्रबंधन (FSSM) उपविधि–2025 शाह टाईम्स समाचार पत्र में प्रकाशित की गयी थी, जिसमें त्रुटिवश भाग–2: अनुबंध (Annexures) V. अनुबंध C2- के प्रारूप में Nagar Panchayat Imlikhera, Haridwar, संचालन के नियम और शर्तें के बिन्दु सं0–1 में उपविधि (नगर पंचायत भगवानपुर, हरिद्वार), 2024, VI. अनुबंध D- के प्रारूप बिन्दु सं0–4 में (नगर पालिका परिषद विकासनगर), बिन्दु सं0–7 में (नगर पालिका परिषद विकासनगर) अधिकारी: अंकित हुआ है।

अतः नगर पंचायत भगवानपुर जिला हरिद्वार की फीकल स्लज और सेप्टेज प्रबंधन (FSSM) उपविधि–2025 के भाग–2: अनुबंध (Annexures) V. अनुबंध C2- के प्रारूप में Nagar Panchayat Imlikhera, Haridwar के स्थान पर Nagar Panchayat Bhagwanpur, Haridwar, संचालन के नियम और शर्तें के बिन्दु सं0–1 में उपविधि (नगर पंचायत भगवानपुर, हरिद्वार), 2024 के स्थान पर उपविधि (नगर पंचायत भगवानपुर, हरिद्वार), 2025, VI. अनुबंध D- के प्रारूप बिन्दु सं0–4 में (नगर पालिका परिषद विकासनगर) के स्थान पर नगर पंचायत भगवानपुर, हरिद्वार व बिन्दु सं0–7 में (नगर पालिका परिषद विकासनगर) अधिकारी: के स्थान पर (नगर पंचायत भगवानपुर, हरिद्वार) अधिकारी: पढ़ा/संशोधित समझा जाये।

(सुरेन्द्र कुमार)
सदस्य समिति/अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत भगवानपुर, हरिद्वार।

(गुलबहार)
अध्यक्ष
नगर पंचायत भगवानपुर जिला हरिद्वार

## कार्यालय नगर पालिका परिषद, रूद्रप्रयाग।

पत्रांक : 808/ ट्रें0ग्राम/2025-25 | दिनांक : 04/09/2025

**निविदा सूचना**

नगर पालिका परिषद रुद्रप्रयाग, द्वारा राज्य वित्त/15 वां वित्त आयोग से प्राप्त धनराशि के अन्तर्गत् वार्ड नं 07 में पालिका के ट्रेंचिंग ग्राउण्ड में SWM के अन्तर्गत उत्सर्जित प्रतिदिन 3.2 टन का शतप्रतिशत सामग्रीवार कूड़ा छंटाई, नियमानुसार कूड़े का उचित निस्तारण एवं बिक्री इत्यादि कार्य हेतु वित्तीय वर्ष 2025–26 के लिए निविदा आमंत्रित की जाती है, निविदा प्रपत्र दिनांक 20–09–2025 को प्रातः 11.00 बजे तक सीलबन्द निविदायें आमंत्रित की जाती है। जो उसी दिन दोपहर 3.00 बजे तक सम्बन्धित निविदादाताओं /अधिकृत प्रतिनिधियों के सम्मुख खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र दि0 18–09–2025 को प्रातः 10.00 बजे से अपराह्न 2.00 बजे तक पालिका कार्यालय से निर्धारित शुल्क जमा कर प्राप्त कर सकता है। किसी भी निविदा को स्वीकृत/ अस्वीकृत करने का अधिकार निविदा समिति नगर पालिका परिषद,रूद्रप्रयाग में निहित होगा। निविदा स्वीकृत होने के पश्चात् प्रत्येक निविदा की मूल्य धनराशि का 3 प्रतिशत की धनराशि को स्टाम्प शुल्क के रुप में जमा करना होगा। अन्य जानकारी व शर्तें कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस को देखी की जा सकती है। इस सूचना को जनपद की बेवसाइट http://rudraprayag.nic.in पर नगर पालिका परिषद के अन्तर्गत भी देखा जा सकता है।

| क0सं0 | विवरण | अवधि | जमानत धनराशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | पालिका को दी जाने वाली न्यूनतम राशि प्रत्येक माह |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर पालिका परिषद, रूद्रप्रयाग अन्तर्गत् कूड़ा निस्तारण केन्द्र में ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन के अन्तर्गत्, प्रतिदिन उत्सर्जित 3.2 टन जैविक/अजैविक कूड़े का शतप्रतिशत पृथक्कीकरण, कॉम्पैक्टर मशीन/ट्रॉमल मशीन, कम्पोस्टर मशीन का संचालन, कूड़े को पृथक कर कॉम्पैक्ट मशीन से पैकेट तैयार करना एवं विकय करना आवश्यकतानुसार अपने स्वयं से कार्मिक/मजदूरों /04 मोहल्ला स्वच्छता समिति की तैनाती का कार्य। | अनुबन्धनामा 31.03.2026 तक | 30,000 | 1000.00 + जी0एस0टी0 | 50,000 |

नियम एवं शर्तें :

1– निविदादाता को निविदा बोली के साथ जमानत धनराशि (रू0 30,000) को भी नगद/सी.डी.आर/एफ.डी.आर/एन0एस0सी0 के रूप जमा करना होगा जो कि अनुबन्ध पूर्ण होने पर पूर्ण भुगतान किये जाने के पश्चात अवमुक्त की जायेगी। सी.डी.आर/एफ.डी.आर/एन0एस0सी0 अधिशासी अधिकारी के नाम से बन्धक होनी चाहिए, जिनकी बोली स्वीकृत नही होगी उनकी धनराशि सी.डी.आर/एफ.डी.आर/एन0एस0सी0 वापस कर दी जायेगी।
2– निविदा स्वीकृत होने की दशा मे ठेकेदार को नियमानुसार अनुबन्ध करते समय उपरोक्त निर्देशों के कम में उत्तराखण्ड अधिप्राप्ति नियमावली–2018 के अनुसार 3 प्रतिशत जमानत धनराशि जो कि केवल राष्ट्रीय बचत पत्र/एफ0डी0आर0 के रूप में हो अधोहस्ताक्षरी के पदनाम से उपरोक्तानुसार बन्धक होनी चाहिये।
3– टेण्डर साफ भरना चाहिये और उसमे ओवरराईटिंग नहीं होनी चाहियें।
4– निविदा स्वीकृत के एक सप्ताह के अन्दर प्रत्येक दशा में अनुबन्ध गठित करना होगा, ऐसा न होने पर धरोहर धनराशि जब्त कर ली जायेगी।
5– निविदा से सम्बन्धित समस्त अधिकार, निविदा समिति/कय समिति नगर पालिका परिषद, रूद्रप्रयाग में निहित होगी, किसी भी निविदा के सम्बन्ध में निविदा समिति का निर्णय अन्तिम एवं सर्वमान्य होगा, निविदा समिति के मांगे जाने पर निविदा दाता को मूल प्रमाण पत्र तत्समय ही प्रस्तुत करने होगे।
6– फर्म/संस्था का जी0एस0टी0 रजिस्ट्रेशन तथा पैन रजिस्ट्रेशन अनिवार्य होगा।
7– निविदादाता/फर्म को रू0 100/– के स्टाम्प पेपर पर कही भी ब्लैकलिस्ट ना होने का प्रमाण पत्र अथवा/नोटरी द्वारा जारी शपथ पत्र/प्रमाण पत्र संलग्न किया जाना अनिवार्य होगा।
8– निविदादाता/फर्म को निविदा प्रपत्र के साथ रू0 100/– के नॉन ज्यूडिशियल स्टाम्प पेपर रू0 01 के रसीदी टिकट सहित संलग्न किया जाना अनिवार्य होगा।
9– निविदादाता/ फर्म को किसी भी सरकारी संस्था/एनजीओ के साथ ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन/जैविक अजैविक कूड़ा पृथक्कीकरण /सोर्स सैग्रिगेशन आदि कार्य में वर्ष 2023–24 तथा 2024–25 (02 वर्षो) का अनुभव होना अनिवार्य होगा तथा निविदा में अनुभव प्रमाण पत्र की छायाप्रति संलग्न किया जाना अनिवार्य है।
10– संबंधित के नाम निविदा स्वीकृत होने के उपरान्त फर्म द्वारा ट्रेंचिंग ग्राउण्ड पर एकत्रित अजैविक कूड़े को नियमित छंटनी करनी अनिवार्य होगी, तथा प्रत्येक माह सामग्रीवार एकत्रित किये गये अजैविक कूड़े को कॉम्पैक्ट कर स्वयं के स्तर पर विकय कराना होगा। जैविक कूड़े से खाद तैयार कर स्वयं विकय करना होगा।
11– संबंधित निविदादाता के नाम निविदा स्वीकृत होने की दशा में फर्म/निविदादाता द्वारा ट्रेंचिंग ग्राउण्ड पर उपरोक्त कार्य हेतु अपने स्तर पर कार्मिक/मजूदरों को रखा जाना होगा, जिनको बिल भुगतान भी फर्म द्वारा स्वयं किया जायेगा।
12– संबंधित फर्म द्वारा पालिका को स्वीकृत निविदा के अनुसार निर्धारित धनराशि प्रत्येक माह पालिका खाते में जमा कराना होगा।
13– उक्त स्थल पर किसी भी प्रकार की घटना/अनहोनी घटित होने की सम्पूर्ण जिम्मेदारी संबंधित फर्म की स्वयं की होगी।
14– किसी भी प्रकार से वाद होने के सम्बन्ध में वाद न्यायालय क्षेत्र रूद्रप्रयाग रहेगा।

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद

**शाह टाइम्स**
स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक एस.एन. राना द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 63/9 ई–राजपुर रोड देहरादून से प्रकाशित।
सम्पादक: एस.एन. राना
*कार्यकारी सम्पादक आनन्द बत्रा 'सुमन'
स्थानीय सम्पादक चेतन गुरूंग
देहरादून कार्यालय 63/9 ई–राजपुर रोड देहरादून
☎0135-2743363
R.N.I. No.UTTHIN 2001/05656
मोबाइल–9720007290
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

### गंगनहर पुलिस ने किया सेवानिवृत्त जिला गन्नाधिकारी से लूट का हुआ खुलासा

# दो बदमाश दबोचे, लूटी गई नकदी बरामद

**❖नशे की लत बनी जेल जाने की राह, लूट में इस्तेमाल की गई बुलेट भी बरामद**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** एसएसपी डोबाल की अगुवाई में हरिद्वार पुलिस का अपराध पर वार करते हुए सेवानिवृत्त कर्मचारी से लूट मामले का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। दो बदमाशों को पुलिस ने गिरफ्तार कर उनके कब्जे से लूटी गयी नकदी बरामद की गयी है।

जानकारी के अनुसार घटनाक्रम रुड़की क्षेत्र के कोतवाली गंगनहर का है जहां बुलेट सवार अज्ञात बदमाशों ने दिनांक 03.09.25 को पंजाब नेशनल बैंक रामनगर से अपनी पेंशन 40,000/- लेकर साइकिल से जा रहे बुजुर्ग से गणेश वाटिका डाकघर के सामने धक्का मुक्की कर डरा धमका कर नगदी व बैंक सम्बन्धी दस्तावेज छीन लिए। जिला गन्ना अधिकारी के पद से रिटायर हुए पीड़ित बुजुर्ग ऋषिपाल सिंह निवासी सुभाषनगर रुडकी द्वारा दी गई शिकायत के आधार पर कोतवाली गंगनहर पर अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मु0अ0सं0 430/2025 धारा-309(4), 317(2),3(5) पंजीकृत किया गया। कप्तान प्रमेन्द्र सिंह डोबाल द्वारा जल्द खुलासे के संबंध में दिए गए कड़े दिशा निर्देशों पर कसरत करते हुए गठित पुलिस टीम ने विभिन्न सबूत जुटाए। लुटेरों के ही हुलिये के दो युवक दिखने पर पीड़ित बुजुर्ग द्वारा दी गई सूचना पर पुलिस टीम ने कॉलेज के गेट के पास से दो लडको को हिरासत में लेकर उनके कब्जे से लूट के दौरान इस्तेमाल की गई बुलेट मोटर साइकिल व 40,000/-नगदी बरामद की। नशे की लत को पूरा करने के लिए गुनहगार बने दोनों युवकों को नियमानुसार न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है। 'विवरण आरोपित- यश अग्रवाल पुत्र स्व. अमरीश अग्रवाल निवासी राजेन्द्रनगर कोतवाली गगंनहर हरिद्वार उम्र 23 वर्ष 2. शिवा सैनी पुत्र नरेश सैनी निवासी उपरोक्त, आयु 25 वर्ष है। उनसे बरामद माल-1-लूट में प्रयुक्त मो0सा0 बुलेट 2-लूटी गई नगदी 40,000/- रूपये बरामद की है। पुलिस टीम-प्रभारी निरीक्षक आर0के0 सकलानी, व0उ0नि0 अजय शाह, उ0नि0 नवीन कुमार, उ0नि0 मुनव्वर हुसैन, म0हे0का0 बबीता, हे0का0 बृजकिशोर, कानि0 रणवीर, का0 मनमोहन, का0 राकेश राणा आदि शामिल रहे।



# पुलिस ने अवैध तमंचे के साथ एक युवक दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** पुलिस के द्वारा लोगों पर रोब गालिब करने वाले एक संदिग्ध व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है उसके कब्जे से एक अवैध तमंचा 12 बोर का बरामद हुआ है।

राजीव रौथाण कोतवाली प्रभारी लक्सर ने जानकारी देते हुए बताया एसएसपी हरिद्वार द्वारा थाना क्षेत्र में अपराधों की रोकथाम व अपराधिक गतिविधियों में संलिप्त व्यक्तियों और असामाजिक तत्वों पर अंकुश लगाए जाने के लिए पुलिस को चेकिंग के लिए निर्देश किए थे उच्च अधिकारियों के आदेश पर 3 सितंबर 2025 को पुलिस टीम द्वारा चेकिंग के दौरान खेड़ी खुर्द निवासी एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया उसकी तलाशी लेने पर उसके कब्जे से एक 12 बोर का तमंचा बरामद हुआ। पूछताछ करने पर उस व्यक्ति ने अपना नाम शुभम पुत्र सुरेंद्र निवासी ग्राम खेड़ी खुर्द थाना कोतवाली लक्सर जनपद हरिद्वार बताया उसको पकड़ने वाली पुलिस टीम में उप निरीक्षक दीपक चौधरी हेड कांस्टेबल मनोज मिनान होमगार्ड विजेंद्र कुमार शामिल रहे पकड़े गए व्यक्ति के खिलाफ संबंधित मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पकड़े गए व्यक्ति को संबंधित न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

# कांस्टेबल अरविंद बर्थवाल का निधन पुलिस महकमे में शोक की लहर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** सिविल लाइंस कोतवाली में तैनात कांस्टेबल अरविंद बर्थवाल का आज एम्स ऋषिकेश में उपचार के दौरान निधन हो गया। दो दिन पूर्व अचानक तबीयत बिगड़ने पर उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां आज सुबह उन्होंने अंतिम सांस ली। उनके असमय निधन की खबर से संपूर्ण पुलिस परिवार शोकाकुल है।




कांस्टेबल अरविंद बर्थवाल लंबे समय से जनपद में विभिन्न थानों में अपनी सेवाएं दे रहे थे। वे अपने कर्तव्यनिष्ठ, सजग और व्यवहारिक स्वभाव के लिए पुलिस विभाग और आमजन के बीच अलग पहचान रखते थे। हाल ही में उनका स्थानांतरण मंगलौर कोतवाली से सिविल लाइंस कोतवाली में हुआ था। मंगलौर सीओ विवेक कुमार ने कहा कि "अरविंद बर्थवाल एक समर्पित और अनुशासित पुलिसकर्मी थे। उनके निधन से विभाग को अपूरणीय क्षति हुई है। इस कठिन समय में हम उनके परिजनों के साथ खड़े हैं। अरविंद बर्थवाल का अंतिम संस्कार उनके पैतृक गांव, जनपद टिहरी गढ़वाल में किया जाएगा। उनके निधन पर एसएसपी हरिद्वार प्रमेंद्र डोभाल, एसपी देहात शेखर चंद्र सुयाल, सीओ रुड़की नरेंद्र पंत, सिविल लाइंस कोतवाली प्रभारी मणिभूषण श्रीवास्तव सहित पुलिस विभाग के कई अधिकारियों ने गहरा शोक व्यक्त किया है और दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की है।

# अंजुमन गुलामाने ने जश्न-ए-खैरुल वरा पर बांटे फल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** अंजुमन गुलामाने मुस्तफा सोसाइटी (रुड़की चौप्टर) द्वारा ईद मिलादुन्नबी के पावन अवसर पर आयोजित किए जा रहे 'जश्न-ए-खय्रुल वरा' के दूसरे दिन आज शहर के प्रमुख अस्पतालों में फल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह नेक कार्य मरीजों और उनके तीमारदारों को ताजगी और राहत प्रदान करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया था। आज के इस फल वितरण कार्यक्रम का प्रारंभ सबसे पहले रुड़की के सिविल अस्पताल में भर्ती सभी मरीजों को ताजे फल वितरित करके किया गया। इसके बाद, आजाद नगर चौक पर स्थित अन्य चार अस्पतालों में भी अंजुमन के सदस्यों द्वारा फल वितरण का कार्य सफलता पूर्वक संपन्न किया गया। इस पहल का उद्देश्य मरीजों को शारीरिक और मानसिक रूप से राहत देना था, ताकि वे अपने उपचार के दौरान बेहतर महसूस कर सकें। कार्यक्रम संयोजक अमजद उस्मानी ने बताया, "हमारा उद्देश्य केवल धार्मिक जश्न मनाना नहीं है, बल्कि इसके माध्यम से समाज के कमजोर वर्गों की मदद करना है। मरीजों को फल वितरित करके हम उन्हें शारीरिक और मानसिक रूप से भी ताकत देने का प्रयास कर रहे हैं। फल वितरण कार्यक्रम में प्रमुख समाजसेवी शहजाद अहमद, गुड्डू साबरी, जुल्फिकार अहमद, आदिल गौड़, नसीम मलिक, शाहिद नूर, रिजवान अली, मुहम्मद फरमान, विक्रांत कश्यप, रामपाल सिंह, देवेन्द्र वर्मा, रफी सलमानी, गौरव बंसल,सुहैल खान, मेहरबान अली और आरिफ नियाजी आदि उपस्थित रहे। इनकी उपस्थिति ने कार्यक्रम को और भी गरिमा और महत्त्व प्रदान किया और इस नेक कार्य को और भी प्रभावशाली बना दिया। अंजुमन के जनरल सेक्रेटरी कुंवर शाहिद ने इस अवसर पर कहा, "ईद मिलादुन्नबी का यह आयोजन केवल धार्मिक नहीं है, बल्कि समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने का एक अवसर है। फल वितरण के जरिए हम अपने शहरवासियों को यह संदेश देना चाहते हैं कि हमारे दिलों में इंसानियत और एकता की भावना होनी चाहिए। इस तरह के आयोजन समाज को एक नई दिशा प्रदान करते हैं। **स्वास्थ्य विभाग का सहयोग:** कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग और अस्पतालों का भी अहम योगदान रहा, जिन्होंने इस फल वितरण कार्यक्रम के संचालन में अपनी सहायता प्रदान की। अस्पतालों में मरीजों और उनके तीमारदारों तक फल पहुँचाने के लिए विशेष इंतजाम किए गए थे, ताकि यह कार्य बिना किसी रुकावट के संपन्न हो सके। कोषाध्यक्ष अमजद मालिक ने बताया की फल वितरण कार्यक्रम की खास बात यह रही कि यह केवल एक साधारण वितरण नहीं था, बल्कि इसमें मानवता और सेवा का संदेश छिपा था। अंजुमन के वालंटियर्स ने सीरत-ए-नबी ﷺ के अनुसार दूसरों के लिए खुदा की राह में सेवा को सर्वोच्च माना और इसे अपने कर्तव्यों के रूप में निभाया। इस पहल के माध्यम से समाज में अमन, भाईचारे और एकता को बढ़ावा देने की कोशिश की जा रही है।



# बाढ़ से ग्रामीणों का छलका दर्द कहीं और बसाने की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** क्षेत्र के जोग्गा वाला गांव में किसानों एवं ग्रामीणों का बाढ़ के कारण दर्द छलक रहा है वह सरकार से कहीं और बसाने की मांग कर रहे हैं। जोग्गा वाला निवासी इंतजार पठान ने कहा कि हमारे गांव में 2010 से लगातार बाढ़ आ रही है जिससे फसल भी नहीं हो रही है और गांव में भी हर वक्त बाढ़ के कारण पानी रहता है जिससे हमारा रोजगार भी ठप हो गया है। हम अपने बच्चों को पढ़ने में भी नाकाम हो रहे हैं। उन्होंने कहा अगर यही हाल बाढ़ का रहा तो एक दिन जोग्गा वाला गांव केवल नक्शे में ही दिखाई देगा मौके पर कुछ नहीं दिखाई देगा। सुभाष चौधरी ने कहा कि 2010 से हम अपने खेतों से फसल भी नहीं काट पा रहे हैं क्योंकि बरसात के बाद हम अपनी जमीन को तैयार करके फसल तैयार करने की कोशिश करते हैं फिर बरसात आती है और सारी फसल नष्ट हो जाती है इसके लिए सरकार को हमारी तरफ ध्यान देना चाहिए और हमें जायज मौजा दिया जाए जिससे हम अपने बच्चों को पाल व पढ़ा सके साबर अली ने कहा कि हमारे गांव में सरकार की ओर से अभी तक कोई भी सहायता नहीं मिल रही है। उन्होंने कहा अगर सरकार हमें यहां से उठाकर केवल हमें घर की जमीन कहीं और दे दे तो वहां पर रहकर हम मजदूरी कर लेंगे और अपने बच्चों को रोजी-रोटी एवं पढ़ाने का काम करेंगे। उन्होंने कहा आज भी हमारे गांव में कच्चे घर बने हुए हैं और पन्नी घर ऊपर डाल रखी है जिसमें अपने पशु बांध रखे हैं।

# कांग्रेस पर्यवेक्षक राजेश तिवारी ने जिलाध्यक्ष पर कार्यकर्ताओं से किया राय-मशवरा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भगवानपुर।** कांग्रेस के संगठन सृजन अभियान को लेकर राष्ट्रीय महासचिव कांग्रेस एवं हरिद्वार ग्रामीण के पर्यवेक्षक राजेश तिवारी ने भगवानपुर का दौरा किया। भगवानपुर पहुँचे राजेश तिवारी का भगवानपुर विधायक ममता राकेश व कोंग्रेसी कार्यकर्ताओं ने फूल माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया। पर्यवेक्षक ने कार्यक्रम में पहुँचे कार्यकर्ताओं को संबोधित किया कार्यक्रम को लेकर कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह देखने को मिला ।इस दौरान बड़ी संख्या में कोंग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे विधायक ममता राकेश ने कहा कि संगठन सृजन अभियान पार्टी के राष्ट्रीय नेता राहुल गांधी और राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के दिशा-निर्देश पर आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस बार जिला अध्यक्ष के चयन की प्रक्रिया में बदलाव किया गया है। पहले इसका निर्णय सीधे हाईकमान और प्रदेश स्तर पर लिया जाता था, लेकिन अब ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी की ओर से पर्यवेक्षक नियुक्त किए गए हैं। इसी क्रम में राजेश तिवारी को रुड़की ग्रामीण क्षेत्र का पर्यवेक्षक बनाया गया है। उनके साथ सहयोगी के रूप में मदन लाल (अध्यक्ष, एससी प्रकोष्ठ उत्तराखंड अनुसूचित जाति), वीरेंद्र प्रताप और मनोज नौटियाल कार्यकर्ताओं से रायशुमारी कर रहे हैं। प्रक्रिया के अनुसार, जिला अध्यक्ष पद के लिए इच्छुक उम्मीदवारों के नाम कार्यकर्ताओं से बातचीत कर जुटाए जाएंगे और छह नामों का पैनल बनाकर हाईकमान को भेजा जाएगा। इसके बाद राष्ट्रीय स्तर से जिला अध्यक्ष की नियुक्ति होगी। ममता राकेश ने कहा कि संगठन की कमजोरियों को दूर करने और बूत स्तर तक पार्टी को मजबूत करने पर जोर दिया जा रहा है। उन्होंने साफ किया कि जो भी जिला अध्यक्ष बनेगा, उससे अपेक्षा होगी कि वह अपनी कमेटी का विस्तार करे और मतदाताओं से सीधा जुड़े। कांग्रेस कार्यकर्ताओं का मानना है कि इस नए बदलाव से संगठन मजबूत होगा और स्थानीय स्तर पर पार्टी की पकड़ और गहरी बनेगी।



# नपं झबरेड़ा बोर्ड बैठक में एक करोड़ रुपये का बजट पास

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झबरेडा।** नगर पंचायत झबरेड़ा में आयोजित बोर्ड बैठक में कस्बे में क्षतिग्रस्त सड़के तथा नालीयो को बनाने के लिए लगभग एक करोड रुपए का प्रस्ताव पास किया गया। इसके अलावा कस्बे में फल सब्जी ठेली वालों पर लगने वाली तहबाजारी समाप्त कर दी गई। बोर्ड बैठक में जहां एम्बुलेंस व नगर पंचायत बारात घर का किराया कम करते हुए राहत दी गई वहीं वहीं दूसरी ओर कस्बे वासियों पर हाउस टैक्स बढ़ा दिया गया।नगर पंचायत में हुई बोर्ड बैठक में नगर पंचायत अध्यक्ष तथा सभासदो की बोर्ड बैठक में कई प्रस्ताव पास किए गए ।कस्बे में टूटी हुई नाली व कुछ सड़के बनाई जाने के लिए लगभग एक करोड रुपए का प्रस्ताव पास किया गया। नगर पंचायत एंबुलेंस का किराया झबरेड़ा से रुड़की के लिए जो पहले 800 था उसे कम करते हुए ₹600 किया गया। नगर पंचायत कार्यालय के पास ही बना नगर पंचायत बारात घर का किराया भी जो पहले 2500 प्रति दिन था उसे घटाकर ₹2000 किया गया है। कस्बे के बाजार में तथा बस अड्डे पर लगाई जाने वाली फल व सब्जी आदि की ठेली व रेहडी पर लगने वाली तह बाजारी पूरी तरह से समाप्त कर दी गई। कस्बे वासियों पर लगने वाला ग्रह कर 10% बढ़ाया गया है। कस्बे में स्थित दुकानों व मकानो पर लगने वाला ग्रह कर बढ़ाए जाने पर नगर पंचायत अध्यक्ष किरण चौधरी का कहना है कि गृह कर बढ़ाए जाने का प्रस्ताव सभी सभासदों की सहमति से किया गया है। इस संबंध में अभी कस्बे वासियों को नोटिस भेज कर आपत्ति मांगी जाएंगी आ पत्तियो आने पर उनकी सुनवाई होने के बाद ही प्रस्ताव पास कर बढाया गया गृह कर लागू किया जाएगा। इस अवसर पर अधिशासी अधिकारी हर्षवर्धन रावत सभासद जसवीर सिंह सलमान सत्तार अनुज सैनी नीतीश सिंघल शुभम गोयल मोहम्मद मन ओमपाल सिंह राजेंद्र कुमार अभिषेक शर्मा उपस्थित रहे।

# सड़क पर जगह-जगह गड्ढे, चलना हुआ मुहाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झबरेडा।** झबरेड़ा गुरुकुल मार्ग सड़क पर जगह-जगह कई स्थानों पर गड्ढे हो जाने से सड़क पर चलना दूभर हो गया है। कहीं-कहीं पर बड़े गड्ढे होने के कारण छोटे वाहन बाइक आदि चालकों की मुश्किल बढ़ गई है। उक्त सड़क मार्ग पर बने गड्ढे शीघ्र ठीक करने की मांग क्षेत्रीय विधायक से की गई है।

झबरेड़ा से गुरुकुल मार्ग की लंबाई लगभग 16 किलोमीटर है ।इस सड़क मार्ग से प्रतिदिन हजारों की संख्या में छोटे बड़े वाहन आते जाते हैं। यह पूरा ग्रामीण क्षेत्र का इलाका है। इस सड़क मार्ग पर पड़ने वाले ग्राम कोटवाल आलमपुर श्यामपुर साढौली ग्राम माजरा शेरपुर खेलमऊ लखनोता रामनगर आदि कई गांव लगे हुए हैं ।इन गांवों के अलावा गुरुकुल से लखनौता व देवबंद से झबरेड़ा सहारनपुर इकबालपुर आने वाले प्रतिदिन छोटे बड़े हजारों वाहनों का आना जाना होता है। लंबे समय से बरसात होने के कारण इस उक्त सड़क मार्ग की मरम्मत का कार्य भी बंद होने के कारण सड़क पर कई स्थानों पर छोटे व बड़े गड्ढे हो गए हैं। क्षेत्रवासी बालू अहमद विक्रम सिंह राजवीर सिंह भूरा अहमद तेजपाल सिंह प्रदीप त्यागी ईशम सिंह ईश्वर त्यागी अरविंद कुमार आदि का कहना है कि बरसात का मौसम बंद होते ही झबरेड़ा भक्तों वाली इकबालपुर आदि स्थानों पर गन्ना कोलहूओ मैं गन्ना पेराई का कार्य शुरू हो जाने से इस उक्त मार्ग पर गन्ने से भरे वाहनों ट्रैक्टर बोगी तथा ट्रैक्टर ट्राली आदि का आना-जाना शुरू हो जाता है। सड़क मार्ग पर गड्ढे होने के कारण किसानों को भी भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। उक्त किसानों का कहना है कि क्षेत्रीय विधायक वीरेंद्र जाति से मिलकर उन्होंने उक्त सड़क मार्ग पर बने गड्ढे संबंधित विभाग से शीघ्र ही ठीक करने की मांग की गई है। क्षेत्रीय विधायक वीरेंद्र जाति का कहना है कि बारिश समाप्त होते ही उक्त सड़क मार्ग पर जो गड्ढे बने हैं उन्हें संबंधित विभाग से कहकर शीघ्र ही ठीक कर दिए जाएंगे।

**संबंध विच्छेद-सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा पुत्र वसीम व इसकी पत्नी श्रीमति शबाना का आचरण मेरे व मेरे परिवार के प्रति ठीक ना होने के कारण मैंने इनको अपनी तमाम चल व अचल संपत्ति से बेदखल कर सम्बन्ध विच्छेद कर लिए है आज के बाद उक्त के किसी भी अनैतिक कृत्य व लेनदेन की मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नही होगी।

**नूर हसन पुत्र दीन मौहम्मद, नि. ग्राम भगवानपुर चंदनपुर, थाना को0 मंगलौर, जिला हरिद्वार।**

# नहर पटरी पर मिला शव

**पिरान कलियर।** साबिर पाक के सालाना उर्स के दौरान ब्रस्पतिवार को दोनों गंग नहरों के बीच वाली पटरी पर एक अज्ञात व्यक्ति का शव पड़ा मिला। शव देखकर राहगीरों ने तुरंत पुलिस को इसकी सूचना दी।सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची।और शव को कब्जे लिया। इस दौरान लोगों की भीड़ मौके पर इकट्ठा हो गई। पुलिस ने मौके पर मौजूद लोगों से मृतक की पहचान कराने का प्रयास किया, लेकिन उसकी शिनाख्त नहीं हो सकी।

**हेतु सदर्शित करने की सूचना**
**( साधारण प्रारूप )**
**न्यायालय श्रीमान अतिरिक्त उपजिलाधिकारी सदर, मुजफ्फरनगर।**

अपील नं0-1144 सन् 2024

श्रीमति अंजुम पत्नि सलीम खां निवासी मौहल्ला खेड़ा दरवाजा, कस्बा पुरकाजी, परगना पुरछपार, तहसील सदर, जिला मुजफ्फरनगर।

....... अपीलांट

**बनाम**

1. अलीम पुत्र रफीक खां निवासी मौहल्ला खेडा दरवाजा, कस्बा पुरकाजी, परगना पुरछपार, तहसील सदर, जिला मुजफ्फरनगर हाल निवासी गली नं0 16 रामपुर चुंगी, डाकखाना खास, रूड़की, जिला हरिद्वार (उत्तराखण्ड), 2. मैराज पुत्र स्व0 साबिर, 3. श्रीमति रूखसाना विधवा साबिर समस्त निवासीगण निवासी मौहल्ला खेड़ा दरवाजा, कस्बा पुरकाजी, परगना पुरछपार, तहसील सदर, जिला मुजफ्फरनगर।

........रैस्पोन्डेन्टस

चूकि उपरिनामांकित अपीलान्ट ने इस न्यायालय मे यह आवेदन किया है कि आपके विरूद्ध धारा 5 लिमिटेशन एक्ट के अन्तर्गत अपील दायर किया है। अत: एवं आपको एतद्द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप इस आवेदन के खिलाफ हेतु सदर्शित करने के लिए 2025 के 09 के 16 दिवस को 10:00 बजे पूर्वान्ह मे स्वयं या सम्यक रूपक अनर्दिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उत्तरजात हो और ऐसा न करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एकपक्षीय रूप से सुना जायेगा और आधारित किया जायेगा। मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुद्रा सहित आज 2025 के 09 के 03 दिवस को निकाली गयी।

**आज्ञा से**
**मुन्सरिम/न्यायाधीश**

**हेतु सदर्शित करने की सूचना**
**( साधारण प्रारूप )**
**न्यायालय श्रीमान अतिरिक्त उपजिलाधिकारी सदर, मुजफ्फरनगर।**

अपील नं0-1145 सन् 2024

श्रीमति अंजुम पत्नि सलीम खां निवासी मौहल्ला खेड़ा दरवाजा, कस्बा पुरकाजी, परगना पुरछपार, तहसील सदर, जिला मुजफ्फरनगर।

............. अपीलांट

**बनाम**

1. अलीम पुत्र रफीक खां निवासी मौहल्ला खेडा दरवाजा, कस्बा पुरकाजी, परगना पुरछपार, तहसील सदर, जिला मुजफ्फरनगर हाल निवासी गली नं0 16 रामपुर चुंगी, डाकखाना खास, रूड़की, जिला हरिद्वार (उत्तराखण्ड), 2. मैराज पुत्र स्व0 साबिर 3. श्रीमति रूखसाना विधवा साबिर समस्त निवासीगण निवासी मौहल्ला खेड़ा दरवाजा, कस्बा पुरकाजी, परगना पुरछपार, तहसील सदर, जिला मुजफ्फरनगर।

...........रैस्पोन्डेन्टस

चूकि उपरिनामांकित अपीलान्ट ने इस न्यायालय मे यह आवेदन किया है कि आपके विरूद्ध धारा 5 लिमिटेशन एकट के अन्तर्गत अपील दायर किया है। अत: एवं आपको एतद्द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप इस आवेदन के खिलाफ हेतु सदर्शित करने के लिए 2025 के 09 के 16 दिवस को 10:00 बजे पूर्वान्ह मे स्वयं या सम्यक रूपक अनर्दिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उत्तरजात हो और ऐसा न करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एकपक्षीय रूप से सुना जायेगा और आधारित किया जायेगा। मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुद्रा सहित आज 2025 के 09 के 03 दिवस को निकाली गयी।

**आज्ञा से**
**मुन्सरिम/न्यायाधीश**

### बीएसएम इंटर कॉलेज में भारत स्काउट गाइड के शिविर का आयोजन

# विपरीत परिस्थिति में जीवन जीने की कला सीखेंगे: रजनीश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** आज बीएसएम इंटर कॉलेज रुड़की में भारत स्काउट गाइड के तृतीय सोपान शिविर के तीसरे दिन टेंट पिचिंग और पाक कला के अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में शिक्षण संस्थान के प्रबंध क ममतेश कुमार शर्मा एडवोकेट वरिष्ठ भाजपा नेता और विशिष्ट अतिथि के तौर पर संस्थान के सचिव रजनीश कुमार शर्मा एडवोकेट वरिष्ठ भाजपा नेता ने प्रतिभागी सभी स्काउट और गाइड स्काउट मास्टर और गाइड कैप्टन का अपने संस्थान में स्वागत किया।

स्काउट और गाइड को संबोधित करते हुए कहा की की स्काउट शिविर में सभी स्काउट और गाइड विपरीत परिस्थिति में किस प्रकार जीवन जीना है और किस प्रकार हर परिस्थिति के लिए अपने आप को तैयार करना है वह आप इस शिविर में सीखेंगे। आप सब ने देखा है की किस प्रकार धराली आपदा में स्काउट और गाइड ने जरूरतमंदों को सहायता सामग्री पहुंचाई और उनकी हर संभव मदद की दोनों अतिथियों ने सभी स्काउट गाइड को अपनी शुभकामना दी। कार्यक्रम से पूर्व सभी अतिथियों ने मां सरस्वती और कीर्ति शेष स्वर्गीय श्री मनोहर लाल शर्मा के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की और कार्यक्रम को विधिवत रूप से शुरू करने की आज्ञा दी कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती वंदना से शुरू हुआ जिसमें कन्या पाठशाला इंटर कॉलेज की छात्राओं ने शानदार प्रस्तुति दी। उसके बाद स्वागत गीत और उसके बाद एक नृत्य गीत का आयोजन आर्य कन्या पाठशाला इंटर कॉलेज की छात्राओं द्वारा किया गया कार्यक्रम में स्काउट गाइड ने स्काउट ताली और स्पेशल ताली बजाकर अतिथियों का और कार्यक्रम में प्रतिभा करने वाली गाइड का शानदार स्वागत किया। मुख्य अतिथि और अन्य अतिथियों ने कार्यक्रम में स्काउट और गाइड द्वारा बनाए गए भोजन का आनंद भी लिया और उनके द्वारा बनाए गए टेंट का भी निरीक्षण किया टेंट बीएसएम इंटर कॉलेज के स्काउट द्वारा बनाया गया था जिसमें अलग-अलग गैजेट्स भी बनाए गए थे। मुख्य अतिथि और अन्य अतिथियों ने कार्यक्रम की भूरि भूरि प्रशंसा की और सभी स्काउट मास्टर और गाइड कैप्टन को आगे भी ऐसे कार्यक्रम आयोजन करने के लिए उनका स्वागत किया। मुख्य अतिथि ने स्काउट और गाइड के छात्रों की प्रशंसा की और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर विद्यालय के विद्वान प्रधानाचार्य कैप्टन अजय कौशिक ने स्काउट गाइड को संबोधित करते हुए कहा की स्काउट गाइड के सिद्धांतों को अपना कर एक स्काउट और गाइड अपने समाज अपने विद्यालय और अपने माता-पिता और देश का नाम रोशन करते हैं और विकट परिस्थितियों में किस तरह जीवन को जीना है यह स्काउट और गाइड से बेहतर कोई संस्था नहीं सिखा सकती आप यहां 5 दिन के शिविर में नियम प्रतिज्ञा प्रार्थना गीत सिद्धांत ध्वज शिष्टाचार और अनुशासन को सीखेंगे और किस तरह अनुशासन आपको अपने जीवन में आगे बढ़ाने के लिए प्रेरणा देता है प्रधानाचार्य कैप्टन अजय कौशिक ने सभी अतिथियों का धन्यवाद दिया और कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए स्काउट मास्टर गाइड कैप्टन का धन्यवाद किया और सभी स्काउट और गाइड को अपना शुभ आशीर्वाद प्रदान किया और दूसरे विद्यालयों से आए स्काउट मास्टर और गाइड कैप्टन का अपने विद्यालय में स्वागत किया। शिविर संचालिका श्रीमती शशि लता जैन जी ने मुख्य अतिथि और अन्य अतिथियों का कार्यक्रम में पधारने के लिए बहुत-बहुत धन्यवाद दिया और कहां की आप आगे भी हमें अपना आशीर्वाद इसी प्रकार देते रहेंगे ऐसी हम आशा करते हैं। इस अवसर पर अंजलि सोनिया सिंह वंदना वर्मा बबीता त्यागी रश्मि गुप्ता लता रानी मीनाक्षी रावत मंजू देवी गीता मेहंदी रत्ता अमित शर्मा शाहिद बानो गीता मनपाल छवि रानी नीतू शर्मा रीता मैडम आदि उपस्थित रहे शिविर में तीसरे दिन 207 बच्चों ने प्रतिभाग किया मंच संचालन विशाल कुमार शर्मा ने किया।



मॉं नन्दा देवी महोत्सव की सभी देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

# नव दुर्गा के रूप में पूजी जाती है सरोवर नगरी की नयना देवी मां

■ ज्येष्ठ शुक्ल नवमी को स्थापना दिवस पर शाह वंशज गर्भ गृह में करते हैं पूजा

■ 1880 में विनाशकारी भूस्खलन के कारण धवस्त हो गया था मूल देवी का मंदिर



**अफजल फौजी, नैनीताल।** उत्तराखंड में पुरातनकाल से ही मां नंदा देवी को कुल देवी का दर्जा प्राप्त है। नैनीताल स्थित मां नयना देवी को जहां मां नंदा देवी का प्रतिरूप माना जाता है। कुमाऊं में सबसे पुराने नंदा देवी मंदिर की मान्यता अल्मोड़ा के मंदिर को मिली है। लेकिन नैनीताल की नयना देवी मंदिर को भी भारी ख्याति मिली है। नैनीताल की नयना देवी मां नव दुर्गा के रूप में पूजी जाती है। नैनीताल में वर्तमान मंदिर की स्थापना 1883 में की गई इससे पूर्व यह मंदिर वर्तमान बोट हाउस क्लब के पास था लेकिन 1880 में आये विनाशकारी भूस्खलन के कारण यह मंदिर धवस्त हो गया था। वर्तमान मंदिर की स्थापना 1883 में करने के बाद। मंदिर का स्वरूप विस्तार पाता चला गया। आज इस मंदिर के दर्शनों के लिए देश-विदेश से लोग यहां आते हैं। इस वर्ष मंगलवार को नयना देवी मंदिर का 136 वां स्थापना दिवस मनाया जा रहा है। इस वर्ष श्री नयना देवी मंदिर अमर उदय ट्रस्ट के सहयोग से पांच दिवसीय मां नयना देवी जन्मोत्सव व नवीन मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा समारोह भी बीते दिनों से मनाया जा रहा है।मालूम हो कि प्रत्येक वर्ष मंदिर में ज्येष्ठ शुक्ल नवमी को विशेष पूजा होती है। स्थापना दिवस पर मंदिर के पुर्नसंस्थापक स्व. मोती राम शाह वंशज नयना देवी मंदिर के गर्भगृह में विशेष पूजा करते हैं। मंगलवार को मंदिर का 136 वां स्थापना दिवस मनाया जा रहा है। इसके लिए उदय साह नयना देवी मंदिर ट्रस्ट ने पूरी तैयारी की है। कार्यक्रम के अनुसार मंगलवार को ब्रह्म मुहूर्त में शाह वंशज गर्भगृह में नयना देवी की मूर्ति की विशेष पूजा करेंगे। इसके बाद हवन यज्ञ के अलावा अन्य धार्मिक अनुष्ठान होंगे। मान्यता है कि कुमाऊं को ईस्ट देवी गौरी के साथ नंदा का आगमन हुआ। नंदा चन्द वंशीय राजाओं की कुलदेवी है। कुमाऊं में नंदा के कई मंदिर है। जिनमें नैनीताल का नयना देवी मंदिर भी शामिल है। स्कंद पुराण के मानस खंड में नैनीताल का त्रिऋषि सरोवर के रूप में उल्लेख होना इसकी पौराणिक महत्ता को दर्शाता है। दरअसल स्थापना दिवस के साथ ही नंदा देवी का जन्म भी ज्येष्ठ शुक्ल नवमी को माना जाता है। इस दिन को स्थापना दिवस के रूप में मनाने की परंपरा है। वर्तमान मंदिर की स्थापना 1883 में ज्येष्ठ शुक्ल नवमी को स्व. मोती राम साह ने अंग्रेजों से सवा एकड़ भूमि लेकर की थी। पूर्व में यह मंदिर बोट हाउस क्लब के पास था। 18 सितम्बर 1880 को आल्मा पहाड़ी में हुए भयंकर भूस्खलन के कारण मूल मंदिर ध्वस्त हो या था। लिहाजा इस मंदिर के अवशेषों को लेकर ज्येष्ठ शुक्ल नवमी को स्व. शाह ने वर्तमान मंदिर की स्थापना की। पौराणिक महत्व प्राप्त इस मंदिर में स्थापित नयना देवी की प्रस्तर मूर्ति काले पत्थर की नेपाली शैली में बनी है। मंदिर परिसर में मंदिरों का आकार गौथिक व नेपाली पगौडा शैली में बने है। मंदिर परिसर में स्थित भैरव व नयना देवी मंदिर एक ही शैली में निर्मित है। जबकि नवग्रह मंदिर ग्वालियर शैली में निर्मित किये गये है। अपने सुन्दर स्वरूप में नैनी झील से लगे इस मंदिर के दर्शन ही अलौकिकता का अनुभव कराता है।

## नयना देवी को शैल पुत्री व सती की भी मान्यता

**नैनीताल।** नयना देवी को शैल पुत्री व सती की भी मान्यता है। स्कंद पुराण के मानस खंड में नैनीताल का जिक्र त्रिऋषि सरोवर के नाम से है। शिव पुराण के रूद्र संहिता के सती खंड के मुताबिक जब सती के पिता दक्ष प्रजापति ने कनखल हरिद्वार में महायज्ञ का आयोजन किया तो सती के पति भगवान शिव को इस यज्ञ में नही बुलाया। दरअसल दक्ष प्रजापति शिव-सती के विवाह से नाराज थे। पिता द्वारा शिव को नही बुलाये जाने पर क्रोधित सती महायज्ञ में पहुंच गई। जब महायज्ञ में हवन हो रहा था तो क्रोधित सती हवनकुंड में प्रवेश कर लिया। जिससे सती अर्द्धभस्म हो गई। जब इसका पता शिव को लगा तो वह तांडव करते महायज्ञ स्थल पर पहुंच गये। सती के अर्द्धभस्म काया को लेकर वह कैलास की ओर आ गये। शिव के इस रूप से चिंतित विष्णु भगवान ने सती की काया को कई हिस्सों में विभाजित कर दिया। माना जाता है कि इस स्थान सती की काया का बांया आंख गिर गया। इस स्थान पर नयना अर्थात नैना के आकार की झील बन गई। इसी से प्रेरित नैना या नयना मंदिर स्थापित हुआ।

## गढ़वाल से कुमाऊं में शक्ति के रूप में किया है मां नंदा ने पर्दापण

**नैनीताल।** उत्तराखंड के गढ़वाल में देवी रूप में नंदा को पूजा जाता है। कुमाऊं में यही देवी नंदा-सुनंदा के रूप में पूजी जाती है। इतिहास में इसका रोचक वर्णन है। इतिहासविद् प्रो. अजय रावत के अनुसार जब 17 वीं शताब्दी में चन्द राजा बाजबहादुर के राज्य में रोहिलों व अंग्रेजों की ओर से राज्य हड़पने की कोशिश की जा रही थी तो राजा बाजबहादुर गढ़वाल के परमार वंशीय शासक पृथ्वीपद शाह से सहायता मांगने पहुंचे तब पृथ्वीपद शाह से राजा को यह भी ज्ञात हुआ की मां नंदा की पूजा करने के कारण उन्हें दुश्मनों का कोई भय भी नही है। गढ़वाल के राजा ने बाजबहादुर चन्द को सुझाव दिया कि वह नंदा की प्रतिमा को लेकर कुमाऊं में स्थापित करें। राजा प्रतिमा को लेकर जब गढ़वाल से लेकर बैजनाथ बागेश्वर पहुंचे और कोट नामक स्थान पर उन्होंने रात्रि विश्राम किया। जब सिपाहियों ने देवी प्रतिमा को उठाने की कोशिश की तो प्रतिमा दो भागों में विभाजित हो गई। तब राजा ने दोनों प्रतिमाओं को अल्मोड़ा में स्थापित करवाया और इन्हें नंदा सुनंदा का नाम दिया गया।

## शास्त्रों व पुराणों में भी है नंदा के नाम का उल्लेख

**नैनीताल।** मंदिर पुरोहितों का कहना है कि नंदा देवी का उल्लेख शास्त्रों व पुराणों में भी है। गिरीराज हिमाचल के यहां यह नंदा-सुनंदा के नाम से जानी जाती है, वहीं देवी संसार में सताकक्षी, शाकांबरी, दुर्गा, परारंबा, भीमादेवी व भ्रामरी आदि के नामों से पूजी जाती है। उत्तराखंड में परांबा ही नंदा देवी है। सती का नेत्र गिरने से यही नैना देवी कही गई। नैना के नाम से ही नैनीताल नाम हुआ। ताल का स्वरूप आंखों की तरह है यहां यह नयना देवी कहलाई।


Vasundhara Nursing & Paramedical College
Chandola Homoeopathic Medical College & Hospital
ADMISSIONS OPEN 2025-26
Courses offered
B.Sc. (NURSING), B.O.T.T.
B.M.L.T. ,B.M.R.I.T. , B.P.T.
B.H.M.S.
Add : Kichha Road Rudrapur (U.S. Nagar) Uttarakhand
Contact - 9012795799, 8279844855, 9634545986, 9536114468, 9897107000

मां नंदा देवी महोत्सव
की आप सभी को हार्दिक शुभकामनाएं
PARVATI PREMA JAGATI SARASWATI VIHAR
AFFILIATED TO CBSE, NEW DELHI
UNDER THE AEGIS OF VIDYA BHARATI
GURUKUL
lead the future of learning
JOIN
P.P.J.
Sr. Sec. Fully Residential Boys' School
100% Results
2026-27
ADMISSION OPEN
For Class 6 & 9
Registration Starts – 5th September 2025
Entrance Exam Date - 1 February 2026
SALIENT FEATURES
State-of-the-art Facilities
Innovative and Holistic Learning Experienced Faculty
Excellent Board Results
Digital & Virtual Smart Classes with Advanced Technology
Special Coaching Classes for JEE & NEET
www.ppjsvihar.in
7351006369, 7351005669, 9412179838
Durgapur, P.O. Bisht Estate Via Jeolikote, Veerbhatti, Nainital, Uttarakhand - 263127

ONE OF THE LEADING URBAN CO-OPERATIVE BANK OF UTTARAKHAND WITH 49 BRANCHES.
First URBAN COPERATIVE BANK TO HAVE INTERNET FACILITY IN UTTARAKHAND.
First URBAN CO OPERATIVE BANK TO HAVE INTERNET FACILITY IN UTTARAKHAND.
MONTHLY INTEREST IN SAVING BANK ACCOUNTS.
7% INTEREST ON DEPOSIT FOR 1 YEAR AND 7.50% INTEREST FOR SENIOR CITIZENS.
7.50 % INTEREST ON DEPOSIT OF 25 LAKHS TO 1 CRORE
7.75 % INTEREST ON DEPOSIT OF 1 CRORE AND ABOVE.
INSTANCE PROCESSING AND LOAN FACILITY.
WWW.KURMANCHALBANK.COM
THE KURMANCHAL NAGAR SAHKARI BANK LTD.
NAINITAL
SANJAY SAH SECRETARY
HEAD OFFICE KURMANCHAL BHAWAN
NAINITAL 05946-236574,231525

RAMA MONTESSORI ENGLISH MEDIUM SCHOOL
MALLITAL, NAINITAL
Will be offering you Comprehensive education from NURSERY TO CLASS 8th Join our legacy of Excellence and Holistic development.
Excellent Teacher Student Ratio
Computer classes
Taekwondo Classes
EMPOWERING YOUNG MINDS WITH QUALITY EDUCATION.
COME AND BE A PART OF OUR FAMILY, WHERE LEARNING MEETS EXCELLENCE AT
RAMA MONTESSORI SCHOOL
NAINITAL
25 Years Completed
For more details Visit at our website
www.ramamontessori.com
Contact : 9759911893, 9760408506.
ADMISSION OPEN 2025-2026

ALL SAINTS' COLLEGE
NAINITAL
FOUNDED IN 1869
DIOCESE OF AGRA CHURCH OF NORTH INDIA
From Class I to XII (ICSE Board)
A DAY BOARDING SCHOOL
Admission open - 2025-26
Boys and Girls (Classes prep to 5)
Girls- Prep to 9 and 11
Ph.: 05942-235121
E-mail: principal@allsaintscollege.org
Website: www.allsaintscollege.org

NAMAH NAINITAL
MEMBER OF RADISSON Individuals. RETREATS

Birla Vidya Mandir, Nainital-263002 (Uttarakhand)
(Sarala Birla Group of Schools)
(A Residential Public School for Boys Affiliated to CBSE)
website: www.birlavidyamandir.com Email: principal@birlavidyamandir.com
Among the best 10 boarding schools of the country – Educational World survey, 2019
Member of IPSC, NPSC, ICP, IBSC
- A legacy boarding school campus, that dates back to 1870.
- Excellent board results over the decades backed by a learning environment which is augmented by an experienced faculty, modern teaching pedagogy, personalised care and well-equipped science, robotics and IT labs. An annual winter study camp in Lucknow for board students.
- A judicious mix of co-scholastic activities through a variety of clubs, societies, NGOs and hobby centers.
- Holistic outdoor, indoor and adventure activities with a gamut of facilities.
- Spacious dining hall backed by a modern kitchen serving a wholesome diet of vegetarian delicacies.
- Central heating facility in boarding houses.
- A well equipped 10-bedded infirmary with paramedical staff and a physician.
- Special classes for entry into professional courses and competitive exams including IIT, Medical and NDA by outsourced faculty.

नैनीताल बैंक
NAINITAL BANK
श्री नन्दा देवी महोत्सव
में आपका हार्दिक स्वागत एवं अभिनन्दन।
नैनीताल बैंक अमूल्य रिश्तों का अटूट बंधन
होम लोन @ 7.40%*
कार लोन @ 7.90%*

# सम्पादकीय

शुक्रवार, 5 सितम्बर 2025

## तर्कसंगत जीएसटी

केंद्र सरकार ने जो अब वस्तु एवं सेवा कर जीएसटी में जो सुधार किया है, उसका विपक्षी दल कांग्रेस ने भी स्वागत किया है। नए सुधार में अब चार की जगह केवल दो स्लैब पांच प्रतिशत और 18 प्रतिशत होंगे। इस राहत के चलते आम जरूरत की चीजें साबुन, शैंपू, एसी, कार भी सस्ते होंगे। जीएसटी को लेकर काउंसिल की 56वीं मीटिंग में फैसला लिया गया है। इस मीटिंग की संख्या बताती है कि सरकार ने पहले भी इसमें सुधार करने की कोशिश की। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के अनुसार नए जीएसटी नियमों में राहत से दूध, रोटी, पराठा, छेना समेत कई फूड आइटम जीएसटी फ्री होंगे। इतना ही नहीं 33 जीवन रक्षक दवाएं, दुर्लभ बीमारियों और गंभीर बीमारियों की दवाएं टैक्स फ्री होंगी। लग्जरी आइटम और तंबाकू प्रोडक्ट पर अब 28 की जगह 40 प्रतिशत जीएसटी लगेगा। यह नया स्लैब नवरात्रि के पहले दिन यानि 22 सितम्बर से लागू हो जाएगा। होटलों के कमरों की बुकिंग पर जीएसटी अब 12 से घटाकर 5 प्रतिशत कर दी गई है, लेकिन वह तब है जब कमरे का किराया प्रतिदिन 7.5 हजार रुपये या उससे कम हो। इसमें कोई दोराय नहीं है कि जो नया स्लैब सरकार ने बनाया है, वह काफी सराहनीय है और इसमें आम आदमी का काफी ध्यान रखा गया है। कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे ने भी सरकार की इस पहल को सही बताया। हालांकि उन्होंने कहा कि यह पर्याप्त नहीं है और अभी इसके अनुपालन की जटिलताओं को खत्म कर और जनुपयोगी बनाने की जरूरत है। कांग्रेस जीएसटी को लेकर काफी मुखर रही है और सरकार ने जिस तरह की नीतियां जीएसटी को लेकर बनाई थी उसकी आलोचना करती रही है। 2019 और 2024 के घोषणा पत्रों में भी कांग्रेस ने सरल और तर्कसंगत कर व्यवस्था के साथ जीएसटी 2.0 की मांग की थी। हालांकि कांग्रेस मानती है कि जिस जीएसटी का श्रेय मोदी सरकार ले रही है, उसे कांग्रेस ही 28 फरवरी 2005 में लोकसभा में लेकर आई थी और 2011 में जब तत्कालीन वित्त मंत्री प्रणब मुखर्जी यह विधेयक लेकर आए, तब भाजपा ने उसका विरोध किया था। खड़गे ने कहा कि आज यही भाजपा सरकार रिकॉर्ड जीएसटी संग्रहण का जश्न मनाती है जैसाकि टैक्स वसूलकर उसने बहुत बड़ा काम किया हो। खड़गे ने यह भी बोला कि पिछले पांच सालों में आयकर वसूली में 240 प्रतिशत की वृद्धि हुई और जीएसटी में 177 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई, लेकिन खड़गे ने यह कहकर सरकार की सराहना भी की कि दूर आयद दुरुस्त आयद। आठ वर्ष बाद ही सही जीएसटी पर मोदी सरकार की कुंभकर्णी नींद खुली और उसने जागकर जीएसटी को तर्कसंगत बनाने की बात की। इसमें कोई दोराय नहीं कि कानून कितना भी अच्छा हो, नियम कितने भी अच्छे हों, अगर वह आम लोगों के हित में नहीं हैं, तो उनका कोई लाभ नहीं होता। सरकार भले ही जीएसटी का बचाव समय-समय पर करती रही हो, लेकिन इसको लेकर जो जटिलताएं थीं, विशेषकर छोटे व्यापारियों के लिए इसको लेकर सरकार का विरोध समय-समय पर होता रहा है। जानकार लोग भी जीएसटी की जटिलता को लेकर सरकार को घेरते रहे हैं।

### रोजगार से खुशहाली आती है



व्यापारियों और उद्यमियों से गुंडा टैक्स की वसूली सपा सरकार के संस्कार का हिस्सा था, आज प्रदेश में विकास, निवेश और रोजगार की संभावनाओं को तेजी से आगे बढ़ाया जा रहा है, जब सुरक्षा का माहौल बनता है, तो निवेश आता है, निवेश से नौकरी और रोजगार के द्वार खुलते हैं, रोजगार से खुशहाली आती है और समृद्धि का मार्ग प्रशस्त होता है, डबल इंजन की सरकार सुरक्षा का माहौल देकर समृद्धि का मार्ग सुगम कर रही है, जाति के नाम पर समाज को बांटने वाले, प्रदेश को दंगों की आग में झोंकने वाले लोगों ने नागरिकों के सामने पहचान का संकट खड़ा किया, वोट बैंक की राजनीति में सुरक्षा से खिलवाड़ किया, बेटी-बहन की इज्जत की परवाह नहीं की, मातृशक्ति की गरिमा का ख्याल नहीं किया।

-योगी आदित्यनाथ, मुख्यमंत्री, उप्र

# नबी की शिक्षाओं पर चलकर हो सकती है समाज की तरक्की

अमीर खान





सैकड़ों वर्ष पूर्व शायद किसी ने सोचा भी नहीं होगा कि 12 रबी-उल अव्वल 570 ई. को मक्का मुकर्रमा में कुरैश परिवार की एक साधारण और नेक महिला हजरत आमना के यहां एक ऐसा बालक भी पैदा होगा जो बड़ा होकर आखिरी नबी के रूप में न केवल मुसलमानों बल्कि इन्सानियत और ईमान में विश्वास रखने वाले हर इंसान के दिलों में राज करेगा और जिसके जीवन पर दुनिया में शोध चलता रहेगा। कौन नहीं जानता कि आज भी दुनिया हजरत मुहम्मद (सल्ल.) की सुन्नतों पर शोध रहे हैं और दुनिया अपनी तरक्की के लिए उनकी सुन्नतों को अपना रही है जिसका सबसे बड़ा उदाहरण यह है कि खतना (सुन्नत) द्वारा दुनिया की सबसे बड़ी और खतरनाक बीमारी एड्स से बचा जा सकता है तथा उनकी सुन्नत पर चलकर अन्य बीमारियों से भी बचा जा रहा है। मेरा मानना तो यह है कि सुन्नते रसूल जीने का एक ऐसा ढंग है जो शैतान को भी इंसान बना सकता है मगर अफसोस इस बात की है कि जिस नबी की सुन्नतों पर चलकर लोग जीने का ढंग सीखने मे लगे हैं आज उसी नबी में उम्मती इस्लाम को फिरकों में बांटकर खुद इस्लाम को कमजोर करने में लगे हुए हैं। कोई शिया तो कोई सुन्नी और कोई देवबन्दी तो कोई बरेलवी बनकर अपनी पहचान बनाने में सक्रिय है। आखिर क्या कारण है कि एक इस्लाम, एक कुरआन और एक रसूल को मानने वाले सुन्नी और शिया क्यों हो गए। सुन्नी और शिया दोनों ही वाकयाए करबला के लिए यजीद को दोषी मानते हैं। फिर नबी की पैदाइश व वफात को लेकर मतभेद दोनों में क्यों? एक कुरआन एक नबी को मानने के बावजूद भी हम देवबंदी, बरेलवी, वहाबी आदि क्यों? क्या कभी हमने सोचा है कि सुन्नते रसूल पर हम चल भी रहे हैं या नहीं? क्या हम रसूल को शिक्षाओं को वास्तविक रूप से अपना रहे हैं या फिर हम सिर्फ रसूल की उम्मत में होने का ढिंढोरा ही पीटकर अपना कर्तव्य निभा रहे हैं? जरा सोचिए क्या हम वास्तव में सुन्नते रसूल पर चलकर स्वयं को विश्व का आदर्श नागरिक साबित कर रहे हैं। उत्तर के लिए यदि स्वयं की आत्मा को खोजें तो आवाज यही आएगी कि हम नबी के आदर्शों पर नहीं वरन उनकी उम्मत में होने का दुरुपयोग कर रहे हैं, जबकि हम यह भली भांति जानते भी हैं कि नबी की पैदाइश से पहले दुनिया में अधिकतर लोग जाहलाना जीवन जी रहे थे। चारों तरफ पाप की दुनिया का विस्तार हो रहा था। लोगों को खुदा के बारे में सही जानकारी ही नहीं थी कि खुदा एक है और यह पूरी प्रकृति उसी की नियामत है। इस सब की सच्चाई बताने के लिए खुदा ने नबी को पैगम्बर बनाकर दुनिया में भेजा था। उनको नबुवत मिलते ही दुनिया खुदा को एक मानने लगी। पापों की जिन्दगी से अपना नाता तोड़ने लगी। भाई को भाई से प्यार बढ़ता गया। दुनिया में सच्चाई का आईना साफ होने लगा। मगर इस चौदहवीं सदी यानि कलयुग में फिर सब स्वार्थी हो गए और हमने मुहम्मद स. की सुन्नतों को सिर्फ अपना सुरक्षा कवच समझ लिया, जबकि होना तो यह चाहिए कि नबी की सुन्नतों पर चलने वाला हर इन्सान फिर चौदह सौ साल पुरानी नबी जिन्दगी को अपनाकर देखे तो निश्चित रूप से हमारा दीनी व दुनियावी विकास संभव हो सकेगा। मेरी इस सोच का यह अर्थ कतई नहीं है कि मैं आधुनिकता या वैज्ञानिक तकनीकी का विरोधी हूं बल्कि मेरा आशय यह है कि यदि हम चौदह सौ साल पुरानी नबी की सोच को अपनाएंगे तो निश्चित रूपसे हम वैज्ञानिक सोच को भी स्वीकरेंगे, क्योंकि विज्ञान उस समय भी क्रियाशील था, जिसके कई उदाहरण आज सामने हैं। रही आधुनिकता की बात तो नबी ने ही महिलाओं को अधिकार देकर आधुनिकता की मिसाल कायम की थी। क्योंकि उनसे पहले तो महिलाओं को कोई अधिकार ही नहीं था, लेकिन उन्होंने निकाल (विवाह) में महिला की स्वीकृति पुरुष से पहले दिलाकर उसके अधिकार को बढ़ा दिया। साथ ही उसको पैतृक सम्पत्ति में भी हिस्सेदार होने का अधिकार दिया। यदि मैं अपने इस आलेख में नबी की खूबियों का वर्णन करने लगूं तो शायद मेरा यह जीवन भी छोटा रह जाएगा। इसलिए मैं यही कह सकता हूं कि वर्तमान सन्दर्भ में पैगम्बर-ए-इस्लाम के विचारों की प्रासंगिता पर यदि गंभीरता से विचार किया जाए, तो एक ही जवाब आएगा कि हर समस्या का समाधान सुन्नत-ए। रसूल द्वारा सरलता से किया जा सकता है या यूं कहिए कि वर्तमान युग में जहां एक ओर भाई-भाई की जान का दुश्मन बन रहा है तो वहीं हजरत मुहम्मद (सल्ल.) की शिक्षाओं पर चलकर जन-जन तक मोहब्बत का पैगाम फैलाया जा सकता है।

**मेरी इस सोच का यह अर्थ कतई नहीं है कि मैं आधुनिकता या वैज्ञानिक तकनीकी का विरोधी हूं बल्कि मेरा आशय यह है कि यदि हम चौदह सौ साल पुरानी नबी की सोच को अपनाएंगे तो निश्चित रूपसे हम वैज्ञानिक सोच को भी स्वीकरेंगे, क्योंकि विज्ञान उस समय भी क्रियाशील था, जिसके कई उदाहरण आज सामने हैं। रही आधुनिकता की बात तो नबी ने ही महिलाओं को अधिकार देकर आधुनिकता की मिसाल कायम की थी। क्योंकि उनसे पहले तो महिलाओं को कोई अधिकार ही नहीं था, लेकिन उन्होंने निकाल ( विवाह ) में महिला की स्वीकृति पुरुष से पहले दिलाकर उसके अधिकार को बढ़ा दिया। साथ ही उसको पैतृक सम्पत्ति में भी हिस्सेदार होने का अधिकार दिया। यदि मैं अपने इस आलेख में नबी की खूबियों का वर्णन करने लगूं तो शायद मेरा यह जीवन भी छोटा रह जाएगा।**

(लेखक अधिवक्ता, चिंतक व स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये लेखक के निजी विचार हैं, मो. 9359207069)

# जीवन जीने का सलीका सिखाते हैं शिक्षक

**आज हम हर बच्चे को महंगी उत्कृष्ट आधुनिक शिक्षा के जरिए टॉपर बनाकर बड़ा डॉक्टर, इंजीनियर या प्रशास. निक अधिकारी बनाने का सपना संजोए रहते हैं और भूलते जा रहे हैं कि उसे जीवन की बुलंदियों पर पहुंचाने के साथ-साथ एक अच्छा इंसान बनाना भी बेहद जरूरी है और इसके लिए हर बच्चे को नैतिक, भौतिक, सामा. जिक और आध्यात्मिक शिक्षा दिए जाने की भी आवश्यकता है ताकि बच्चे अपने विवेक से बुद्धिमत्तापूर्ण निर्णय लेने और समाज को सही दिशा देने में सक्षम बनें। डा. राधाकृष्णन का मानना था कि यदि सही तरीके से शिक्षा प्रदान की जाए तो समाज की अनेक बुराईयों का समूल नाश किया जा सकता है।**

योगेश कुमार गोयल



विश्वभर में लगभग सभी महापुरुषों ने शिक्षकों को राष्ट्र निर्माता की संज्ञा दी है। गुरु रूपी इन्हीं शिक्षकों को सम्मान देने के लिए प्रतिवर्ष 5 सितम्बर को शिक्षक दिवस मनाया जाता है। यह एकमात्र ऐसा दिन है, जब छात्र अपने शिक्षकों अर्थात गुरुओं को उपहार देते हैं। पहले जहां गुरुकुल परम्परा हुआ करती थी और उस समय जीवन की व्यावहारिक शिक्षाएं इन्हीं गुरुकुल में गुरु दिया करते थे, आज नए जमाने में गुरुओं का वही अहम कार्य शिक्षक पूरा कर रहे हैं, जो छात्रों के सच्चे मार्गदर्शक बनकर उन्हें स्कूल से लेकर कॉलेज तक वह शिक्षा देते हैं, जो उन्हें जीवन में बुलंदियों तक पहुंचाने में सहायक बनती है।

आज भले ही शिक्षा प्राप्त करने या ज्ञानोपार्जन के लिए अनेक तकनीकी साधन सुलभ हैं किन्तु एक अच्छे शिक्षक की कमी कोई पूरी नहीं कर सकता। जिस प्रकार एक अच्छा शिल्पकार किसी भी पत्थर को तराशकर उसे खूबसूरत रूप दे सकता है और एक कुम्हार गीली मिट्टी को सही आकार प्रदान कर सही आकार के खूबसूरत बर्तन बनाता है, समाज में वही भूमिका एक शिक्षक अदा करता है, इसीलिए शिक्षक को समाज के असली शिल्पकार का भी दर्जा दिया जाता है। इतिहास ऐसे शिक्षकों के उदाहरणों से भरा पड़ा है, जिन्होंने अपनी शिक्षा से अनेक लोगों के जीवन की दिशा ही बदल दी।

भारत के प्रथम उपराष्ट्रपति एवं द्वितीय राष्ट्रपति डा. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्मदिवस के अवसर पर भारत में प्रतिवर्ष 5 सितम्बर को शिक्षकों के प्रति सम्मान प्रकट करने के उद्देश्य से शिक्षक दिवस मनाया जाता है। 13 मई 1962 को राधाकृष्णन देश के राष्ट्रपति बने और उसी वर्ष उनके कुछ छात्र उनका जन्मदिन मनाने के उद्देश्य से उनके पास गए तो उन्होंने उन छात्रों को परामर्श दिया कि उनके जन्मदिन को अध्यापन के प्रति उनके समर्पण के लिए शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जाए और इस प्रकार 5 सितम्बर 1962 से ही देश में यह दिन शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। 5 सितम्बर 1888 को एक निर्धन ब्राह्मण परिवार में जन्मे डा. राधाकृष्णन ने अपने जीवनकाल के 40 वर्ष एक आदर्श शिक्षक के रूप में समर्पित कर दिए। मद्रास प्रेसीडेंसी कॉलेज से शिक्षा ग्रहण करने के बाद उन्होंने मैसूर यूनिवर्सिटी, कलकत्ता यूनिवर्सिटी तथा बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय में अध्यापन किया और लंदन में ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी में भी दर्शन शास्त्र पढ़ाया। 1931 में किंग जॉर्ज पंचम ने उन्हें नाइटहुड की उपाधि प्रदान की किन्तु उन्होंने देश की आजादी के बाद अपने नाम के साथ 'सर' लगाना बंद कर दिया। राधाकृष्णन 1947 से 1949 तक संविधान निर्मात्री सभा के सदस्य रहे और 1954 में उन्हें भारत रत्न से सम्मानित किया गया। 1962 में ब्रिटिश अकादमी का सदस्य बनने पर उन्हें गोल्डन स्पर, इंग्लैंड के ऑर्डर ऑफ मैरिट तथा 1975 में मरणोपरांत अमेरिकी सरकार द्वारा टेम्पलटन पुरस्कार से सम्मानित किया गया। डा. राधाकृष्णन एक महान् दार्शनिक और आदर्श शिक्षक होने के साथ-साथ राजनीति में भी प्रवीण थे। दर्शन शास्त्र जैसे गंभीर विषय को भी डा. राधाकृष्णन अपनी अद्भुत शैली से बेहद सरल और रोचक बना देते थे। जिस विषय का वे अध्यापन करते थे, पहले स्वयं उसका गहन अध्ययन करते थे। डा. राधाकृष्णन अपने व्याख्यानों के साथ-साथ विभिन्न प्रसंगों के माध्यम से छात्रों को उच्च नैतिक मूल्यों को अपने आचरण में समाहित करने के लिए प्रेरित कर उनका बेहतर मार्गदर्शन भी करते थे। उनका कहना था कि हमें अपने शिक्षकों का सम्मान करना चाहिए, क्योंकि शिक्षक के बिना इस दुनिया में हम सभी अधूरे हैं। शिक्षक ही है, जो देश के भविष्य के वास्तविक आकृतिकार हैं और हमें अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाते हैं। राधाकृष्णन का कहना था कि हमें मानवता को उन नैतिक जड़ों तक वापस ले जाना चाहिए, जहां से अनुशासन और स्वतंत्रता दोनों का उद्गम हो। उनका कथन स्पष्ट था कि जब तक शिक्षक शिक्षा के प्रति समर्पित और प्रतिबद्ध नहीं होगा।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# शिक्षकों का प्रयास और रच दिया इतिहास

नदीम सिद्दीकी





बूंद बूंद से घड़ा भरना, ए कहावत हम सब ने अपने बचपन में पढ़ी है और कई बार सुनी भी है, लेकिन इसे वास्तविकता के धरातल पर उतार कर पूरा कर दिखाया है टीचर्स सेल्फ केयर टीम ने। यह टीम अपनी एकता और सहयोग की भावना से आज सिर्फ रु. 15 के सहयोग से एक दुखी परिवार को 50 लाख रुपए से ज्यादा की रकम सिर्फ दस दिन में भेज देती है। हर महीने 20 शिक्षकों के परिवारों को 10 करोड़ रुपए से ज्यादा की मदद इस टीम के प्रयास से की जा रही है। भारत में पहली बार कोई संस्था, इस प्रकार का पुनीत कार्य इतने बड़े स्तर पर कर रही है। आज उत्तर प्रदेश के अलावा हरियाणा, दिल्ली, मध्य प्रदेश, उत्तराखंड में इस संस्था का विस्तार हो चुका है और शीघ्र ही भारत के अन्य राज्यों में यह सेवा और सहयोग का इतिहास रचने जा रही है।

2020 में विश्व भर में कोरोना महामारी के बाद नए नए परिवर्तन और प्रयोग हुए हैं। उन्हीं दिनों एक बेहद सफल प्रयोग प्रयागराज के शिक्षक विवेकानंद ने किया जब उन्होंने अपने चंद साथियों सुधेश पाण्डेय, संजीव रजक, डॉ. फरुख हसन, बबीता वर्मा, अंकिता शुक्ला, विवेक, सुमन, अनिल, अवनीश, अखिलेश, विपुल आदि के साथ मिलकर एक संस्था का निर्माण किया और उसका नाम टीचर्स सेल्फ केयर टीम रखा। संस्था का उद्देश्य था कि कोरोना महामारी के बाद इस संस्था से जुड़े शिक्षक के दिवंगत होने पर उसके परिवार की आर्थिक मदद करना। जब संस्था से मात्र 2000 शिक्षक ही जुड़े थे तब प्रयागराज के एक शिक्षक शकील अहमद का आकस्मिक निधन हुआ और वह भी इस टीम के सदस्य थे। संस्था से जुड़े अन्य सदस्यों ने उनके परिवार को सीधे उनके खाते में मदद भेजी जो की पहली बार में ही साढ़े सात लाख रुपए से ज्यादा की थी। उत्तर प्रदेश के इतिहास में इस प्रकार की यह पहली मदद थी। जिस की तेजी के साथ पूरे प्रदेश में चर्चा हुई और टीम ने शिक्षकों को स्कूल में जा कर संस्था से जोड़ना शुरू कर दिया। वहां से शुरू हुआ यह सिलसिला, आज बड़े एक वट वृक्ष का रूप ले चुका है। जो संस्था केवल 2000 शिक्षकों के साथ शुरू हुई थी, आज पांच साल बाद उत्तर प्रदेश में इसके चार लाख 12 हजार से ज्यादा सदस्य हैं। उत्तर प्रदेश के बेसिक, माध्यमिक और उच्च शिक्षा के शिक्षक, प्रवक्ता, प्रोफेसर इससे जुड़े हैं। यही नहीं शिक्षा विभाग के क्लर्क, चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी अनुद. 'शक, शिक्षामित्र और खंड शिक्षा अधिकारी समेत कई पदों पर कार्यरत कर्मचारी इस संस्था के सदस्य हैं। यह सब हर महीने अपने दिवंगत शिक्षक परिवारों की मदद, सीधे उनके परिवार के खाते में पैसे भेज कर करते हैं। 5 साल के अल्पकाल में ही 396 शिक्षक परिवारों को लगभग 168 करोड़ से ज्यादा की मदद इस संस्था की अपील पर की जा चुकी है। माइक्रो मैनेजमेंट की बेहतरीन मिसाल के साथ बिना किसी स्वार्थ और पारदर्शी तरीके से यह संस्था, अपने सदस्यों के परिवारों की लगातार मदद कर एक नया इतिहास रच रही है। इस संस्था से जुड़ने के बाद केवल एक नियम का पालन करना होता है कि प्रत्येक सदस्य को हर महीने सहयोग करना जरूरी है। टीचर सेल्फ केयर टीम के सदस्य की मृत्यु होने पर प्रदेश कोर टीम उस दिवंगत शिक्षक के सभी सहयोग चेक करके उसको वैधानिक घोषित करती है। साथ ही दिवंगत शिक्षक द्वारा बनाए गए नॉमिनी का अकाउंट नंबर अपनी वेबसाइट, एप और व्हाट्सएप के हर जिला ग्रुप पर जारी करती है। हर महीने की 15 तारीख को सहयोग शुरू होता है और 25 तारीख को खत्म हो जाता है। सभी सदस्य 20 दिवंगत शिक्षकों के परिवारों के अकाउंट नंबर में सीधे मात्र रु. 15 का सहयोग किसी भी एप द्वारा करते हैं और अपनी रसीद टीचर्स सेल्फ केयर टीम की वेबसाइट पर अपलोड कर देते हैं। जिससे हर परिवार को 50 लाख से ज्यादा की धनराशि केवल 10 दिन में ही प्राप्त हो जाती है। इस तरह हर महीने कुल मिलाकर 10 करोड़ से ज्यादा की रकम बेहद पारदर्शी तरीके से सीधे बीस परिवारों के अकाउंट में पहुंच जाती है। उत्तर प्रदेश का कोई जिला ऐसा नहीं बचा है जहां के दिवंगत शिक्षक के परिवार का सहयोग इस संस्था ने अब तक ना किया हो। उत्तर प्रदेश के सभी 75 जिलों में इस संस्था की टीम निस्वार्थ भाव से अपना कार्य करती है जिसके लिए ना तो उसे कोई वेतन मिलता है ना ही कोई पारितोषिक मिल पाता है।

उनका इनाम मदद के बाद उन परिवारों के दुखी चेहरे पर आने वाली मुस्कुराहट है जिनका कमाने वाला इस दुनिया से चला जाता है और घर का खर्च चलना भी मुश्किल हो जाता है। मुजफ्फरनगर जिले से डॉक्टर फरुख हसन, जो इस बड़ी संस्था में प्रदेश संगठन मंत्री का कार्यभार संभाल रहे हैं, उन्होंने बताया कि मुजफ्फरनगर जिले के भी आठ दिवंगत शिक्षक साथियों के परिवारों का लगभग साढ़े तीन करोड़ रुपए का सहयोग टीएससीटी द्वारा किया जा चुका है। अगले महीने दो और दिवंगत शिक्षक के परिवारों की लगभग एक करोड़ से ज्यादा की सहायता की जाएगी। संस्था की खासियत उसकी पारदर्शी व आसान व्यवस्था है। संस्था स्वयं अपने खाते में कुछ नहीं लेती बल्कि शिक्षक के परिवार का अकाउंट नंबर जारी करती है, जिसमें सदस्यों को खुद सीधे पैसा भेजना होता है। इस से व्यवस्था पारदर्शी बनी रहती है। वेबसाइट पर अपने सहयोग को चौक किया जा सकता है। आने वाले समय में शिक्षकों की गंभीर बीमारी में मदद और शिक्षक की कन्या के विवाह में मदद की योजना भी संस्था के द्वारा शुरू की जा रही है।

आज उत्तर प्रदेश का कोई भी विद्यालय ऐसा नहीं बचा है जहां का कोई शिक्षक और कर्मचारी टीचर्स सेल्फ केयर टीम के साथ ना जुड़ा हो। प्रदेश के हर ब्लॉक में इस संस्था की टीम अपने कार्य को निस्वार्थ सेवा के भाव से अंजाम दे रही है। संस्था का सूत्र वाक्य आज का सहयोग, कल का सहारा, है। संस्था के अध्यक्ष विवेकानंद का उद्देश्य है कि भविष्य में सिर्फ रु. 10 की मदद से एक शिक्षक के परिवार की एक करोड़ रुपए से ज्यादा की मदद की जाए। जिसे पूरा करने के लिए उत्तर प्रदेश के चार लाख से ज्यादा शिक्षक और कर्मचारी इस संस्था के से जुड़कर अपना योगदान दे रहे हैं। कहा जाता है कि शिक्षक समाज का निर्माण करता है। यदि इस वाक्य को हकीकत में जानना है तो टीचर्स सेल्फ केयर टीम के कार्य को देखकर इसे बखूबी समझा जा सकता है। टीचर्स सेल्फ केयर टीम ने शिक्षकों के बीच बिना भेदभाव के वर्ग, जाति, धर्म, भाषा, क्षेत्र की भावना से ऊपर उठकर एक ऐसे दयालु और संवेदनशील समाज का निर्माण किया है जो अपने किसी साथी के इस दुनिया से जाने के बाद, उसके परिवार के साथ मजबूती से खड़ा होकर उसे आर्थिक और मानसिक बल प्रदान करता है। यह अपने आप में एक मिसाल है जिसका कहीं कोई और उदाहरण नहीं है। शिक्षकों का यह व्यवस्थित और अनोखा कार्य देश और समाज को नई दिशा प्रदान कर रहा है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# माँ नन्दा देवी महोत्सव की सभी देशवासियों को













